● पूर्व-द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व पाठ में आठ पुस्तकें और एक सौ बीस अध्याय हैं। यह रोगों की एक विस्तृत शृंखला के लिए मानव शरीर, एटियलजि, लक्षण विज्ञान और चिकित्सा विज्ञान पर प्राचीन सिद्धांतों का वर्णन करता है।

● चरक संहिता में आहार, स्वच्छता, रोकथाम, चिकित्सा शिक्षा के महत्व और स्वास्थ्य में सुधार के लिए आवश्यक चिकित्सक, नर्स और रोगी की टीम वर्क पर अनुभाग भी शामिल हैं।

**4.** प्रारंभिक बौद्ध मूर्तिकारों ने बुद्ध को मानव रूप में नहीं दर्शाया। निम्नलिखित में से किन प्रतीकों के माध्यम से प्रारंभिक मूर्तिकारों ने बुद्ध की उपस्थिति को दर्शाया था?

(A) केवल रिक्त आसन और स्तूप

(B) केवल चक्र और वृक्ष

(C) केवल चक्र, वृक्ष और स्तूप

(D) रिक्त आसन, चक्र, वृक्ष और स्तूप

**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**4.** (D) ● गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में वैशाख पूर्णिमा के दिन लुंबिनी (नेपाल) में सिद्धार्थ के रूप में शुद्धोदन (गणतंत्रीय शाक्य वंश के प्रमुख) के घर हुआ था। उन्होंने अपने जन्म के कुछ ही दिनों बाद अपनी माँ (महामाया) को खो दिया और उनकी सौतेली माँ गौतमी ने उनका पालन-पोषण किया।

● बौद्ध प्रतीकवाद बुद्ध के धर्म (शिक्षण) के कुछ पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतीकों का उपयोग है। प्रारंभिक बौद्ध प्रतीक जो आज भी महत्वपूर्ण हैं, उनमें धर्म चक्र, भारतीय कमल, तीन रत्न और बोधि वृक्ष शामिल हैं।

● खाली आसन बुद्ध के ध्यान को इंगित करने के लिए था, और स्तूप महापरिनिर्वाण का प्रतिनिधित्व करने के लिए था। एक और अक्सर इस्तेमाल किया जाने वाला प्रतीक पहिया था। यह सारनाथ में दिए गए बुद्ध के पहले उपदेश के लिए खड़ा था।

● बोधि वृक्ष बौद्ध धर्म में कई प्रतीकों का प्रतिनिधित्व करने आया है। वृक्ष आत्मज्ञान के मार्ग से जुड़ा है। इसमें एक प्रतिबिंबित ग्राफिक छवि भी है जो बौद्ध धर्म के माध्यम से पूर्णता की संभावना के साथ जीवन के मिश्रित अनुभवों को दर्शाती है।

**5.** यात्रियों और उनकी राष्ट्रीयता के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) इब्नबतूता—मोरक्को

(B) दुआर्ते बारबोसा—पुर्तगाली

(C) जीन बैप्टिस्ट टैवर्नियर—डच
(D) निकोलो मनुची—वेनीशियन

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**5.** (C) फ्रांस का निवासी जीन बैप्टिस्ट टैवर्नियर 17वीं शताब्दी के सर्वाधिक ख्याति प्राप्त विदेशी यात्रियों में से एक था। यह फ्रान्स का नागरिक था। वह मुगल बादशाह शाहजहाँ के शासन काल में भारत आया था। वह पेशे से एक जौहरी होने के साथ-साथ एक अनुभवी और साहसिक यात्री भी था। अपनी यात्रा वर्णन मे उसने मुगल सामन्त शठस्ता खाँ आदि का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया। उसके उल्लेखों से मुगलकालीन शासन व्यवस्था की वास्तविक तथा सही जानकारी मिलती है। इसके अलावा उसने मथुरा के 'केशोराय पाटन' तथा काशी के 'केशव मन्दिर' का भी सुन्दर वर्णन किया।

**6.** बेलनाकार पाषाण मुद्राओं का उपयोग किस सभ्यता में किया जाता था?
(A) हड़प्पा (B) मिस्र
(C) रोमन (D) मेसोपोटामिया

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**6.** (D) मेसोपोटामिया की सभ्यता में बेलनाकार पाषाण मुद्राओं का उपयोग होता था। यह सभ्यता अफ्रीका महाद्वीप के उत्तर पश्चिमी भाग में विकसित हुई जोकि सिन्धु घाटी सभ्यता की तरह यह भी कांस्य युगीन सभ्यता थी। सिन्धु घाटी सभ्यता में जहाँ सेलखड़ी की बनी आयताकार मुद्राएँ मिली है। वहीं मेसोपोटामियाई सभ्यता में पाषाण से बनी बेलनाकार मुद्राओं का प्रचलन बहुत था।

**7.** हड़प्पा की दस्तकारी आश्चर्यजनक कोटि के मानकीकरण को प्रदर्शित करती है। केनॉयर के अनुसार, इस तरह की उपलब्धि का संभव कारण क्या था?
(A) कच्चे माल की स्थानीय स्तर पर मान्यता
(B) दस्तकारी के लिए केंद्रीकृत बाजार
(C) दस्तकारों के लिए विशेषीकृत प्रशिक्षण केन्द्र
(D) राजकीय नियंत्रण

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**7.** (D) जोनाथन मार्क केनोयर एक अमेरिकी पुरातत्वविद् हैं। केनोयर के अनूसार हड़प्पा शिल्प में उच्च स्तर के मानकीकरण को प्राप्त करने का संम्भावित कारण राज्य का नियन्त्रण था।
वे सामाजिक-आर्थिक या अनुष्ठान व्यवस्था को बनाए रखने को महत्व देते थे और गैर स्थानीय कच्चे माल और अत्यधिक जटिल प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करते थे।

## सिन्धु घाटी सभ्यता

**1.** निम्नलिखित में से कौन–सा हड़प्पा स्थल सीप की वस्तुएँ बनाने के लिए विशिष्ट केंद्र था?
(A) लोथल (B) बालाकोट
(C) अमरी (D) कोट दीजी

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (B) सभ्यता के दौरान बालाकोट और नागेश्वर, शेल ऑब्जेक्ट बनाने के दो केंद्र थे। दोनों बस्तियाँ तट के पास स्थित हैं। ये विशेष केंद्र थे जहाँ चूड़ी, चम्मच और जड़ना जैसी शैल वस्तुएँ बनाई जाती थीं और अन्य बस्तियों में ले जाया जाता था।
- हड़प्पा सभ्यता के कई स्थलों पर मूर्तियाँ, मुहरें, चीनी मिट्टी की चीजें, सोने के आभूषण, टेराकोटा की मूर्तियाँ और कला के अन्य कार्यों की खोज की गई है। उदाहरण के लिए, मोहनजोदड़ो में दाढ़ी वाले आदमी की मूर्ति, कांस्य से बनी नाचती हुई लड़की और पशुपति महादेव की मुहरें मिली हैं।

**2.** सिंधु घाटी (हड़प्पा) के लिए मेसोपोटामियाई रिकॉर्डों में, निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग किया गया था?
(A) दिलमून (B) मेलुहा
(C) मेगन (D) फैलका

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**2.** (B) सिंधु घाटी सभ्यता प्राचीन भारत की कांस्य युगीन सभ्यता है। इस सभ्यता में मेलुहा शब्द का प्रयोग मेसोपोटामिया से व्यापार करने के मार्ग स्थल के रूप में किया जाता है।

**3.** धन विधेयक के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?
(A) किसी विधेयक को धन विधेयक तभी माना जायेगा जब उसमें अर्थदंडों अथवा शास्तियों के अधिरोपण का उपबन्ध हो
(B) धन विधेयक राज्य सभा में पुरःस्थापित किया जायेगा
(C) राज्य सभा धन विधेयक को नामंजूर कर सकती है
(D) यदि इसके बारे में कोई विवाद खड़ा हो, तो लोकसभा अध्यक्ष ही अंततः निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**3.** (D) धन विधेयक के बारे में उसकी परिभाषा व प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 110 (भाग–5) में वर्णित है। धन विधेयक केवल लोकसभा में तथा केवल राष्ट्रपति की संस्तुति पर ही प्रस्तावित किया जा सकता है। धन विधेयक को राज्यसभा में प्रस्तावित करने का प्रावधान संविधान में नहीं दिया गया है। इसके अलावा किसी विधेयक के बारे में विवाद उठने पर कि वह धन विधेयक है अथवा नहीं, इस सम्बन्ध में लोकसभा के अध्यक्ष का निर्णय ही अन्तिम माना जाएगा।

**4.** हड़प्पा सभ्यता का पक्की मिट्टी का हल कहाँ पाया गया?
(A) मोहनजोदड़ो (B) बनावली
(C) कालीबंगन (D) लोथल

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**4.** (B) हड़प्पा सभ्यता भारत सहित विश्व की प्राचीनतम सभ्यता में से एक है। इस सभ्यता को काँस्ययुगीन सभ्यता भी कहा जाता है। यहाँ कई प्रकार के उपकरण, धातु के बर्तन व अन्य वस्तुएँ खनन के पश्चात् प्राप्त हुई है प्रश्नगत पक्की मिटटी का हल सहित एक धनी सौदागर का आवास स्थल तथा कुछ लघु नारी मूर्तियाँ हरियाणा के फतेहाबाद जिले के बनावली नामक स्थान से उत्खनन वर्ष 1973-74 में प्राप्त हुए हैं।

## वैदिक सभ्यता

**1.** नागर, द्रविड़ और वेसर, प्रारम्भिक मध्यकाल के दौरान मन्दिर वास्तुकला के महत्वपूर्ण शैलीगत रूप थे। निम्नलिखित में से कौन–सा, द्रविड़ शैली का भौगोलिक विस्तार था?
(A) विन्ध्य और कृष्णा नदी के बीच
(B) कृष्णा और कावेरी नदियों के बीच
(C) विन्ध्य और कावेरी नदी के बीच
(D) गोदावरी और कृष्णा नदियों के बीच

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**1.** (B) स्थापत्य कला का प्रारम्भ प्राचीन काल से ही प्रारम्भ हो चुका था। उत्तरी भारत में यह कला नागर शैली के नाम से जानी गई, दक्षिण भारत में यह द्रविड़ शैली के रूप में विकसित हुई जिसका विस्तार कृष्णा व कावेरी नदी के बीच था।

## छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

**1.** इनमें से कौन 'महायान' बौद्धमत के मूल विचारों के निरूपण से सम्बद्ध था?
(A) नागार्जुन (B) कश्यप मातंग
(C) मिनाण्डर (D) कनिष्क

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**1.** (A) बौद्ध धर्म प्राचीन समय का सबसे महान व प्रसिद्ध धर्म था जिसकी स्थापना गौतम बुद्ध द्वारा की गई। इनकी मृत्यु के पश्चात् बौद्ध धर्म दो भागों में बँट गया। पहला हीनयान व दूसरा महायान। नागार्जुन बौद्ध धर्म के महायान शाखा से सम्बन्धित थे। नागार्जुन ने बौद्ध धर्म के 'माध्यमिक सम्प्रदाय' का प्रतिपादन किया था, इसे शून्यवाद भी कहा जाता है। शून्यवाद के अन्तर्गत नागार्जुन ने 'सत्' और 'असत्' दोनों की सत्ता को अस्वीकार करते हुए 'सदसत्' सिद्धान्त को अपनाया है।

**2.** जैन साहित्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जैनों के पवित्र ग्रंथ सिद्धान्त या आगम के रूप में जाने जाते हैं
2. आद्यतन जैन ग्रंथों की भाषा पालि की एक पूर्वी बोली है जिसे अर्धमागधी कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2
(D) न तो 1 और न ही 2

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**2.** (A) जैन धर्म में कुल 24 गुरु हुए जिनमें प्रथम गुरु ऋषभदेव थे तथा 24वें व अन्तिम गुरु महावीर स्वामी थे। इनकी मृत्यु के बाद इनके द्वारा दी गई सभी शिक्षाओं व आदर्शों को पवित्र ग्रन्थ ''आगम'' में संकलित किया गया जो कि प्राकृत भाषा में लिखे गए न कि पालि या अर्द्धमागधी भाषा में।

## मौर्य काल

**1.** निम्नलिखित में से कौन–सा, सम्राट अशोक के धम्म का भाग नहीं था?

(A) राजा का सम्मान करना
(B) अपने धर्म से भिन्न धर्मों के प्रति सहिष्णुता
(C) ब्राह्मणों का सम्मान करना
(D) अपनी प्रजा के कल्याण को बढ़ावा देना

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (A) राजा अशोक के धम्म में राजा का सम्मान करना, किसी देवता की पूजा करना या बलि देना शामिल नहीं था। उनका मानना था कि अपने विषयों को शिक्षित करने की उनकी ज़िम्मेदारी थी, जैसे माता–पिता अपने बच्चों को पढ़ाने का प्रयास करते हैं। बुद्ध की शिक्षाओं का भी उन पर प्रभाव पड़ा।

- लोगों के बीच एक सामाजिक जिम्मेदारी पैदा करने के लिए धम्म एक नैतिक संहिता थी। यह उस समय प्रचलित विभिन्न धर्मों से भिन्न था। धम्म का अंतिम लक्ष्य एक सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाना था जहाँ सभी लोग, उनकी जाति और धर्म के बावजूद, एक-दूसरे के साथ शांति और सद्भाव में रहते थे ताकि साम्राज्य की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।
- अशोक के लिए, धम्म जीवन का एक तरीका था और उच्च स्तर की सामाजिक नैतिकता और नागरिक जिम्मेदारी पर आधारित था। धम्म का उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य तक पहुँचना था जिसके लिए अशोक ने धम्म महामात्र के नाम से जाने वाले अधिकारियों का एक अलग संवर्ग बनाया।

**2.** निम्नलिखित में से किस राजादेश से बौद्ध धर्म के साथ अशोक के सम्बन्ध प्रकट होते हैं?

(A) प्रधान शिलालेख राजादेश 13
(B) शिलालेख राजादेश 6
(C) लघु शिलालेख राजादेश 1
(D) स्तम्भ राजादेश 4

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**2.** (C) लघु शिलालेख राजादेश 1 के द्वारा बौद्ध धर्म के साथ अशोक के सम्बन्ध प्रकट होते हैं।

**3.** अशोक के शिलालेखों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रमुख शिलालेख XIII अशोक के कलिंग अभियान के कारण हुई वेदनाओं से हुए उनके अनुताप को अभिलिखित करता है।
2. प्रमुख शिलालेख X अशोक की लुंबिनी की यात्रा को अभिलिखित करता है।
3. प्रमुख शिलालेख XII अशोक द्वारा संस्थापित एक नए वर्ग के अधिकारियों, धम्म महामात्तों को निर्दिष्ट करता है।
4. प्रमुख शिलालेख XII सभी संप्रदायों के प्रति सहनशीलता दिखाने को कहता है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) केवल 1 और 4
(B) 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) 1, 3 और 4

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**3.** (D) अशोक के शिलालेख XIII में कलिंग अभियान तथा उसके कारण हुई वेदनाओं से हुए उनके अनुताप की चर्चा तथा विवरण उल्लेखित है। आशोक की लुम्बिनी यात्रा का वर्णन रुम्मिनदेई स्तम्भ लेख से मिला है न कि अभिलेख X से। धम्म महामात्तों तथा अशोक द्वारा स्थापित एक नए वर्ग के अधिकारियों तथा धम्म महामात्तों का वर्णन V शिलालेख में वर्णित है। प्रमुख शिलालेख XII सभी सम्प्रदायों के प्रति सहनशीलता प्रदर्शित करता है। अतः कथन 1, 3 और 4 सही हैं।

**4.** राजगृह, वैशाली और पाटलिपुत्र में निम्नलिखित में से कौन सी एक समानता है?

(A) स्थविरवादियों का पालि धर्मसूत्र वहाँ संकलित हुआ था
(B) अशोक के प्रमुख शिलालेख वहाँ पाए गए
(C) ये वे स्थान हैं जहाँ बौद्ध संगीति हुई थी
(D) ये स्थान महासांघिकाओं के बौद्ध धर्मसूत्रों के संकलन से संबंधित हैं

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**4.** (C) राजगृह, वैशाली और पाटलिपुत्र में बौद्ध धर्म की सगीतियाँ सम्पन्न हुई थीं। बुद्ध की मृत्यु के बाद कुल चार संगीतियाँ की गईं जिनमें से 3 का सम्बन्ध राजगृह, वैशाली एवं पाटलिपुत्र से है। प्रथम बौद्ध संगीति 483 ई.पू. महाकस्सप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस समय मगध का शासक अजातशत्रु था।

द्वितीय बौद्ध संगीति 283 ई.पू. में वैशाली के समीप बालुकाराम विहार में सुबुकामी की अध्यक्षता में हुई थी।

तृतीय बौद्ध संगीति 247 ई.पू. में पाटलिपुत्र के आशोकाराम विहार में मौर्य सम्राट अशोक के शासन काल में सम्पन्न हुई।

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा एक संप्रदाय गोसाल मस्करीपुत्र से संबंधित है?

(A) वज्रयान
(B) आजीविक
(C) स्थविरवादी
(D) महासांघिका

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**5.** (B) आजीवक समप्रदाय मस्करीपुत्र गोशाल से सम्बंध रखते हैं। इस सम्प्रदाय की स्थापना मक्खलिपुत्त गोशाल ने की थी। ये शुरूआत में महावीर के शिष्य थे। इनकी शिक्षा का मूल आधार नियतिवाद या भाग्यवाद था।

## गुप्त काल

**1.** निम्नलिखित में कौन-सा नगर, गुप्त शासन–काल में रेशमी वस्त्र का सर्वोत्तम उत्पादक था?

(A) पाटलिपुत्र (B) मुर्शिदाबाद
(C) गाजीपुर (D) वाराणसी

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**1.** (D) गुप्त काल में वाराणसी रेशमी वस्त्रों का महत्व-पूर्ण केन्द्र था। मन्दसौर अभिलेख में 'पट्टवाय श्रेणी' अर्थात् रेशमी सूत बुनने वालों की समिति का वर्णन मिलता है।

## गुप्तोत्तर काल

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन-I :** शासकों के नाम और चित्र धारण करने वाले पहले सिक्के कुषाणों द्वारा जारी किए गए थे।

**कथन-II :** सोने के पहले सिक्के कुषाणों द्वारा जारी किए गए थे।

**कूट :**

(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**1.** (D) भारत यूनानियों जिन्होंने दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में उपमहाद्वीप के उत्तर पश्चिम हिस्से पर नियंत्रण स्थापित किया ने शासकों के नाम और छवियों वाले पहले सिक्के जारी किए। इसलिए कथन I असत्य है। सोने के पहले सिक्के कुषाणों द्वारा जारी किए गए। अतः कथन II सत्य है।

## संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य

**1.** विजयनगर साम्राज्य पर सांघातिक प्रहार किस युद्ध में हुआ?

(A) तालिकोटा में 1565 में
(B) पानीपत में 1661 में
(C) तालिकोटा में 1665 में
(D) रायचूर में 1510 में

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**1.** (A) तालीकोटा (रक्षसी-तंगड़ी) का युद्ध 23 जनवरी, 1565 को विजयनगर साम्राज्य तथा बहमनी राज्यों के बीच ऐतिहासिक एवं महान युद्ध था, जिसमें अहमदनगर, बीजापुर, गोलकुण्डा और बीदर शामिल थे। 23 जनवरी को संयुक्त सेनाओं ने तालीकोटा युद्ध में विजयनगर की सेना को बुरी तरह हरा दिया जिसके परिणामस्वरूप विजयनगर साम्राज्य का पतन हो गया। इस समय विजयनगर के शासक सदाशिवराय थे।

**2.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (राजवंश) | | सूची-II (वास्तुकला) |
|---|---|---|---|
| **a.** | चालुक्य | 1. | सूर्य मंदिर, कोणार्क |
| **b.** | होयसल | 2. | पट्टडकल मंदिर |
| **c.** | पांड्य | 3. | केशव मंदिर, सोमनाथपुर |
| **d.** | पूर्वी गंग | 4. | चिदंबरम मंदिर का पूर्वी गोपुर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**2.** (D) सही सुमेलन a-2, b-3, c-4, d-1 है। भरतीय वास्तुकला विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ प्राचीनकाल से स्थापत्य कला पर विशेष ध्यान दिया गया। प्राचीनकाल के शासकों की इस क्षेत्र में विशेष रुची थी। पट्टडकल मन्दिर समूह का निर्माण चालुक्य शासकों द्वारा बेसर शैली में कराया गया। कर्नाटक के सोमनाथपुर में केशव मन्दिर का निर्माण होयसल शासक नरसिम्हा तृतीय के एक सेनानी द्वारा लगभग 1268 ई. में कराया गया। चिदम्बरम मन्दिर का पूर्वी गोयुर पाण्ड्य काल में बनकर तैयार हुआ। जबकि कोणार्क (ओडिशा) के सूर्य मन्दिर का निर्माण गंग वंश के शासक नरसिंह देव द्वारा करवाया गया था।

## पूर्व मध्य काल

**1.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर चोल शासकों के संरक्षण में शिव मंदिर का निर्माण नहीं किया गया था?

(A) चिदंबरम
(B) तंजावुर
(C) गंगैकोंडा चोलापुरम
(D) नाणेघाट

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (D) नानेघाट महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में पुणे के पास एक इलाका है, जहाँ चोल साम्राज्य का विस्तार नहीं हुआ था और इसलिए उनके शासनकाल के दौरान कोई मंदिर नहीं बनाया गया था।

- चोल शासक न केवल शक्तिशाली विजेता और महान प्रशासक थे, बल्कि महान निर्माता भी थे। उनके शासनकाल के दौरान, दक्षिण भारत में सबसे शानदार मंदिरों और उत्तम कांस्य चिह्नों का निर्माण किया गया था। दक्षिणी भारत के ये मंदिर द्रविड़ प्रकार के मंदिरों के शुद्ध रूप की स्थापत्य अवधारणा में एक उत्कृष्ट रचनात्मक उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें अब महान जीवित चोल मंदिर के रूप में जाना जाता है।
- तंजावुर में चोल मंदिर :
  - बृहदेश्वर मंदिर तमिलनाडु के सबसे बड़े शिव मंदिरों में से एक है।
  - पलाईवन्नाथर मंदिर एक हिंदू मंदिर है जो तमिलनाडु के पापनासम में स्थित भगवान शिव को समर्पित है।
- गंगईकोंडा चोलपुरम में चोल मंदिर :
  - बृहदीश्वर मंदिर तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम में शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है। इसे 1035 ई. में राजेंद्र चोल प्रथम ने पूरा किया था।
- चिदंबरम में चोल मंदिर :
  - नटराज मंदिर चोलों के शासन में फला–फूला। चिदम्बरम चोल वंश की राजधानी थी। चोलों ने 10वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण कराया था।

**2.** निम्नलिखित में से कौन से कुल (गोत्र), अग्निकुल राजपूतों में शामिल हैं?

1. प्रतिहार
2. चालुक्य
3. परमार
4. चाहमान

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) केवल 1 और 3
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) 1, 2, 3 और 4
(D) केवल 2 और 4

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**2.** (C) प्रतिहार, चालुक्य, परमार व चाहमान ये सभी राजपूत अग्निकुल गोत्र से सम्बन्धित हैं।

## विविध

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से ऐतिहासिक जीवनी साहित्य नहीं है/हैं?

1. दीपवंश
2. हर्षचरित
3. विक्रमांकदेव चरित
4. पृथ्वीराज विजय

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**1.** (A) प्रश्न में दिए गए विकल्पों मे से ज्ञात होता है कि दीपवंश किसी भी प्रकार की जीवनी या साहित्य का भाग नहीं है। यह एक प्राचीन ग्रन्थ है, जिसमें श्रीलंका का प्राचीनतम इतिहास वर्णित है। ऐसा कहा जाता है कि इस ग्रन्थ का संकलन आत्मकथा तथा अन्य स्त्रोतों में तीसरी–चौथी शताब्दी में किया गया था। अन्य सभी विकल्प जीवनी या साहित्य के उदाहरण हैं।

# मध्यकालीन भारत का इतिहास

## दिल्ली सल्तनत का उदय

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा यात्रावृत्त मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल के बारे में गहरी जानकारी प्रदान करता है?

(A) इब्नबतूता का 'रेहला'
(B) फ्राँस्वा बर्नियर का 'ट्रेवल्स इन दि मुगल एम्पायर'
(C) निकोलाओ मानूच्ची का 'स्टोरिया डो मोगोर'
(D) टेवर्नियर का 'ट्रेवल्स इन इंडिया'

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**1.** (A) इब्नबतूता एक अरबी यात्री, विद्वान तथा लेखक था। वह 1333 ई. में मुहम्मद–बिन–तुगलक के काल में भारत आया। इसने मुहम्मद–बिन–तुगलक के समय की घटनाओं का वर्णन अपनी रचना 'रेहला' में किया। वह मुसलमान यात्रियों में सबसे महान था।

**2.** भारत में नवरोज त्यौहार कौन मनाते हैं?

(A) हिन्दू (B) मुस्लिम
(C) पारसी (D) क्रिश्चियन

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**2.** (C) नवरोज का त्यौहार पारसियों का प्रमुख त्यौहार है जो कि प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

## बहमनी तथा विजयनगर साम्राज्य

**1.** वर्ष 1800 में विजयनगर (हम्पी) के भग्नावशेषों को निम्नलिखित ब्रिटिश सर्वेयर और इंजीनियर द्वारा जनता की जानकारी के लिए प्रकटित (उद्घाटित) किया गया था :

(A) जेम्स प्रिंसेप (B) कॉलिन मैकेन्ज़ी
(C) जेम्स रेनेल (D) चार्ल्स मेटकॉफ

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**1.** (B) कर्नल कॉलिन मैकेन्ज़ी ने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी में स्कॉटिश सेना के अधिकारी के रूप में उत्तरदायित्व निभाया। कुछ समय पश्चात् ये भारत के प्रथम सर्वेयर जनरल के रूप में नियुक्त किए गए। इन्होंने वर्ष 1800 में विजयनगर (हम्पी) के भग्नावशेषों को जनता की जानकारी के लिए उद्घाटित किया था। इनको 4 जून, 1815 को कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ द बाथ की उपाधि प्रदान की गई। इस उपाधि को जेम्स प्रथम (ब्रिटिश) सम्राट द्वारा स्थापित किया गया था। जेम्स प्रिंसेप के द्वारा सबसे पहले अशोक के अभिलेखों को पढ़ा गया। चार्ल्स मेटकॉफ को 'प्रेस का मुक्तिदाता' के रूप में भी जाना जाता है।

**2.** राजा कृष्णदेवराय के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) वे तेलुगु और संस्कृत के एक बड़े विद्वान थे
(B) विदेशी यात्री पेस और नुनिज उनके दरबार में आये थे
(C) उनके साम्राज्य में प्रचलित महान् न्याय और निष्पक्षता के लिए बारबोसा ने उनकी प्रशंसा की
(D) उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति 'अमुक्तमलयद' की रचना संस्कृत में की

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**2.** (D) 'आमुक्तमलयदा' राजा कृष्णदेव राय द्वारा तेलुगु में रचित प्रसिद्ध महाकाव्य है। राजा कृष्णदेव राय का सम्बन्ध विजयनगर साम्राज्य के तुल्ब वंश से है। वे अपने समय के महान एवं प्रतापी राजा थे।

## मुगल वंश का उदय तथा पतन

**1.** आइन–ए–अकबरी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है?

(A) इसके रचयिता अबुल फज़ल थे।
(B) यह एक बृहत् कृति अकबरनामा का एक भाग है।
(C) इसमें उल्लेख किया गया है कि मुगल साम्राज्य में विविध जनसमुदाय थे और सामासिक संस्कृति थी।
(D) बाद में, शाहजहाँ के आदेश पर सदुल्लाह खान द्वारा इसमें संशोधन किए गए।

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (D) अकबरनामा को शाहजहाँ के आदेश पर सदुल्लाह खान द्वारा संशोधित किया गया था।

- आइन-ए-अकबरी अकबरनामा का तीसरा खंड है जिसमें प्रशासनिक रिपोर्टों के रूप में अकबर के शासनकाल की जानकारी है। आइन-ए-अकबरी पाँच पुस्तकों में विभाजित है। इसे अबुल फजल ने 16वीं शताब्दी में फारसी भाषा में लिखा था।
- अकबरनामा, तीसरे मुगल सम्राट (1556-1605) अकबर के शासनकाल का आधिकारिक इतिहास है, जिसे अकबर ने स्वयं अपने दरबारी इतिहासकार और जीवनी लेखक अबू-फजल द्वारा कमीशन किया था। यह फारसी में लिखा गया था।

**2.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन I :** अबुल फजल ने अकबर के शासनकाल से सम्बन्धित विचारों को सुगठित किया, निरूपित किया और उन्हें सुस्पष्ट बनाया।

**कथन II :** अबुल फजल के गुणों ने अकबर को प्रभावित किया और अकबर ने अबुल फजल को अपनी नीतियों के लिए उपयुक्त परामर्शदाता और प्रवक्ता के रूप में पाया।

**कूट :**

(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य ह

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**2.** (A) अबुल फजल द्वारा अकबर के शासनकाल से सम्बन्धित विचारों को सुगठित कर निरूपित और सुस्पष्ट करने का कार्य किया गया। अबुल फजल के इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर अकबर ने अबुल फजल को अपनी नीतियों के लिए उपयुक्त परामर्शदाता और प्रवक्ता बनाया।

**3.** मुगल दरबार में मेधावी पुरुषों को दिया जाने वाला पुरस्कार जो कि सम्मान स्वरूप एक वस्त्र के पहनाये जाने के रूप में होता था, जिसे कभी सम्राट पहना करते थे, का नाम क्या है?

(A) सरापा (B) पटका

(C) पद्म मुरस्सा (D) खिलअत

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**3.** (D) खिलअत बहुमूल्य वस्त्र होता था, जिसे बादशाह प्रसन्न होकर किसी को भी प्रदान कर सकता था। व्यक्ति की योग्यता, पद एवं उसके कार्यों को ध्यान में रखकर खिलअत उसे दिया जाता था।

**4.** हुमायूँनामा की रचयिता, निम्नलिखित में से कौन थी?

(A) रोशनआरा बेगम

(B) रूकय्या सुल्तान बेगम

(C) गुलबदन बेगम

(D) गौहर बेगम

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**4.** (C) हुमायूँनामा की रचना गुलबदन बेगम द्वारा की गई थी जोकि उन्होंने अपने भतीजे अकबर के कहने पर की। अकबर मुगल साम्राज्य का सबसे प्रतापी व महान राजा था।

**5.** बादशाहनामा का लेखक निम्नलिखित में से कौन है?

(A) अब्दुल हामिद लाहौरी

(B) अबुल फजल

(C) शाहजहाँ

(D) सदुल्लाह खान

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**5.** (A) 'बादशाहनामा' या 'पादशाहनामा' अब्दुल हामिद लाहौरी द्वारा लिखित प्रसिद्ध उपन्यास है। इस उपन्यास की रचना अब्दुल हामिद लाहौरी द्वारा शाहजहाँ के समय में की गई।

**6.** फतेहपुर सीकरी के बारे में, निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही **नहीं** है?

(A) यह अजमेर की ओर जाने वाली सीधी सड़क पर स्थित था

(B) अकबर ने फतेहपुर सीकरी में जुमा मस्जिद से लगा हुआ संगमरमर का एक मकबरा शेख सलीम चिश्ती को अधिकृत किया

(C) मेहराबी प्रवेशद्वार या बुलन्द दरवाजा, दर्शनार्थियों को मुगलों की गुजरात पर विजय का स्मरण करवाने के लिए बनाया गया था

(D) 1585 ई में, मुगल साम्राज्य की राजधानी फतेहपुर सीकरी से दिल्ली में स्थानांतरित की गयी

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**6.** (D) मुगल बादशाह अकबर द्वारा निर्मित ''फतेहपुर सीकरी'' अपने समय की प्रसिद्ध स्थापत्य कला में से एक है। आगरा के समीप स्थित फतेहपुर सीकरी को अकबर द्वारा अपनी राजधानी घोषित किया गया जिसे कालान्तर में लाहौर में स्थानान्तरित कर दिया गया। जिसकी मुख्य वजह शहर में पानी की न्यूनतम जलापूर्ति थी।

**7.** निम्नलिखित में से कौन, मुगल दरबार के साथ राजकुमार दारा शिकोह के चिकित्सक के रूप में जुड़ा था?

(A) हकीम अफजल खान

(B) इब्न बतूता

(C) फ्रांस्वा बर्नियर

(D) द्वार्त बारबोसा

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**7.** (C) फ्रांस्वा बर्नियर मुगल दरबार के साथ राजकुमार दारा शिकोह के चिकित्सक थे। वह मुगलकाल में अवसरों की तलाश में 1656 ई. में शाहजहाँ के काल में भारत आया था। वह दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच होने वाले उत्तराधिकारी की लड़ाई का साक्षी था।

**8.** भारत भ्रमण पर आये यात्रियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. हेरात के अब्दुर्रज्जाक समरकंदी ने दिल्ली तथा दौलताबाद का भ्रमण किया।
2. इब्नबतूता दिल्ली तथा दौलताबाद दोनों का विस्तृत लेखा उपलब्ध कराता है
3. फ्रांस्वा बर्नियर के अनुसार, मुगल भारत में भूमि में कोई निजी संपत्ति नहीं थी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1 और 3

(D) केवल 2 और 3

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**8.** (D) प्राचीनकाल से ही भारत सांस्कृतिक विविध राष्ट्र रहा है जहाँ समय-समय पर कई विदेशी यात्रियों द्वारा भारत का भ्रमण किया गया। हैरात का अब्दुर्रज्जाक समरकन्दी संगम वंश के शासक देवराय द्वितीय (1422-1446 ई) के शासनकाल में वियनगर आया तथा कई वर्षों तक रहा। इब्नबतूता दिल्ली तथा दौलताबाद दोनों का विस्तृत लेखा अपनी पुस्तक रेहला में उपलब्ध कराता है। फ्रांस्वा बर्नियर शाहजहाँ के शासनकाल में भारत आया था।

**9.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन-I :** जहाँदार शाह के शासनकाल का शीघ्र ही जनवरी 1713 में समापन हो गया।

**कथन-II :** उसे, उसके भतीजे फर्रुखसियर ने आगरा में हराया।

**कूट :**

(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**9.** (A) बहादुरशाह प्रथम की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार के लिए उसके पुत्रों–जहाँदार शाह, अजमीउस्शान जहाँशाह तथा रफी–उस–खान के बीच गृहयुद्ध हुआ, जिसमें जुल्फिकार खाँ की मदद से जहाँदार शाह की विजय हुई तथा उसे सन् 1713 में सिंहासन प्राप्त हुआ। उसका शासन अधिक समय तक नहीं चला, उसके भतीजे फर्रुखसियर ने 1713 ई. में उसके खिलाफ अभियान किया तथा आगरा के समीप युद्ध के मैदान में उसे पराजित कर दिया और फर्रुखसियर राजगद्दी पर बैठा तथा फर्रुखसियर मुगल बादशाह बना।

**10.** निम्नलिखित में से किस कारण से, मुहम्मद बिन तुगलक का प्रतीक मुद्रा को प्रचलन में लाने का प्रयोग सफल नहीं हो सका?

(A) विदेशी व्यापारियों द्वारा प्रतीक सिक्कों का बहिष्कार

(B) प्रतीक सिक्के ढालने हेतु ताँबे की कमी

(C) जाली सिक्कों की वृहद् पैमाने पर ढलाई

(D) प्रतीक मुद्रा की निकृष्ट गुणवत्ता

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**10.** (C) मोहम्मद बिन तुगलक सल्तनत काल के सबसे साक्षर व बुद्धिमान सम्राट माने जाते हैं। इन्होंने अपनी राजधानी दिल्ली से हस्तान्तरित की व सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया, लेकिन दुर्भाग्यवश उनकी यह नीति सफल न हो सकी जिसका प्रमुख कारण सांकेतिक मुद्रा का बहिष्कार करना था, क्योंकि सांकेतिक मुद्रा ताँबे या काँस्य से निर्मित होने के कारण वृहद् पैमाने पर जालीं रूप से निर्मित होने लगे।

## धार्मिक आन्दोलन (भक्ति, सूफी आदि)

**1.** सगुण भक्ति परंपराओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. सगुण भक्ति परंपराएँ विशिष्ट देवताओं, जैसे, विष्णु या उनके अवतारों की आराधना पर केंद्रित हैं।
2. सगुण भक्ति परंपराओं में, देवी एवं देवताओं की अवधारणा मानवाकृतीय (मानवरूपी) रूपों में की जाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (C) सगुण भक्ति में आकार रूपी भगवान की भक्ति का अभ्यास है। भगवान के रूप में ग्रह, चंद्रमा, सूर्य से लेकर सभी वस्तुओं और प्रकृति के प्राणियों तक सभी भौतिक उपस्थिति में मौजूद हैं। आकार में भगवान की भक्ति में यह मान्यता है कि भगवान की उपस्थिति आकार से सीमित प्रतीत होती है; जब कि, भगवान की उपस्थिति असीमित है।

- धार्मिक इतिहासकारों ने भक्ति परंपराओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया है—
  - **सगुण**—यह शिव, विष्णु और उनके अवतारों जैसे विशिष्ट देवताओं की पूजा पर केंद्रित है।
  - **निर्गुण**—यह भगवान के एक अमूर्त रूप की पूजा पर केंद्रित है।

**2.** कर्नाटक में वीरशैव परम्परा के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वीरशैव आंदोलन का नेतृत्व बासवन्ना नामक एक ब्राह्मण ने किया था, जो बारहवीं शताब्दी के कलचुरि शासक के दरबार में एक मंत्री था।
2. वीरशैव, धर्मशास्त्रों द्वारा स्वीकृत प्रथाओं जैसे यौवनारंभ पश्चीय विवाह तथा विधवाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करते थे।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**2.** (A) कर्नाटक में, बासवन्ना नाम के एक ब्राह्मण के नेतृत्व में एक नया आन्दोलन 12 वीं शताब्दी में उभरा।

- उनके अनुयायियों को वैष्णव के रूप में जाना जाता था और वे शिव के अवतार की पूजा करते थे जिन्हें लिंग कहा जाता था।
- लिंगायतों के अनुसार, भक्त मृत्यु पर शिव में विलीन हो जाएगा, और इस दुनिया में वापस नहीं आएगा।
- नतीजतन, वे श्मशान जैसे धर्मशास्त्रों की मृत्यु के रीति–रिवाजों का पालन नहीं करते हैं।

अतः केवल कथन (1) सही हैं।

**3.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा एक सही सुमेलित है?

| | **भक्ति संत** | | **दर्शन** |
|---|---|---|---|
| (A) | शंकर | : | अवधूत |
| (B) | रामानंद | : | केवलाद्वैत |
| (C) | रामानुज | : | विशिष्टाद्वैत |
| (D) | चैतन्य | : | अद्वैत |

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**3.** (C) 12वीं शताब्दी में प्रारम्भिक भक्ति आन्दोलन के महान् प्रतिपादक वैष्णव गुरु रामानुज नाम से विख्यात थे। वे सुगम ईश्वर में विश्वास करते थे। इन्होंने इसके अतिरिक्त प्रश्न में दिए गए विकल्पों के आधार पर शंकराचार्य अद्वैत दर्शन से रामानन्द रामानंदी सम्प्रदाय या वैष्णव सम्प्रदाय से तथा चैतन्य महाप्रभु अचित्य भेदाभेद मत से सम्बन्ध रखते थे।

**4.** निम्नलिखित में से कौन चिश्ती सूफी संत नहीं था?

(A) ख्वाजा मोइनुद्दीन

(B) बाबा फरीदुद्दीन गंज–ए–शकर

(C) निज़ामुद्दीन औलिया

(D) शेख बहाउद्दीन ज़कारिया

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**4.** (D) चिश्ती सम्प्रदाय भारत का प्राचीन सूफी सम्प्रदाय में से एक है जिसकी नींव मध्यकालीन भारत में की गई। इस सम्प्रदाय के प्राथमिक प्रचारक ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती थे। चिश्ती सन्तों में प्रमुख सन्त मोइनुद्दीन चिश्ती, ख्वाजा बख्तियार काकी, बाबा फरीद, निजामुद्दीन औलिया आदि थे। बहाउद्दीन जकारिया भारत में सुहरावर्दी सम्प्रदाय के प्रचारक व प्रवर्तक थे। यह सम्प्रदाय भी अपने समय का प्रसिद्ध सम्प्रदाय था जिसकी स्थापना ''शेख शिहाबुद्दीन उमर सुहरावर्दी'' ने की।

**5.** भारत में सूफीमत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सूफी संतों की मजारों पर जियारत के नाम से जानी जाने वाली तीर्थयात्रा एक महत्वपूर्ण विशेषता है।
2. भारत में सूफियों के सर्वाधिक प्रभावशाली समूह, चिश्ती थे।

उपर्युक्त कथनों में कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**5.** (C) जियारत इस्लाम धर्म में किसी महापुरुष, सूफी सन्त अथवा किसी पवित्र स्थान के दर्शनार्थ को जाने वाले यात्री को कहा जाता है। भारत में सूफियों का सबसे अधिक प्रभावशाली समूह चिश्ती समूह था। चिश्ती सिलसिले की स्थापना अबू इशाक द्वारा की गई थी। भारत में चिश्ती सिलसिले के पहले सन्त शेख मुईनुद्दीन चिश्ती थे।

**6.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक भक्ति– सूफी परम्परा में आविर्भूत कवि–सन्तों का सही अनुक्रम है?

(A) बासवन्ना—अप्पार—मीराबाई— लालदेद

(B) अप्पार—मीराबाई—लालदेद— बासवन्ना

(C) अप्पार—बासवन्ना—लालदेद— मीराबाई

(D) बासवन्ना—मीराबाई—लालदेद— अप्पार

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**6.** (C) भक्ति सूफी परम्परा में आविर्भूत कवि सन्तों का सही क्रम निम्नलिखित है—

अप्पार (तमिलनाडु) → बासबन्ना (कर्नाटक)
(7वीं सदी) (1134 ई.)
→ लालदेद (कश्मीर) → मीराबाई (राजस्थान)
(14वीं शताब्दी) (1498 ई.)

## विविध

**1.** ज़ियारत शब्द का निम्नलिखित में से सही अर्थ क्या है?

(A) सूफी संतों की मज़ारों की यात्रा

(B) राजस्व कृषि (रेवेन्यू फार्मिंग) प्रथा

(C) किसी सूफ़ी शेख की बरसी

(D) एक प्रकार का इस्लामी तलाक़

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (A) ज़ियारत एक अरबी शब्द है जिसका उपयोग मुहम्मद, उनके परिवार के सदस्यों और वंशजों, उनके साथियों और इस्लाम में अन्य सम्मानित शख्सियतों जैसे पैगम्बर, सूफी संतों और इस्लामी विद्वानों से जुड़े स्थलों की तीर्थयात्रा के रूप में किया जाता है।

- तीर्थ स्थलों में मस्जिद, कब्र, युद्ध के मैदान, पहाड़ और गुफाएँ शामिल हैं। इनमें सबसे प्रतिष्ठित दरगाह ख्वाजा मुइनुद्दीन की है, जिसे "गरीब नवाज" के नाम से जाना जाता है।
- ज़ियारत शिया द्वारा की गई प्रार्थना के एक रूप का भी उल्लेख कर सकते हैं, जिसमें वे मुहम्मद और उनके परिवार को सलाम और बधाई भेजते हैं।

**2.** निम्नलिखित में से किसे मीराबाई का गुरु माना जाता था?

(A) दादू (B) रैदास

(C) रामानन्द (D) सूरदास

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**2.** (B) मीरा बाई एक हिंदू रहस्यवादी और कवि थीं, जिनके भगवान कृष्ण की भक्ति के गीतात्मक गीत उत्तरी भारत में व्यापक रूप से लोकप्रिय हैं। गुरु रैदास मीराबाई के गुरु थे।

- रविदास (रैदास) श्री हरि और उनके अवतारों के भक्ति आंदोलन के एक रहस्यवादी कवि–संत थे। उन्होंने 15वीं से 16वीं शताब्दी ईसवी के दौरान रविदासिया सम्प्रदाय की स्थापना की। उनके भक्ति छंदों को सिख धर्मग्रन्थों में शामिल किया गया था जिन्हें गुरु ग्रंथ साहिब के नाम से जाना जाता है। उन्होंने जाति और लिंग के सामाजिक विभाजन को दूर करना सिखाया और व्यक्तिगत आध्यात्मिक प्रसिद्धि की खोज में एकता को बढ़ावा दिया।

**3.** दक्षिण भारत की वणिक श्रेणियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. अयोघोल वणिक श्रेणी मूलतः ऐहोल में स्थापित हुई थी।
2. 13वीं शताब्दी में अंजुवनम वणिक श्रेणी के अधीनस्थ मणिग्रामन वणिक श्रेणी बनाई गई थी।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**3.** (A) व्यापारियों द्वारा अपनी व्यापारिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने और विस्तार करने के लिए दक्षिण भारतीय व्यापार संगठनों की नींव रखी गई। दक्षिण भारत के दो सबसे महत्त्वपूर्ण व्यापारी गिल्डो 'अयोघोल' और 'मणिग्रामन' नाम से विख्यात हैं। अयोघोल ऐहोल का एक व्यापारी गिल्ड का रूप था, जिसने तमिलनाडु कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में व्यापार समुदायों के बीच व्यापार सम्बन्ध प्रदान किए। पल्लव और चोल काल में तमिलनाडु में मणिग्रामन का विकास हुआ। इसके अतिरिक्त अंजुवनम दक्षिण भारतीय व्यापारियों का एक प्रसिद्ध निकाय था जो अरब व्यापारियों में संघ के रूप में कार्य करता था।

# आधुनिक भारत का इतिहास

## यूरोपीय कंपनियों का आगमन

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक फसल भारत में पुर्तगालियों द्वारा लाई गई थी?

(A) अफीम (B) कॉफी

(C) पान (D) मिर्च

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**1.** (D) मिर्च की फसल भारत में पुर्तगालियों द्वारा प्रारम्भ की गई थी। पुर्तगालियों को ही भारत के लिए व्यापारिक मार्ग खोजने का और भारत का जापान के साथ व्यापार प्रारम्भ करने का श्रेय प्रदान है। भारत को पुर्तगालियो द्वारा अमेरिका से तम्बाकू आलू और मक्का भारत लेकर आए। पुर्तगालियों द्वारा भारत में प्रिण्टिंग प्रेस प्रारम्भ किया गया।

**2.** मद्रास में इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के अधिवास के स्थान को किस नाम से जाना जाता था?

(A) फोर्ट विलियम

(B) फोर्ट सेंट जॉर्ज

(C) एल्फिंस्टन सर्किल

(D) मार्बल पैलेस

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**2.** (B) मद्रास में इंग्लिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अधिवास को 'फोर्ट सेण्ट जॉर्ज' के नाम से पुकारा जाता था। इसे 1690 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के एक अधिकारी फ्रांसिस डे द्वारा निर्मित किया गया था। यह किला ईस्ट इण्डिया कम्पनी का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था। यह लगभग 150 वर्षों तक युद्ध तथ षड्यन्त्रों का केन्द्र रहा था।

**3.** भारत में आद्य आधुनिक प्रौद्योगिकी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पुर्तगाली 1550 में यूरोपीय चल धातु टाइप गोवा में लाए।
2. पहली भारतीय लिपि, जिसके टाइप बनाए गए, तमिल थी।
3. इंग्लिश कम्पनी का मुद्रणालय का पहला प्रयोग कलकत्ता में हुआ।
4. इंग्लिश कम्पनी ने भीमजी पारक के आग्रह पर मुद्रणालय का भारत में 1674-75 में आयात किया।

उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**3.** (D) पुर्तगाली ने 1550 ई. में यूरोपीय चल धातु टाइप गोवा में प्रवेश किया। पहली भारतीय लिपि जिसके टाइप बनाए गए, तमिल थी। इंग्लिश कम्पनी के मुद्रणालय का पहला प्रयोग सूरत में हुआ न कि कलकत्ता में। अतः कथन (1), (2) व (4) सही हैं।

**4.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

''कोई भारतीय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रारम्भ नहीं कर सकता था.... यदि कांग्रेस का संस्थापक एक महान अंग्रेज और एक विशिष्ट सेवा–बाह्य अधिकारी न होता, तो उन दिनों राजनीतिक आन्दोलन में इतना अविश्वास था कि सत्ताधारी इस आन्दोलन को दबाने के लिए कोई–न–कोई तरीका निकाल लेते।''

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना पर इनमें से किसने यह कथन दिया था?

(A) डब्ल्यू. वेडरबर्न

(B) जी. के. गोखले

(C) आर. पाल्मे दत्त

(D) ऐलन ओक्टावियन ह्यूम

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**4.** (B) ''कोई भारतीय, भारतीय कांग्रेस का प्रारम्भ नहीं कर सकता था, यदि कांग्रेस का संस्थापक एक महान अंग्रेज और विशिष्ट अधिकारी न होता तो उन दिनों सत्ताधारी इस आन्दोलन को दबाने के लिए कोई–न–कोई तरीका निकाल लेते।'' यह कथन गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना पर कहा था। वे भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख नरम दल के नेता थे तथा गांधीजी के गुरु भी थे।

**5.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन I :** 19वीं शताब्दी में, भारत सबसे बड़ा ब्रिटिश उपनिवेश था।

**कथन II :** 19वीं शताब्दी में, भारत ब्रिटिश निर्मित माल का बड़ा बाजार और विदेशी पूँजी के निवेश का बड़ा क्षेत्र बन गया था।

**कूट :**

(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं लेकिन कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(C) कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**5.** (B) प्रारम्भिक काल से ब्रिटिश सरकार द्वारा विश्व के कई देशों को अपना उपनिवेश बनाया गया। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश सरकार द्वारा पूर्वी एशियाई देशों को उपनिवेश बनाया गया जिसमें सबसे बड़ा उपनिवेश के रूप में भारत का नाम लिया जा सकता है। 19वीं शताब्दी में भारत ब्रिटिश निर्मित माल का बड़ा बाजार एवं विदेशी पूँजी के निवेश का बड़ा क्षेत्र बन गया। भारत से कच्चा माल व्यापक पैमाने पर ब्रिटेन ले जाया जाता था और तैयार माल भारतीय बाजारों में बेचा जाता था। यहाँ के कुटीर एवं अन्य घरेलू उद्योग धन्धे चौपट हो गए थे। इससे ब्रिटिश कम्पनियों को भारत में पैर पसारने का पर्याप्त मौका मिला। इसी सन्दर्भ में दादाभाई नौरोजी ने सम्पत्ति अपवहन का सिद्धान्त प्रतिपादित किया था।

## 17वीं और 18वीं शताब्दी में भारतीय राज्य और समाज

**1.** निम्नलिखित में से कौन 18वीं शताब्दी में अवध राज्य का संस्थापक था?

(A) मुर्शीद कुली खान (B) सआदत खान

(C) अलीवर्दी खान (D) सरफराज खान

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**1.** (B) 18वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के उत्तराधिकारियों की शक्ति कमजोर होने के कारण कई अन्य छोटे राज्यों का उदय हुआ। इन्हीं में एक प्रमुख राज्य अवध राज्य था, जिसकी स्थापना सन् 1724 में सआदत खाँ बुरहान मुल्क द्वारा की गई।

**2.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक, तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध के कारणें में से एक नहीं था?

(A) मराठा प्रमुखों, विशेषकर पेशवा की इच्छा थी कि अंग्रेजों के साथ की गई संधियों के द्वारा उनके ऊपर थोपे गए प्रतिबन्धों को हटा दिया जाए

(B) मराठा शक्ति को आखिरी धक्का देने का अंग्रेजों का दृढ़ निश्चय

(C) अंग्रेजों को भारत से बाहर खदेड़ देने के लिए मराठों से समर्थन लेने के पिण्डारियों के तरीके

(D) खड़की स्थित रेजीडेंसी पर पेशवा बाजी राव का आक्रमण

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**2.** (C) सन् 1817-18 में हुआ अंग्रेज व मराठा के बीच युद्ध मराठाओं के लिए निर्णायक युद्ध माना जाता है जिसमें मराठा साम्राज्य की पराजय हुई तथा अंग्रेजों द्वारा मराठा साम्राज्य को हड़प लिया गया। इस युद्ध के परिणामस्वरूप सालसेट व बसीन की सन्धि हुई तथा पेशवा बाजीराव II को कानपुर के निकट बिठूर भेज दिया गया व उन्हें कम्पनी की तरफ से पेंशन प्रदान की गई।

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों के बीच पहले कर्नाटक युद्ध का मूल कारण था?

(A) कर्नाटक की मूल राजनीति में अंग्रेजों तथा फ्रांसीसियों की भागीदारी

(B) अंग्रेजों को दक्षिण से बाहर निकालने की ड्यूप्ले की महत्वांकांक्षा

(C) अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों के बीच व्यापार प्रतिस्पर्धा

(D) ऑस्ट्रियाई राज्यप्राप्ति का युद्ध जिसकी वजह से ब्रिटेन एवं फ्रांस विश्व के सभी भागों में एक दूसरे के शत्रु बन गये

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**3.** (D) वर्ष 1746 में कर्नाटक का प्रथम युद्ध ऑस्ट्रियाई उत्तराधिकार (व्यापारिक स्पर्धा) में हुए विवाद के परिणामस्वरूप हुआ था। यूरोप में ए-लो-शापेल की सन्धि से (1748) ऑस्ट्रिया के उत्तराधिकार युद्ध का अन्त हुआ तथा कर्नाटक का प्रथम युद्ध भी खत्म हो गया।

**4.** निम्नलिखित में कौन-सा एक युद्ध, सालबाई की संधि के द्वारा समाप्त हुआ?

(A) प्रथम मराठा युद्ध

(B) द्वितीय मराठा युद्ध

(C) तृतीय मराठा युद्ध

(D) चतुर्थ मैसूर युद्ध

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**4.** (A) प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध 1775 ई. में सूरत की सन्धि से आरम्भ हुआ और 1782 ई. में सालबाई की सन्धि के साथ खत्म हुआ। यह युद्ध भारत में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी व मराठा साम्राज्य के बीच लड़ा गया।

## ब्रिटिश की भारत विजय

**1.** गवर्नर जनरल का प्रतिनिधि ब्रिटिश अधिकारी जो ऐसे राज्य में रहता था जो कि प्रत्यक्ष ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं था, क्या कहलाता था?

(A) कलक्टर (B) वाइसराय

(C) रेजिडेन्ट (D) एजेन्ट

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**1.** (C) गवर्नर-जनरल का प्रतिनिधि ब्रिटिश अधिकारी जो ऐसे राज्य में रहता था, रेजीडेण्ट के नाम से जाना जाता है, वर्ष 1798 में लॉर्ड वेलेजली द्वारा इस पद की आधारशिला रखी गई। ब्रिटिश सत्ता के साथ सहायक सन्धि करने वाले राज्यों के राज्य क्षेत्र में तैनात ब्रिटिश सशस्त्र सैन्यदल की अगुवाई रेजीडेण्ट्स के द्वारा की जाती थी।

## प्रशासनिक संगठन और भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना (1757-1857)

**1.** बंगाल में ग्रामीण समाज (रूरल सोसायटी) के चिरस्थायी बंदोबस्त (परमानेंट सेटलमेंट) का परिणाम (प्रभाव) क्या था?

(A) ब्रिटिश योमन किसानों की तरह ही कृषि की उन्नति करने के लिए जमींदारों ने पूंजी लगायी और उद्यम किया

(B) धनी (संपन्न) किसानों के एक समूह ने जिसे जोतेदार कहा जाता था, गांवों में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने में सफलता पायी

(C) रैयत (किसानों) पर निश्चित राजस्व लेवी (उगाही) लगाने के परिणामस्वरूप किसान समृद्ध (संपन्न) हुए

(D) जमींदारों पर निरीक्षणात्मक (पर्यवेक्षी) नियंत्रण लगाने के लिए कम्पनी द्वारा आरंभ की गयी कलक्टरी (वसूली) की प्रणाली लोकप्रिय होने (बढ़ने) में असफल हो गयी

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**1.** (B) बंगाल में ग्रामीण समाज में चिर स्थायी बन्दोबस्त (परमानेट सेटलमेण्ट) का परिणाम यह था कि धनी (सम्पन्न) किसानों के एक समूह ने जिसे जोतेदार कहा जाता था गाँवों में अपनी स्थिति मजबूत बनाने में सफलता पाई। यह बन्दोबस्त 1793 ई.में लॉर्ड कार्नवालिस ने भू–राजस्व प्रबन्धन

के लिए लागू किया था। इसे सूर्यास्त का कानून के नाम से भी जाना जाता है।

इसके अन्तर्गत भू–राजस्व वसूलने की जिम्मेदारी जमींदारों को दी गई थी। एक निश्चित तिथि तक भू–राजस्व नहीं देने पर किसानों की भूमि हड़प ली जाती थी इसमें कम्पनी तथा जमींदार किसानों का शोषण करते थे। यह भू–व्यवस्था बिहार, बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश तथा कर्नाटक के क्षेत्र में लागू थी।

**2.** लॉर्ड मैकॉले की अध्यक्षता वाले लॉ कमीशन (विधि आयोग) के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?

1. इसने कानूनों के कोडीकरण का प्रयास किया।
2. यह न्यायालयों की एकसमान प्रणाली का विरोधी था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**2.** (A)
- भारत के प्रथम विधि आयोग का गठन 1834 ई. में लॉर्ड मैकाले की अध्यक्षता में तत्कालीन वायसराय लॉर्ड विलियम बैंटिंक द्वारा किया गया था।
- इसके निर्माण के समय भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में था, किन्तु विधि पारित करने के लिए कोई एकमेव सत्ता न थी, न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र अस्पष्ट एवं परस्पर स्पर्शी था तथा कुछ विधियों का स्वरूप भी भारत के प्रतिकूल था। इसकी स्थिति को दृष्टि में रखते हुए लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश पार्लियामेन्ट में भारत के लिए एक विधि आयोग की निर्मिति पर बल दिया।
- प्रथम आयोग के चार सदस्य थे जिसमें मैकाले अध्यक्ष थे। इस आयोग को वर्तमान न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र एवं नियमावली, तथा ब्रिटिश भारत में प्रचलित विधि के विषय में जाँच करने, रिपोर्ट देने और जाति धर्मादि को ध्यान में रखकर उचित सुझाव देने का कार्य सौंपा गया।
- सर्वप्रथम इस आयोग का ध्यान आपराधिक विधि की ओर आकर्षित हुआ। बंगाल तथा मद्रास में इस्लामिक दंडविधि प्रचलित थी जो अपने आदिमपन एवं अविचारिकता के कारण सर्वथा अनुपयुक्त थी। मैकाले के मार्गदर्शन में प्रथम आयोग ने भारतीय दंडसंहिता का प्रारूप तैयार किया।
- इसने कानूनों के कोडीकरण का प्रयास किया।

**3.** इजारा व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) यह कृषि राजस्व (रेवन्यू फार्मिंग) की एक प्रणाली थी।
(B) इसने बिचौलियों (दलालों) की भूमिका को बढ़ावा दिया।
(C) इस प्रणाली के तहत, किसानों के लिए भू–राजस्व निश्चित होता था।
(D) इजारादार राज्यकोष में एक निश्चित राशि का भुगतान करता था।

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**3.** (C) जुल्फिकार खाँ को मुगल बादशाह जहाँदार शाह द्वारा अपने दरबार का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। इन्हीं के प्रयासों के परिणामस्वरूप इजारा व्यवस्था को बढ़ावा मिला। इससे किसानों का उत्पीड़न को बढ़ावा मिला। इस व्यवस्था के अधीन किसी भी इजारेदार की राज्यकोष में निश्चित राशि का भुगतान करना होता था। इस व्यवस्था के अन्तर्गत बिचौलवा की भूमिका को बढ़ावा देने के साथ–साथ कृषि राजस्व को भी बड़ावा दिया गया
अतः कथन (C) इस सन्दर्भ में असत्य है।

**4.** निम्नलिखित में से किसने 1793 में बंगाल के चिरस्थायी बंदोबस्त की शुरुआत की?

(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(B) लार्ड रिपन
(C) राबर्ट क्लाइव
(D) जॉन एडम

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**4.** (A) उपर्युक्त में से लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा 1793 ई. में बंगाल के चिरस्थायी बन्दोबस्त का प्रारम्भ किया। इस व्यवस्था में भू–राजस्व सदैव के लिए निर्धारित कर दिया गया, जो जमींदारों को प्रतिवर्ष जमा करना पड़ता था। इस व्यवस्था में लगान का 10/11 भाग सरकार का तथा 1/11 भाग जमींदारों का निश्चित किया गया। यह व्यवस्था मुख्य रूप से ब्रिटिश व जमींदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई थी जिसमें कृषकों व बटाईदारों के हितों की अवहेलना की गई।

**5.** निम्नलिखित अधिनियमों में से किस एक ने भारतीयों को पहली बार, कम-से-कम सैद्धांतिक रूप से, ब्रिटिश भारतीय प्रशासन में उच्चतर पदों पर प्रवेश की अनुमति दी?

(A) चार्टर एक्ट, 1813
(B) चार्टर एक्ट, 1833
(C) चार्ल्स वुड्स एजुकेशन डिस्पैच, 1854
(D) इंडियन काउन्सिल्स एक्ट, 1861

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**5.** (B) 1833 के चार्टर एक्ट में ब्रिटिश संसद के कानून द्वारा यह वर्णन किया गया है कि सरकारी सेवाओं में प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के योग्यातानुसार नौकरी दी जाएगी। अतः किसी के साथ किसी भी प्रकार का धर्म, जन्म स्थान, वंश, जाति और रंग के आधार पर सरकारी सेवा में प्रवेश के लिए कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। इस एक्ट के द्वारा सिविल सेवकों के चयन के लिए खुली प्रतियोगिता का आयोजन प्रारम्भ करने का प्रयास किया गया।

## अंग्रेजों की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक नीति और उनके प्रभाव

**1.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में ब्रिटिश शासन ने संथालों को बसाने के लिए एक बड़े भू–भाग का दामिन–ए–कोह के रूप में सीमांकन किया?

(A) 1810 (B) 1793
(C) 1885 (D) 1832

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**1.** (D)
- संथाल विद्रोह का मूल कारण अंग्रेजों के द्वारा जमींदारी व्यवस्था तथा साहूकारों एवं महाजनों के द्वारा शोषण एवं अत्याचार था।
- इस विद्रोह का नेतृत्व सिद्धू कान्हू, चांद और भैरव में किया था। वे संथालों के हितों की रक्षा का ख्याल रखते थे। वे गाँव के लोगों से लगान वसूलते थे तथा उसे एक साथ राजकोष में जमा करते थे।
- वर्ष 1832 में ब्रिटिश शासन ने संथालों को बसने के लिए बड़े भू–भाग का दमिन–ए–कोह के रूप में सीमांकन किया।

**2.** बंगाल में स्थायी बन्दोबस्त के कार्यकरण के विषय में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

1. पारम्परिक ज़मींदारों ने अपनी भूमि खो दी।
2. ज़मींदारों द्वारा भू–राजस्व अदा न कर पाने का कारण यह था कि रैयत द्वारा राजस्व अदायगी में चूक होती थी।
3. कृषकों का एक नया समूह 'जोतदार' प्रभावशाली हो गया था।
4. कलेक्टर ने वैकल्पिक सत्ता–केन्द्र के रूप में ज़मींदारों को प्रतिस्थापित कर दिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 4
(C) केवल 2 और 3
(D) 1, 2, 3 और 4

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**2.** (D) स्थायी बन्दोबस्त की शुरुआत 1793 ई. में कार्नवालिस द्वारा की गई। इस व्यवस्था के कारण जमींदारों का नया वर्ग उत्पन्न हुआ तथा पारम्परिक जमींदारों को अपनी भूमि छोड़नी पड़ी।

कृषकों का नया समूह 'जोतदार' का जन्म हुआ तथा यह समूह एक प्रभावशाली वर्ग के रूप में फैला व काफी ताकतवर हो गया। जमींदारों को लगान वसूलने के लिए अधिक अधिकार दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप जमींदार कलेक्टर के वैकल्पिक सत्ता केन्द्र के रूप में उभरे।

## 1857 का विद्रोह और उसका प्रभाव

**1.** 1857 की क्रांति के दौरान जारी किए गए इश्तहारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?

(A) उनमें भारत में मुस्लिम शासन को महिमामंडित किया गया था।
(B) उनमें मुगल साम्राज्य के अधीन विभिन्न समुदायों के सह–अस्तित्व को महिमामंडित किया गया था।
(C) उनमें इस्लाम के संदेश को महिमामंडित किया गया था।
(D) उनमें क्वीन विक्टोरिया की भूमिका को महिमामंडित किया गया था।

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**1.** (B)
- 1857 के विद्रोह का प्रमुख राजनीतिक कारण ब्रिटिश सरकार की गोद 'निषेध प्रथा' या 'हड़प नीति' थी।
- यह अंग्रेजों की विस्तारवादी नीति थी जो ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी के दिमाग की उपज थी।
- राज्य हड़प नीति के कारण भारतीय राजाओं में बहुत असंतोष पैदा हुआ था।
- इस क्रांति के दौरान इश्तहारों में मुगल साम्राज्य के अधीन विभिन्न समुदायों के सह अस्तित्व को महिमामंडित किया गया था।
- अतः विकल्प (B) सही है।

**2.** सन् 1857 के विद्रोह के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) यह राजाओं, नवाबों और तालुकदारों द्वारा सावधानीपूर्वक व्यवस्थित और नियोजित किया गया एक विद्रोह था
(B) इस विद्रोह के आरंभ होने (उभरने) और फैलने में अफवाओं और भविष्यवाणियों की कोई भूमिका नहीं थी
(C) 1857 में विद्रोही घोषणाओं द्वारा आबादी के सभी वर्गों से उनकी जाति और पंथ (धर्ममत) पर ध्यान दिए बिना, बारंबार अपील की गयी
(D) विद्रोहियों पर तेजी से और आसानी से नियंत्रण कर पाने में ब्रिटिश सफल रहे

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (C) वर्ष 1857 के विद्रोह सम्बन्ध में दिया गया कथन (C) सही है, क्योंकि 1857 में विद्रोही घोषणओं द्वारा आबादी के सभी वर्गो से उनकी जाति और पंथ (धर्ममत) पर ध्यान दिए बिना, अपील की गई। सिपाहियों द्वारा इस विद्रोह का प्रारंभ 10 मई 1857 को किया गया। इस विद्रोह के कारणों में ब्रिटिश विस्तारवादी नीति, शोषण एवं कराधान नीतियाँ, सामाजिक प्रथाओं में हस्तक्षेप, लॉर्ड डलहौजी की विलय नीति, लॉर्ड वेलेजली की सहायक सन्धि का प्रभाव के अतिरिक्त कई अन्य कारण शामिल थे।

**3.** 25 अगस्त, 1857 की आजमगढ़ उद्घोषणा ने निम्नलिखित में से किस विषय पर बल दिया था?

(A) हिन्दू–मुस्लिम विभाजन
(B) अंग्रेजी सरकार को समर्थन देना
(C) बादशाही को वापस लाना
(D) भारी जुमास (राजस्व माँग) का आरोपण/अधिरोपण

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**3.** (C) 25 अगस्त, 1857 की आजमगढ़ उद्घोषणा में बादशाही को वापस लाने पर सर्वाधिक बल दिया गया। यह उद्घोषणा प्रथम बार दिल्ली गजट में सिपाही विद्रोह (1857) के दौरान छपी थी। इस उद्घोषणा को फिरोज शाह (बहादुर शाह जफर के पौत्र) द्वारा सम्पादित किया था।

**4.** निम्नलिखित में से किसकी मृत्यु निर्वासन (देश–निकाला) में हुई थी?

(A) रानी लक्ष्मीबाई (B) बहादुर शाह जफर
(C) तात्याँ टोपे (D) नाना साहिब

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**4.** (B) वर्ष 1857 के विद्रोह की समाप्ति के बाद अंग्रेजों ने भारत पर पुनः नियन्त्रण स्थापित किया। यह विद्रोह भारत में मुगल सामाज्य के आखिरी शहंशाह बहादुर शाह जफर के नियंत्रण में लड़ा गया प्रमुख स्वतन्त्रता संग्राम आंदोलन था। युद्ध की समाप्ति पर अंग्रेजों ने अन्तिम मुगल बादशाह को देश से निर्वासित कर रंगून भेज दिया। बहादुर शाह जफर को मेजर हडसन द्वारा गिरफ्तार किया था। इसके अलावा रानी लक्ष्मीबाई ने झाँसी में तथा नाना साहिब ने कानपुर में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था। तात्याँ टोपे नाना साहिब के सेनापति थे।

**5.** 1857 की क्रांति के दौरान चिनहट के युद्ध में ब्रिटिश के विरुद्ध लड़ने वाले विद्रोही का नाम क्या है?

(A) अहमदुल्लाह शाह
(B) शाह मल
(C) मंगल पांडे
(D) कुंवर सिंह

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**5.** (A) आजादी की लड़ाई के लिए अंग्रेजों के खिलाफ वर्ष 1857 में मेरठ से शुरू हुए विद्रोह बहुत ही जल्दी लखनऊ तक पहुँच गया। चिनहट के युद्ध में ब्रिटिश के विरुद्ध लड़ने वाले विद्रोही का नाम अहमदुल्लाह शाह था। शाह ने आगरा तथा अवध प्रान्त में क्रान्ति की ज्वाला जगाई। उसके विषय में इतिहासकारों का कहना है कि लखनऊ नगर के अन्दर क्रान्ति के सबसे योग्य नेता अहमदुल्लाह शाह ही हैं।

**6.** 1857 के विद्रोह की सर्वप्रथम घटना के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

1. यह मेरठ में घटी जब दो सिपाहियों ने एक वरिष्ठ अधिकारी की राइफल चुरा ली।
2. इसकी शुरुआत तब हुई जब झाँसी की रानी ने ब्रिटिश से युद्ध की घोषणा की।
3. इसकी शुरुआत तब हुई जब मंगल पांडेय ने मेरठ में एक यूरोपीय अधिकारी पर गोली चला दी।
4. इसकी शुरुआत तब हुई जब मंगल पांडेय ने बैरकपुर में एक यूरोपीय अधिकारी पर गोली चला दी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 2 (B) 1, 2 और 3
(C) केवल 4 (D) 1 और 4
**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**6.** (C) 1857 का विद्रोह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम विद्रोह कहा जाता है। इस विद्रोह में पहली बाहर व्यापक स्तर पर जन समुदाय एकत्र हुआ।
- सर्वप्रथम बैरकपुर छावनी में स्थित सिपाही मंगल पाण्डेय द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया।
- इस घटना के कई अन्य कारण थे।
- इस विद्रोह की शुरुआत 10 मई, 1857 में हुई।

**7.** बहादुर शाह जफर द्वितीय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?
(A) वर्ष 1857 के विद्रोहियों ने उनके लिए अपनी वफादारी की उद्घोषणा की
(B) वे दिल्ली के एक अश्वारोही अफसर लेफ्टिनेंट हडसन द्वारा मारे गए
(C) शुरू में वे 1857 के विद्रोह की अगुआई करने के इच्छुक नहीं थे
(D) वे एक कवि थे
**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**7.** (B) औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् मुगलकालीन साम्राज्य का पतन प्रारम्भ हो गया। बहादुरशाह जफर भारत में मुगल साम्राज्य के आखिरी शहंशाह थे। उनके द्वारा 1857 में सम्पन्न प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया गया। हालांकि प्रारम्भ में वह इस नेतृत्व के पक्ष में नहीं थे। 1857 की क्रान्ति के पश्चात् ब्रिटिशों द्वारा इन्हें पेंशन पर रंगून (बर्मा) भेज दिया गया, वहीं उनकी मृत्यु भी हो गई। अतः कथन (B) असत्य है, क्योंकि वर्ष 1857 के युद्ध के दौरान उन्होंने हुमायूँ के मकबरे में शरण ली थी, किन्तु अंग्रेज मेजर हडसन ने उन्हें उनके बेटे मिर्जा मुगल के साथ पकड़ लिया था।

**8.** निम्नलिखित में से किसने, 1857 ई. के विप्लव को प्रथम भारतीय स्वातंत्र्य युद्ध की संज्ञा दी?
(A) एस. एन. सेन (B) आर.सी.मजूमदार
(C) बी. जी. तिलक (D) वी. डी. सावरकर
**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**8.** (D) भारतीय औपनिवेशिक काल के समय 1857 का विद्रोह पहला व्यापक स्तर पर संचालित किया गया विद्रोह था जो कि कई माइनों में सफल भी रहा। विनायक दामोदर सावरकर ने 1857 ई. के विप्लव को प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता युद्ध की संज्ञा दी। ऐसा उन्होंने अपनी किताब 'द इण्डियन वार ऑफ इण्डिपेण्डेंस' में कहा।

**9.** निम्नलिखित में कौन एक, 1857 में ब्रिटिश के खिलाफ बगावत में मुख्य रूप से उठ खड़ी हुई?
(A) पंजाब आर्मी (B) मद्रास रेजीमेंट
(C) बंगाल आर्मी (D) अवध रेजीमेंट
**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**9.** (C) 1857 का भारतीय विद्रोह एक प्रमुख था, लेकिन अन्ततः असफल रहा। 1857-58 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन के खिलाफ भारत में विद्रोह हुआ, जिसने ब्रिटिश क्राउन की ओर से एक सम्प्रभु शक्ति के रूप में कार्य किया।
मंगल पाण्डे को मोटे तौर पर भारत की आजादी की पहली लड़ाई, अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के विद्रोह का अग्रदूत माना जाता है।
ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सेना की 34 वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री (बीएनआई) रेजीमेन्ट में एक सैनिक के रूप में, उन्होंने सिपाही विद्रोह का नेतृत्व किया जो अन्ततः 1857 के विद्रोह का कारण बना।

## सामाजिक धार्मिक सुधार

**1.** सत्यशोधक समाज (सत्य की खोज करने वाला समाज) की स्थापना किसने की थी?
(A) विनोबा भावे
(B) ज्योतिबा फुले
(C) बी. आर. अम्बेडकर
(D) सी. राजगोपालाचारी
**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (B)
- सत्यशोधक समाज 24 सितंबर, 1873 को पुणे, महाराष्ट्र में ज्योतिराव फुले द्वारा स्थापित एक सामाजिक सुधार समाज था। इसने शिक्षा के एक मिशन की शुरुआत की और विशेष रूप से महाराष्ट्र की महिलाओं, शूद्रों, और दलितों पर ध्यान केंद्रित करने वाले सामाजिक अधिकारों और राजनीतिक पहुँच में वृद्धि की। इस समाज से निम्न व्यक्ति सम्बंधित थे–
  - कृष्णराव भालेकर जिन्होंने दीनबंधु अखबार शुरू किया।
  - डॉ. विश्राम रामजी ढोले जो 1875-1877 के दौरान सत्यशोधक समाज के अध्यक्ष रहे।
  - नारायण मेघाजी लोखंडे जो महाराष्ट्र में श्रमिक आंदोलन के अग्रदूत थे।
  - रमैया व्यंकैया अय्यवारु, नरसिंगराव साहू वडतला, जया यल्लप्पा लिंगु, व्यंकू बालोजी कलेवर आदि ने सत्यशोधक समाज की बंबई शाखा की स्थापना के साथ-साथ इस आंदोलन को आर्थिक समर्थन दिया।

**2.** स्वामी दयानंद सरस्वती
1. देवी एवं देवताओं की मूर्ति–पूजा के विरुद्ध थे।
2. वेदों को अमोघ मानते थे।
3. ईश्वर चंद्र विद्यासागर से मिले थे और उनसे विचार–विमर्श किया था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–से सही हैं?
(A) 1, 2 और 3 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 1 और 2
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**2.** (A) स्वामी दयानंद सरस्वती भारत के एक धार्मिक नेता थे जिन्होंने भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके जन्म के बदले स्वयं को विरासत में मिली जाति व्यवस्था की निंदा करने का उनका विचार कट्टरपंथी से कम नहीं था।
- उन्होंने भारतीय छात्रों को समकालीन अंग्रेजी शिक्षा के साथ–साथ वेदों के ज्ञान को पढ़ाने वाले एक अद्यतन पाठ्यक्रम की पेशकश करने के लिए एंग्लो–वैदिक स्कूलों की शुरुआत करके शिक्षा प्रणाली का एक पूर्ण ओवरहाल लाया। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की जिसने भारतीयों की धार्मिक धारणा में बदलाव लाया।
- उन्होंने मूर्तिपूजा और खाली कर्मकांड पर व्यर्थ जोर देने के खिलाफ अपनी राय दी और मानव निर्मित हुक्म दिया कि महिलाओं को वेद पढ़ने की अनुमति नहीं है। उन्हें महर्षि की उपाधि दी गई थी और उन्हें आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक माना जाता है।
- वह 1873 में ईश्वर चंद्र विद्यासागर से मिले।

**3.** महाराष्ट्र में स्थापित परमहंस मंडली के संस्थापक निम्नलिखित में से किसमें विश्वास करते थे?
(A) जाति के आधार पर सामाजिक दूरी रखने में।
(B) जाति प्रथा का महिमामंडन
(C) विधवा पुनर्विवाह का निषेध
(D) एक ईश्वर को मानने में तथा जाति नियमों को तोड़ने में।
**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**3.** (D) ● परमहंस मंडली 1849 में स्थापित एक गुप्त सामाजिक–धार्मिक समूह था।
● यह मानव धर्म सभा से निकटता से सम्बन्धित है, जो 1844 में सूरत में स्थापित किया गया था।
● इसे दुर्गाराम मेहताजी, दादोबा पांडुरंग और उनके दोस्तों के एक समूह द्वारा शुरू किया गया था। दादोबा पांडुरंग ने मानव धर्म सभा छोड़ने के बाद इस संगठन का नेतृत्व संभाला।
● इस मंडली ने जाति व्यवस्था का भी खंडन किया।
● मंडली ने विचार की स्वतंत्रता का वादा किया और नैतिक आचरण के आधार के रूप में तर्क पर जोर दिया।
● परमहंस मंडली ने अपने सभी सदस्यों से जाति बंधनों को त्यागने का आग्रह किया।
● सदस्य पूजा सेवा के हिस्से के रूप में दादोबा द्वारा लिखी गई प्रार्थनाओं का पाठ भी करते थे।
● यह मंडली एक ईश्वर को मनाने में तथा जाति नियमों को तोड़ने में विश्वास रखती थी।

**4.** निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसने महाराष्ट्र में 1866 में, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के लिए एक संस्था की शुरुआत की?
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) ज्योतिबाराव फुले
(C) विष्णुशास्त्री पंडित
(D) पंडिता रमाबाई

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**4.** (C) 1866 में विष्णुशास्त्री पण्डित ने विधवा पुनर्विवाह संघ की स्थापना की थी। ज्योतिबा गोविन्दराव फुले 19वीं सदी के एक महान् भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता में से एक थे। 1873 ई. में इन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था की स्थापना की। महिलाओं व दलितों के उत्थान में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के लिए एक संस्था का गठन किया।

**5.** थियोसोफिकल सोसाइटी का नेतृत्व किसने किया था?
(A) ए. ओ. ह्यूम (B) आर्थर ग्रिफिथ
(C) एनी बेसेण्ट (D) लॉर्ड डफरिन

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**5.** (C) थियोसोफिकल सोसायटी का नेतृत्व ऐनी बेसेण्ट द्वारा किया गया था। यह एक अन्तर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था थी। इस संस्था की स्थापना, 1875 ई. में मैडम एच.पी. ब्लावत्सकी और कर्नल एच. एस. अल्काट ने अन्य सहयोगियों के द्वारा अमेरिका में की थी। 1879 ई. में इसका मुख्यालय मुम्बई में स्थानान्तरित हुआ, तदुपरान्त सन् 1882 में अण्डयार (चेन्नई) में स्थापित किया गया था।

**6.** यंग बंगाल आन्दोलन का प्रवर्तक निम्नलिखित में से कौन था?
(A) हेनरी विनिवन डिरोजियो
(B) डेविड हेअर
(C) द्वारकानाथ टैगोर
(D) प्रसन्न कुमार टैगोर

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**6.** (A) यंग बंगाल, बंगाल के क्रान्तिकारी बंगाली स्वतंत्र चिन्तकों का एक समूह था जो कलकत्ता के हिन्दू कॉलेज से सम्बन्धित था। इस आन्दोलन के प्रमुख नेता ''हेनरी विवियन डिरोजियो'' को माना जाता है। इस आन्दोलन के सदस्य मुक्त चिन्तन की भावना से प्रेरित थे। इस आन्दोलन का मुख्य लक्ष्य प्रेस की स्वतन्त्रता, जमींदारों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से किसानों की सुरक्षा, सरकारी नौकरियों में ऊँचे वेतनमान के तहत भारतीय लोगों को नौकरी दिलवाना था।

**7.** ब्रह्म समाज के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
1. 1872 का ब्रह्म विवाह अधिनियम अन्तर्जातीय और विधवा पुनर्विवाह की अनुमति सिर्फ तभी देता था जब संविदाकारी पक्ष खुद को गैर–हिन्दू घोषित करते थे।
2. केशव चन्द्र सेन ने अपनी अवयस्क पुत्री का विवाह बर्दवान के महाराजा के साथ आयोजित किया।
3. केशव चन्द्र सेन के अनुयायियों ने उनसे अलग होकर नव ब्रह्म समाज बनाया।
4. 19वीं शताब्दी में ब्रह्म समाज एक छोटे अभिजन समूह से बढ़ कर जन–आन्दोलन बन गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल 1
(B) 1 और 2
(C) 2 और 3
(D) 1, 2, 3 और 4

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**7.** (A) राजा राम मोहन राय को भारत के ज्योति पुंज के नाम से जाना जाता है। सामाजिक धार्मिक आन्दोलन में उनकी महती भूमिका है। 20 अगस्त, 1828 को उन्होंने ''ब्रह्म–समाज'' की स्थापना की। 1872 ई. में आचार्य केशवचन्द सेन ने 'ब्रह्म विवाह अधिनियम' को कानूनी मान्यता प्रदान कराई। आचार्य केशव ने ''ब्रह्म विवाह अधिनियम (1872) का उल्लंघन करते हुए अपनी अल्पायु पुत्री का विवाह 'कूच बिहार' के राजा से कर दिया, जिससे ब्रह्म–समाज में द्वितीय विभाजन हो गया।

**8.** 1873 में, ज्योतिराव फुले द्वारा, निम्नलिखित संगठनों में से कौन–सा एक आरंभ किया गया था?
(A) प्रार्थना समाज (B) बहुजन समाज
(C) जस्टिस पार्टी (D) सत्यशोधक समाज

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**8.** (D) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में सामाजिक धार्मिक आन्दोलन ने जनमानस के बीच एक नई ऊर्जा व दिशा प्रदान की। ज्योतिबाफुले द्वारा इसी दिशा में कदम उठाया गया। इन्होंने 1873 में महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका प्रमुख लक्ष्य शूद्र जाति के लोगों की गरिमा प्रदान करना था।

**9.** विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में 1878 में निम्नलिखित में से किसने राजमुंदरी सोशल रिफार्म एसोसिएशन की स्थापना की?
(A) विशनशास्त्री पंडित
(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(C) पंडिता रमाबाई
(D) वीरेशलिंगम् पतुलु

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**9.** (D) विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में 1878 ई. में कुन्दुकुरी वीरेशलिंगम पन्तुलु द्वारा आन्ध्र प्रदेश राज्य में राजमुन्दरी सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन की नींव रखी गई। वीरेशलिंग पन्तुलु ने महिला अधिकारों की वकालत की। इस एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक काल में छुआछूत को रोकना तथा विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करना था।

**10.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन–I :** वे बौद्धिक निकष, जिन्होंने सुधार आन्दोलनों को अनुप्राणित किया, तर्कबुद्धिवाद और धार्मिक सार्वभौमवाद थे।

**कथन–II :** सामाजिक सम्बद्धता को तर्क–बुद्धिजीवी मीमांसा के द्वारा नहीं आँका गया।

**कूट :**
(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण है

(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं लेकिन कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन–I सत्य है लेकिन कथन–II असत्य है
(D) कथन–I असत्य है लेकिन कथन–II सत्य है

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**10.** (C) 19वीं सदी के मध्य बढ़ते पाश्चात्य ज्ञान के प्रसार ने सुधार आन्दोलनों को प्रभावित किया तथा विभिन्न विचारकों द्वारा समाज सुधार आन्दोलन का प्रचार–प्रसार किया गया, जिनमें सभी धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक कुरीतियों को तर्क एवं बुद्धि के द्वारा मापा गया।
अतः कथन I सही है, किन्तु कथन II असत्य है।

**11.** बहुत सारे भारतीयों ने 1827 के ज्यूरी एक्ट का विरोध किया। इसके विरोध के आधारों में से यह एक था कि इसने हिन्दू और मुसलमान दोनों को इस ग्रैंड ज्यूरी में स्थान के सम्मान से वंचित किया। निम्नलिखित में से कौन, उस ज्यूरी एक्ट के विरोध के लिये जाना जाता है?
(A) गोपाल कृष्ण गोखले
(B) लॉर्ड सिन्हा
(C) सर सैयद अहमद खॉन
(D) राजा राममोहन राय

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**11.** (D) वर्ष 1827 के ज्यूरी एक्ट के प्रावधान के तहत हिन्दू और मुसलमानों की सुनवाई के दौरान हिन्दू और मुसलमान को ज्यूरी में बैठने की अनुमति नहीं थी, जिसका राजा राममोहन राय द्वारा विरोध किया गया।

## प्रेस और शिक्षा का विकास

**1.** भारत में पाश्चात्य शिक्षा का वास्तविक रूप से प्रारंभ कब से माना जा सकता है?
(A) 1813 का चार्टर एक्ट
(B) 1793 का चार्टर एक्ट
(C) 1929 का शारदा एक्ट
(D) भारतीय शिक्षा पर मैकाले का कार्यवृत्त (मिनट), 1835

**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (A)
- 1793 के चार्टर एक्ट के 20 वर्ष बाद यानि कि 1813 में पुनः कंपनी के व्यापार और शासन के नवीनीकरण के लिए चार्टर एक्ट 1813 पारित किया गया। इस एक्ट के द्वारा कंपनी के एकाधिकार को कुछ हद तक खत्म किया गया था। इस एक्ट में निम्नलिखित 4 प्रमुख प्रावधान किये गये–
  - ❖ ईसाई धर्म के प्रचार के लिए मिशनरियों को अनुमति प्रदान की गयी। इसी अनुमति के अनुसार वर्तमान में भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में धर्म के प्रचार की स्वतंत्रता प्राप्त है।
  - ❖ ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापारिक एकाधिकार समाप्त (चाय के व्यापार एवं चीन के साथ व्यापार को छोड़कर) कर दिया गया।
  - ❖ भारतीयों की शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष मात्र 1 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। अतः भारत में पाश्चात्य शिक्षा का वास्तविक रूप से प्रारंभ 1813 का चार्टर एक्ट से माना जा सकता है।

**2.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. मुस्लिम विधि से संबंधित विषयों के अध्ययन और अध्यापन के लिए वारेन हेस्टिंग्स ने कलकत्ता मदरसा स्थापित किया।
2. हिन्दू विधि तथा दर्शन के अध्ययन के लिए जोनाथन डंकन ने वाराणसी में संस्कृत कॉलेज शुरू किया।

उपर्युक्त कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**2.** (C) औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश शासन द्वारा केवल राजनैतिक व आर्थिक मुद्दों पर ही नहीं वरन् धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दों पर भी ध्यान दिया गया। 1781 ई. में मुस्लिम कानून एवं उससे सम्बन्धित विषयों के अध्ययन के लिए कलकत्ता में वारेन हेस्टिंग्स की कलकत्ता मदरसे की स्थापना की। 1792 ई. में हिन्दू कानून तथा दर्शन के अध्ययन के लिए जोनाथन डंकन ने वाराणसी में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी।

**3.** निम्नलिखित तीन समाचार-पत्रों में सर्वनिष्ठ तत्व क्या था?
(i) दि सर्वेण्ट ऑफ इण्डिया
(ii) ज्ञान प्रकाश
(iii) हितवाद
(A) ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा निकाले गए समाचार-पत्र थे
(B) ये समाजवाद के प्रभावाधीन समाचार-पत्र थे
(C) ये भारत सेवक समाज द्वारा व्यक्त नरम विचारों के समाचार–पत्र थे
(D) इन्होंने भारत में मजदूर संघ आन्दोलन का प्रतिनिधित्व किया

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**3.** (C) 1905 में हुए बंगाल विभाजन के पश्चात् कांग्रेस मुख्य रूप से दो विचारधारा में बँट गई। प्रथम गरम दल व द्वितीय नरम दल जो हिंसा के विरोधक हैं। इनमें से भारत सेवक समाज द्वारा व्यक्त विचारों का प्रचार 'द सर्वेण्ट ऑफ इण्डिया', 'ज्ञान प्रकाश' एवं 'हितवाद' नामक समाचार–पत्रों के माध्यम से किया गया। 'हितवाद' का प्रकाशन वर्ष 1911 में नागपुर से प्रारम्भ किया गया।

## जनजातीय, नागरिक और किसान आंदोलन

**1.** दक्षिण रैय्यत आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?
1. आयोग ने उन जिलों में जाँच नहीं की थी, जो प्रभावित नहीं थे।
2. आयोग ने रैय्यतों, साहूकारों और प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों के कथन दर्ज किए थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (B) 1875 के दक्कन दंगों में साहूकारों के लिए ऋण दासता का केंद्र बिंदु था। दंगाइयों का घोषित लक्ष्य साहूकारों के बांड, फरमान और अन्य दस्तावेजों को जब्त करना और नष्ट करना था।
- जब विद्रोह पूरे दक्कन में फैल गया, तो बॉम्बे सरकार पहले बेफिक्र थी। हालांकि, 1857 की घटनाओं के बारे में चिंतित भारत सरकार ने दंगों के कारणों का पता लगाने के लिए एक जाँच आयोग स्थापित करने के लिए बॉम्बे सरकार पर दबाव डाला। 1878 में, पैनल ने ब्रिटिश संसद को एक रिपोर्ट दी।
- आयोग ने दंगों से प्रभावित जिलों और प्रभावित हो सकने वाले जिलों में जाँच की, रैयतों, साहकारों और चश्मदीदों की गवाही दर्ज की, विभिन्न स्थानों पर राजस्व दरों, कीमतों और ब्याज दरों पर सांख्यिकीय डेटा संकलित किया और जिला कलेक्टरों की रिपोर्ट का मिलान किया। अतः केवल कथन 2 सत्य है।

**2.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. सैय्यद अहमद खान ने अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो–ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना की थी।
2. सैय्यद अहमद खान का धार्मिक सहिष्णुता में दृढ़ विश्वास था और उनके कॉलेज की निधि में हिन्दुओं, पारसियों और ईसाइयों ने अंशदान दिया। था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा/कौन–से सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**2.** (C) सैय्यद अहमद खान ने 1875 में अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो–ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना की। बाद में इसका नाम बदलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कर दिया गया। उनका लक्ष्य एक ऐसा कॉलेज बनाना था जो इस्लामी मान्यताओं को बनाए रखते हुए ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली का पालन करता हो।
- सैय्यद अहमद खान धार्मिक सहिष्णुता के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि सभी धर्मों में एक अंतर्निहित समानता थी जिसे व्यावहारिक नैतिकता के रूप में संदर्भित किया जा सकता है। हिंदुओं, पारसियों और ईसाइयों ने
उनके कॉलेज के वित्त पोषण में उदारता से योगदान दिया था, जो सभी भारतीयों के लिए खुला था।

**3.** निम्नलिखित आन्दोलनों पर विचार कीजिए :
1. मोपला विद्रोह
2. बारदोली सत्याग्रह
3. चम्पारण सत्याग्रह
4. नमक सत्याग्रह

उपर्युक्त का निम्नलिखित में से कौन–सा तिथिक क्रम आरोही क्रमानुसार सही है?

(A) 1-3-4-2 (B) 3-1-2-4
(C) 2-3-1-4 (D) 4-2-1-3

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**3.** (B) चम्पारण सत्याग्रह 1917 में गठित हुआ, मोपला विद्रोह 1921 में किया गया। बारदोली सत्याग्रह 1928 में आयोजित हुआ। नमक सत्याग्रह 1930 सरदार बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में किया गया।

**4.** 19वीं शताब्दी का पूर्वी बंगाल का फराइजी आन्दोलन किसके नेतृत्व में विकसित हुआ?

(A) टीटू राय (B) हाजी शरियतुल्ला
(C) शाह सैयद अहमद (D) दूदू मियां

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**4.** (B) 17वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में किसानों, मजदूरों व जनजातियों द्वारा जमींदारों व अंग्रेजों के विरुद्ध कई आन्दोलन किए गए। 19वीं शताब्दी में हुए किसान आन्दोलन फराइजी आन्दोलन, का नेतृत्व हाजी शरायतुल्ला ने किया था। शरीयतुल्ला के नेतृत्व में लोगों ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की योजना बनाई तथा जमींदारों के अत्याचारों के खिलाफ विद्रोह का प्रारम्भ किया गया।

**5.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (कृषक आन्दोलन) | सूची-II (क्षेत्र) |
|---|---|
| a. मापिला विद्रोह | 1. महाराष्ट्र |
| b. रामोसी कृषक बल | 2. बंगाल |
| c. कूका विद्रोह | 3. मालाबार |
| d. पाबना विद्रोह | 4. पंजाब |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**5.** (A) औपनिवेशिक काल में ब्रिटिशों के विरोध के साथ–साथ कृषकों, मजदूरों व जनजाति वर्ग द्वारा जमींदारों व सामन्त प्रथा का विरोध किया गया। प्रश्नानुसार मापिला विद्रोह केरल के मालाबार तट पर वर्ष 1920-22 में हुआ था। इस आन्दोलन का नेतृत्व अली मुसलियार द्वारा किया गया। रामोसी कृषक विद्रोह महाराष्ट्र में 1822 ई. में हुआ था, जो 7 वर्षों तक चला था, जिसका नेतृत्व चित्तर सिंह ने किया था। कूका विद्रोह पंजाब में हुआ था। इस विद्रोह का नेतृत्व भगत जवाहर मल द्वारा किया गया। पाबना विद्रोह बंगाल के पाबना में 1873 ई. में हुआ था, जो 1876 ई. तक चला। इसका नेतृत्व ईशानचन्द्र राय एवं शम्भूपाल ने अपने हाथ में लिया।

**6.** पेरियार ई. वी. रामास्वामी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. वे एक राजनीतिज्ञ, सामाजिक सक्रियतावादी और दक्षिणी भारत में द्रविड़ आन्दोलन के एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे।
2. वे जाति उत्थान, राष्ट्रवाद और नारी–अधिकारों के उद्देश्य के समर्थक थे।
3. वे महाराष्ट्र के जाति–विरोधी सुधारक ज्योतिबा फुले के समकालीन थे।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन **सही** है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 3
(C) 1 और 3
(D) 1 और 2

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**6.** (D) ई. वी. रामास्वामी पेरियार मद्रास प्रान्त के निवासी थे। उनके द्वारा सन् 1925 में आत्म सम्मान आन्दोलन प्रारम्भ किया गया। वे एक महान समाज सुधारक होने के साथ–साथ ब्राह्मणिक कर्मकाण्ड के विरोधी थे। वे ज्योतिबा फूले के समकालीन नहीं थे।

**7.** ब्रिटिश के खिलाफ कन्ध विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

(A) चक्र बिशोई (B) दण्ड सेना
(C) तोम्मा डोरा (D) बिरसा मुण्डा

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**7.** (A) 'कन्ध' विद्रोह 1840 का नेतृत्व चक्र बिशोई ने किया। 'कन्ध' आदिवासियों में नरबलि की प्रथा थी और ब्रिटिश सरकार ने इस पर रोक लगाने का प्रयास किया, इस कारण से ही विद्रोह भड़क उठा। कन्ध विद्रोह आदिवासियों द्वारा संचालित किया गया प्रमुख विद्रोह था। अंग्रेजों द्वारा पारम्परिक प्रथाओं को कुचलने के प्रयास के अतिरिक्त, नए कर थोपना, उनके इलाकों में जमींदारों और साहूकारों को बसाना इत्यादि ऐसे कारण थे, जिन्होंने असन्तोष को जन्म दिया।

## राष्ट्रवाद का उदय (1858-1905) (कांग्रेस से पूर्व राजनैतिक संस्थाएँ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, आदि)

**1.** वर्ष 1881 में पारित प्रथम इंडियन फैक्टरी एक्ट (भारतीय कारखाना अधिनियम) के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?
1. यह अधिनियम मुख्य रूप से बाल मजदूर की समस्या से सम्बन्धित है।
2. इस अधिनियम में अभिकथित है कि 7 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के बालक प्रतिदिन 9 घंटे से अधिक काम नहीं करेंगे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, और न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**1.** (C) ● यह अधिनियम उन कारखानों पर लागू था, जहाँ श्रमिकों की संख्या कम से कम 100 थी।
● इस अधिनियम के तहत सात वर्ष से कम आयु के बच्चों के काम करने पर प्रतिबंध था।
● सात से बारह वर्ष के बच्चों के काम करने की अवधि नौ घंटे निर्धारित थी।
● 1881 के इस अधिनियम के तहत प्रतिदिन 1 घंटे का आराम एवं महीने में 4 दिन की छुट्‌टी का प्रावधान था।

**2.** निम्नलिखित में से किसने, 1904 में, क्रांतिकारियों की एक गुप्त सोसाइटी (संस्था) 'अभिनव भारत' स्थापित की थी?
(A) खुदीराम बोस
(B) श्यामजी कृष्ण वर्मा
(C) हर दयाल
(D) वी. डी. सावरकर

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (D) वी डी सावरकर ने वर्ष 1904 में क्रांतिकारियों की एक गुप्त सोसायटी (संस्था) 'अभिनव भारत' की नींव रखी। सावरकर प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लन्दन में क्रान्तिकारी आन्दोलन को संगठित किया। इन्होंने वर्ष 1906 में स्वदेशी का नारा भी दिया था तथा विदेशी कपड़ा जलाया था। उन्होंने 1857 की लड़ाई को प्रथम स्वाधीनता संग्राम बताया। वे पहले क्रान्तिकारी थे, जिनका मामला द हेग के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय तक गया था। स्वतन्त्रता के बाद गोवा की मुक्ति हेतु पहली आवाज इन्होंने ही उठाई थी।

**3.** इंडियन काउंसिल्स एक्ट (भारतीय परिषद् अधिनियम), 1861 के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?
1. इसने कानून बनाने के प्रयोजन से गवर्नर जनरल की परिषद् का विस्तार किया।
2. गवर्नर जनरल सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्राधिकृत नहीं था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, और न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**3.** (A) ● भारतीय परिषद् अधिनियम 1861 यूनाइटेड किंगडम की संसद का एक अधिनियम था जिसके तहत भारत की कार्यकारी परिषद् को पोर्टफोलियो प्रणाली पर चलने वाले कैबिनेट के रूप में कार्य करने के लिए बदल दिया गया।
● इसके द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया में भारतीय प्रतिनिधियों को शामिल करने की शुरुआत हुई। कानून निर्माण हेतु अतिरिक्त सदस्यों को जोड़ा गया जिनकी संख्या न्यूनतम 6 और अधिकतम 12 तक हो सकती थी।
● इन सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्ष का था। इस तरह वायसरासय की परिषद् में सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो गयी।
● इस अधिनियम में गवर्नर जनरल सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने के लिए प्राधिकृत थे। अतः कथन 2 असत्य है।

**4.** वर्ष 1851 में कलकत्ता में स्थापित पहली प्रमुख स्वैच्छिक संस्था का नाम क्या है, जो मुख्यतः भारतीय जमींदारों के हितों का प्रतिनिधित्व करती थी?
(A) ब्रिटिश भारतीय संघ (ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन)
(B) भूमिधारक समाज (लैंडहोल्डर्स सोसायटी)
(C) मद्रास देशीय संघ (मद्रास नेटिव एसोसिएशन)
(D) बॉम्बे संघ (बॉम्बे एसोसिएसशन)

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**4.** (A) 1851 ई. में जमींदारी एसोसिएशन तथा बंगाल ब्रिटिश इण्डिया सोसायटी का आपस में विलय हो गया तथा एक नई संस्था ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन की नींव पड़ी। राजेन्द्र लाल मिश्र, हरिश्चन्द्र मुखर्जी, रामगोपाल घोष, राधाकान्त देव इसके प्रमुख संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह संस्था भारतीय जमींदारों के हितों का प्रतिनिधित्व का कार्य करती थी। हिन्दू पैट्रियाट इसका मुख्य पत्र था। राधाकान्त देव इसके अध्यक्ष थे।

**5.** वर्ष1866 में दादाभाई नौरोजी द्वारा लंदन में, निम्नलिखित से कौन-से संघ (संस्था) की स्थापना की गई थी?
(A) द बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसायटी
(B) द ईस्ट इंडिया एसोसिएशन
(C) द ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन
(D) द मद्रास नेटिव एसोसिएशन

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**5.** (B) दादा भाई नौरोजी ब्रिटिशकालीन भारत के एक पारसी बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री तथा राजनैतिक व सामाजिक नेता थे। वर्ष 1866 में दादाभाई नौरोजी द्वारा 'द ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन' के गठन का लक्ष्य भारत में राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं आर्थिक विषयों पर चर्चा करनी थी, जहाँ भारत के भविष्य को सुदृढ़ किया जा सके।

**6.** इल्बर्ट विधेयक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(A) इसमें प्रस्तावित था कि आपराधिक मामलों में भारतीय मजिस्ट्रेट यूरोपियों पर न्यायविचार करेंगे।
(B) इससे भारतवासियों को यूरोपियों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज कराने की अनुमति मिली।
(C) इसने न्यायालयों में, यूरोपियों पर न्यायविचार करने के लिए भारतीय ICS अधिकारियों को प्राधिकृत किया।
(D) यह राष्ट्रवादियों के समर्थन में, इल्बर्ट के नेतृत्व वाला एक आन्दोलन था।

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**6.** (A) इल्बर्ट विधेयक, वायसराय के विधि सदस्य सर सी.पी. इल्बर्ट द्वारा वर्ष 1883 में ब्रिटिश संसद में पेश किया था। यह मुख्य रूप से अंग्रेज अपराधियों के मामलों पर भारत के जजों द्वारा सुनवाई से सम्बन्धित था। अंग्रेजों ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया तथा आन्दोलन चलाया। उनका कहना था कि यह नियम समानता के विरुद्ध है, क्योंकि वे किसी भी भारतीय जज से अपने केस की सुनवाई नहीं चाहते थे।

**7.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन होने के तुरंत बाद ब्रिटिश, राष्ट्रवादियों के प्रति संशयालु हो गए। निम्नलिखित में से किस ने कहा कि कांग्रेस केवल विशिष्ट वर्ग—'सूक्ष्म अल्पसंख्या' का ही प्रतिनिधित्व करती है?
(A) लॉर्ड नैपियर (B) लॉर्ड डफरिन
(C) लॉर्ड रिपन (D) लॉर्ड लिटन

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**7.** (B) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना, 1885 में हुई। इसके गठन के बाद लॉर्ड डफरिन द्वारा इसके बारे में कहा गया कि ''वह जनता के उस अल्पसंख्यक वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जिसकी संख्या सूक्ष्म है।''
इसके अतिरिक्त लॉर्ड कर्जन द्वारा यह भी कहा गया कि ''कांग्रेस अपनी मौत की घड़ियाँ गिन रही है। भारत में रहते हुए मेरी सबसे बड़ी इच्छा है कि मैं उसे शान्तिपूर्वक मरने में मदद करूँ।'

**8.** निम्नलिखित में से कौन गुडेम–रम्पा विद्रोह से सम्बद्ध थे?
(A) बिरसा मुण्डा
(B) कुशल कुँवर
(C) अल्लूरि सीताराम राजू
(D) मंगल पाण्डे
**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**8.** (C) गुडेम–रम्पा विद्रोह 1879 ई. का प्रमुख विद्रोह था। आन्ध्र प्रदेश में यह विद्रोह अल्लूरि सीताराम राजू के नेतृत्व में किया गया, जो 1879 ई. से लेकर 1920-22 ई. तक क्रियान्वित रहा।

## राष्ट्रवाद आंदोलन (1905-1917) (बंगाल विभाजन, स्वदेशी बहिष्कार, आदि)

**1.** वर्ष 1904 में बंगाल विभाजन के बारे में किस उपनिवेशी प्रशासक ने निम्नलिखित घोषणा की? ''संयुक्त बंगाल एक शक्ति है। विभाजित बंगाल विभिन्न रास्तों की ओर खिंचेगा। यह पूर्णत या सत्य है और इस योजना का एक गुण है''।
(A) लॉर्ड कर्जन (B) एच. एच. रिजले
(C) लॉर्ड मिण्टो (D) सर लेनसेलोट हेर
**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**1.** (B) भारत में गृह सचिव एच.एच. रिजले द्वारा उपर्युक्त वक्तव्य दिया गया था, जिसका उद्देश्य था कि बंगाल के महत्त्व को तथा बंगालियों को बंगाल में ही अल्पसंख्यक के रूप में स्थापित कर उनके प्रभाव को नियन्त्रित किया जाए।

**2.** महात्मा गांधी का हिंद स्वराज तत्वतः क्या है?
(A) पश्चिमी आधुनिकता की एक आलोचना
(B) सत्याग्रह के उनके दर्शन की रूपरेखा
(C) ब्रिटिश से अपने आप को स्वतंत्र कराने का भारतीयों से आह्वान
(D) ग्राम स्वराज की एक रूपरेखा
**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**2.** (A) 'हिन्द स्वराज' तत्वतः पश्चिमी आधुनिकता की एक आलोचना है। यह गांधीजी द्वारा लिखित प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है 1909 में मूल रूप से गुजराती में लिखी गई थी। यह पुस्तक गांधीजी ने अपनी इंग्लैण्ड से दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान जहाज में लिखी थी।

**3.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. ऐनी बेसेण्ट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष थीं।
2. मदन मोहन मालवीय ने वर्ष 1916 में कांग्रेस के ऐतिहासिक लखनऊ सत्र की अध्यक्षता की।
3. महात्मा गांधी ने केवल एक बार, 1924 में बेलगाम में कांग्रेस के वार्षिक सत्र की अध्यक्षता की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से **सही** है/हैं?
(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 1
**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**3.** (C) ऐनी बेसेण्ट मूलरूप से विदेशी महिला थीं जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं। अम्बिका चरण मजूमदार ने वर्ष 1916 में कांग्रेस के लखनऊ सत्र में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। यह अधिवेशन दो कारणों से महत्त्वपूर्ण था :
(i) कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच समझौता हो गया था।
(ii) पुराने सदस्यों ने कांग्रेस को पुनः ज्वाइन कर लिया था।

## राष्ट्रवादी आंदोलन : गांधीवादी चरण (1917-1925) (सत्याग्रह, रॉलेट एक्ट, जलियाँवाला बाग हत्याकांड, असहयोग आंदोलन, आदि)

**1.** दो दशक के पश्चात् दक्षिण अफ्रीका से वापस आने पर महात्मा गांधी भारत में सर्वप्रथम सार्वजनिक रूप से कहाँ और कब उपस्थित हुए थे?
(A) वर्ष 1917 में चंपारण
(B) वर्ष 1916 में लखनऊ
(C) वर्ष 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(D) वर्ष 1918 में अहमदाबाद
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (C) 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद महात्मा गांधी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए। उन्होंने बीएचयू में दर्शकों को संबोधित किया, जिसमें ज्यादातर प्रभावशाली युवा शामिल थे। दरभंगा के महाराजा मुख्य अतिथि थे।
- चंपारण सत्याग्रह महात्मा गांधी द्वारा 1917 में बिहार के चंपारण जिले में शुरू किया गया था। यूरोपीय लोगों ने किसानों को नील उगाने के लिए मजबूर किया। वे अपने लिए आवश्यक भोजन नहीं उगा सकते थे, न ही उन्हें नील के लिए पर्याप्त भुगतान प्राप्त होता था।
- अहमदाबाद मिल हड़ताल गांधीजी के नेतृत्व वाले शुरुआती आंदोलनों में से एक थी। यह कपास मिल में एक हड़ताल थी जहाँ गांधी ने भूख हड़ताल के हथियार का इस्तेमाल किया था।

**2.** गांधीजी ने सत्याग्रह की शैली (ढंग) आरंभिक रूप से कहाँ गढ़ी (विकसित की) थी?
(A) इंग्लैंड (B) दक्षिण अफ्रीका
(C) उत्तर अफ्रीका (D) भारत
**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (B) महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की शैली (ढंग) दक्षिण अफ्रीका में सीखी (विकसित) थी। महात्मा गांधी वर्ष 1893 में दक्षिण अफ्रीका एक व्यापारी के साथ पंहुचे जहाँ उन्हें अश्वेतों और भारतीयों (नस्लवाद) के प्रति नस्लीय भेदभाव भी झेलना पड़ा। उन्होंने कई अवसरों पर अपमान का अनुभव किया। गांधी जी ने समान न्याय के लिए लड़ाई लड़ी और वर्ष 1894 में नाटल भारतीय कांग्रेस के रूप में एक संगठन की नींव डाली। वहाँ प्रारम्भ में उन्होंने सत्याग्रह और अंहिसा को अपने अन्तिम हथियार के रूप में उपयोग किया। गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में 21 वर्षों तक रहने के पश्चात वर्ष 1915 में भारत लौट आए।

**3.** किस भारतीय व्यवसायी ने गांधीजी के 'सर्वनिष्ठ उद्देश्य' की ओर कार्य करने में उनकी सहायता के लिए 'लाभप्रद पूँजीवाद' का समर्थन किया?
(A) घनश्याम दास बिड़ला
(B) अम्बालाल साराभाई
(C) सर बीरेन मुखर्जी
(D) टी. टी. के. कृष्णामाचारी
**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**3.** (A) भारतीय व्यवसायी घनश्यास दास बिड़ला द्वारा गांधीजी के –सर्वनिष्ठ उद्देश्य' की ओर कार्य करने में उनकी सहायता के लिए 'लाभप्रद पूँजीवाद' का समर्थन किया गया। गांधीजी की घनश्याम दास बिड़ला से वर्ष 1916 में पहली मुलाकात हुई, जिसके पश्चात् घनश्याम दास बिड़ला उनके अनुयायी बन गए। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1957 में घनश्याम दास बिड़ला को देश के दूसरे सर्वोच्च पुरस्कार 'पद्म विभूषण' से नवाजा भी गया था।

**4.** 'सत्याग्रह' दर्शन पर आधारित गांधीजी के निम्नलिखित संघर्षों में से किसमें औद्योगिक

श्रमिक वर्ग शामिल था?

(A) चंपारन (B) खेड़ा

(C) अहमदाबाद (D) बारदोली

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**4.** (C) महात्मा गांधी द्वारा सत्याग्रह शब्द का सबसे पहले प्रयोग दक्षिण अफ्रीका में किया था, लेकिन वर्ष 1918 में अहमदाबाद का सत्याग्रह श्रमिक वर्ग से सम्बन्धित था। यहाँ पर गांधीजी ने मिल के मालिकों और मजदूरों के बीच मजदूरी बढ़ाने के सिलसिले में चल रहे विवाद का नेतृत्व किया तथा हस्तक्षेप कर समाधान निकाला। गांधीजी के आन्दोलन के परिणामस्वरूप न्यायाधिकरण के आदेश पर 35% बोनस देने का निर्णय किया गया। खेड़ा आंदोलन भू–राजस्व से सम्बन्धित था

चम्पारण आन्दोलन गांधीजी का पहला राष्ट्रवादी आन्दोलन था, जो नील की खेती से सम्बन्धित था, तथा बारदोली एक किसान आन्दोलन के रूप में विख्यात हुआ, जिसका नेतृत्व वल्लभभाई पटेल ने किया था।

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता खिलाफत आन्दोलन का विवरण नहीं देती है?

(A) महात्मा गांधी इसे असहयोग आन्दोलन से सम्बन्धित करना चाहते थे

(B) यह कांग्रेस द्वारा समर्थित नहीं था

(C) इसकी माँग थी कि तुर्की सुल्तान ओटोमन साम्राज्य से पहले, मुस्लिम पवित्र स्थानों पर नियंत्रण करे

(D) इसका नेतृत्व मुहम्मद अली और शौकत अली द्वारा किया गया

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**5.** (B) खिलाफत आन्दोलन वैश्विक स्तर, विशेषकर मध्य एशिया भाग का प्रमुख आन्दोलन था जिसका प्रभाव भारत में भी देखने को मिला। गांधीजी सहित कांग्रेस ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान एवं समर्थन दिया।

**6.** निम्नलिखित विचारकों और आन्दोलनों में से किसने/किन्होंने गांधीजी के राजनीतिक विचारों के विकास को प्रभावित किया?

1. हेनरी डेविड थोरो
2. जॉन रस्किन
3. जॉन मिल्टन
4. जैनमत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1

(B) 1, 2 और 3

(C) 1, 2 और 4

(D) 2 और 4

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**6.** (C) महात्मा गांधी ने सविनय अविज्ञा का सिद्धान्त हेनरी डेविड थोरो नामक विचारक से लिया था। महात्मा गांधी पुस्तक पाठन के बहुत शौकीन थे। जॉन रस्किन की पुस्तक 'अन्टू दिस लास्ट' का महात्मा गांधी पर बहुत प्रभाव था। गांधीजी ने अहिंसा का सिद्धान्त जैन धर्म से ग्रहण किया था। गांधी जी का अहिंसा का दर्शन जैन धर्म के अहिंसा के दर्शन से काफी हद तक अलग था।

**7.** रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी के बीच क्या समानता है?

(A) उन्होंने 8 अप्रैल, 1929 को केन्द्रीय विधान सभा में बम फेंका

(B) वे स्वराज पार्टी के संस्थापक सदस्य थे

(C) वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक थे

(D) वे काकोरी षड्यंत्र मामले से संबद्ध थे

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**7.** (D) रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह, राजेन्द्र लाहिड़ी तीनों हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन प्राणाधार व प्रमुख सदस्यों में से एक थे। इन्होंने मिलकर 9 अगस्त, 1925 को काकोरी नामक स्थान पर ट्रेन में डकैती डालकर सरकारी खजाने को लूटा था। अतः इन तीनों का सम्बन्ध काकोरी षड्यन्त्र मामले से जुड़ा हुआ है। काकोरी काण्ड में शामिल अन्य क्रान्तिकारी अशफाक उल्ला खाँ, चन्द्रशेखर आजाद, शचीन्द्रनाथ सान्याल व मन्मथनाथ गुप्त आदि शामिल थे।

**8.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान, छोटानागपुर के आदिवासियों ने

1. अफीम सेवन बन्द कर दिया
2. खादी पहनी
3. मदिरा पीना एवं मांस खाना बन्द कर दिया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 और 3

(B) केवल 1

(C) 1, 2 और 3

(D) केवल 2 और 3

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**8.** (D) सविनय अवज्ञा आन्दोलन पूरे भारत वर्ष में प्रसिद्ध हुआ। इस आन्दोलन के दौरान छोटानागपुर के आदिवासियों ने विदेशी वस्त्र का बहिष्कार कर खादी पहनी तथा मदिरा माँस सेवन निषिद्ध किया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन वर्ष 1930 में नमक कानून तोड़ने के साथ ही गांधीजी के नेतृत्व में प्रारम्भ किया गया। देश के अलग–अलग क्षेत्रों में इस आन्दोलन का रूप भी भिन्न–भिन्न तरीके से दिखाई दिया। जैसे—बिहार में चौकीदारी का विरोध हुआ, मध्य प्रदेश में जंगल सत्याग्रह हुआ, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश आदि में ताड़ी का विरोध हुआ।

अतः कथन (2) व (3) सही हैं।

**9.** स्वदेशी आन्दोलन की किन जगहों पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई?

(A) मद्रास एवं हैदराबाद

(B) बंगाल एवं महाराष्ट्र

(C) बिहार एवं उड़ीसा

(D) भारतीय रियासत

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**9.** (B) स्वदेशी आन्दोलन भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में से एक महत्त्वपूर्ण आन्दोलन था। स्वदेशी का तात्पर्य है। अपने देश का, इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना व भारत के लोगों के लिए रोजगार सृजन करना था। वर्ष 1905 के बंग–भंग विरोधी जनजागरण के कारण स्वदेशी आन्दोलन के कारण 1911 तक चला और गांधीजी को बहुत बल मिला। वह वर्ष में पर्दापण के पूर्व सभी सफल आन्दोलनों में से एक था। इसकी बंगाल और महाराष्ट्र में तीव्रता अधिक थी।

**10.** असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया गया था—

(A) प्रथम विश्व युद्ध के बाद

(B) चौरी–चौरा घटना के बाद

(C) बारदोली सत्याग्रह के बाद

(D) गांधी-इरविन समझौता के बाद

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**10.** (B) असहयोग आन्दोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1 अगस्त, 1920 को शुरू किया गया भारतीय क्रान्तिकारी का प्रमुख आन्दोलन था। यह आन्दोलन मुख्यरूप से रॉलेट एक्ट, जलियांवाला बाग नरसंहार तथा खिलाफत आन्दोलन के विरुद्ध संचालित किया गया प्रमुख आन्दोलन था। यह आन्दोलन तेजी से लोकप्रिय हुआ, किन्तु 5 फरवरी, 1922 को गोरखपुर के समीप चौरी-चौरा नामक स्थान पर हिंसक भीड़ द्वारा एक पुलिस थाने को जला दिया गया जिसके परिणामस्वरूप आहत होकर गांधीजी ने यह आन्दोलन वापस ले

लिया।

**11.** 20वीं शताब्दी के पहले दशक में होने वाली निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रम में व्यवस्थिति कीजिए :

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बम्बई अधिवेशन
2. ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग की स्थापना
3. बंगाल का विभाजन
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सूरत अधिवेशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1–2–3–4 (B) 1–3–2–4
(C) 4–3–2–1 (D) 2–4–1–3

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**11.** (B) 20वीं शताब्दी के पहले दशक में स्वतन्त्रता से पूर्व लगभग एक दशक तक आजादी के लिए आन्दोलन चलता रहा, जिसकी बहुत सारी घटनाएँ महत्वपूर्ण हैं। प्रश्न के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बम्बई अधिवेशन वर्ष 1904 में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता सर हेनरी कॉटन द्वारा की गई। बंगाल विभाजन की घोषणा सन् 1905 में लार्ड कर्जन द्वारा की गई। ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग की स्थापना 30 दिसम्बर 1906 में वर्तमान बांग्लादेश की राजधानी ढाका में नवाब सलीमुल्ला के नेतृत्व में की गई तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन, सूरत, सन् 1907 में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में कांग्रेस का विभाजन हो गया।इसे सूरत अधिवेशन भी कहा जाता है।

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 1930 में गांधीजी का नमक सत्याग्रह, नमक के बनाने और बेचने में राज्य के एकाधिकार के खिलाफ था।
2. अमेरिकी समाचार–पत्रिका 'टाइम' ने गांधीजी की, नमक सत्याग्रह पर, डाण्डी यात्रा की प्रगति का विवरण दिया।
3. नमक सत्याग्रह के समय भारत के वाइसराय लॉर्ड रिपन थे।
4. खराब स्वास्थ्य के कारण गांधीजी ने डाण्डी अभियान पूरा नहीं किया।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन **सही** है/हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 4
(C) केवल 2
(D) 1 और 2

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**12.** (D) वर्ष 1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के समय नमक सत्याग्रह, जिसे दाण्डी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, गांधीजी द्वारा नमक पर कर लगाने, राज्य द्वारा बनाने व बेचने के खिलाफत के रूप में प्रारम्भ हुआ। गांधीजी ने दाण्डी नामक स्थान पर 6 अप्रैल, 1930 को सांकेतिक नमक बनाकर नमक कानून का उल्लंघन किया। टाइम आदि अनेक विदेशी समाचार–पत्रों/पत्रिकाओं में इसका विवरण भी छपा।

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 1919 में गांधीजी ने रॉलेट सत्याग्रह का आरम्भ अंग्रेजों द्वारा प्रेस पर सेंसर–व्यवस्था लगाने की कार्रवाई के कारण किया।
2. गांधीजी ने रॉलेट सत्याग्रह का आरम्भ अंग्रेजों की, बिना मुकदमा चलाए निरोध की अनुज्ञा की नीति के कारण किया।
3. रॉलेट अधिनियम बॉम्बे और मद्रास प्रेसीडेंसी तक सीमित था।
4. रॉलेट अधिनियम के खिलाफ आन्दोलन, अमृतसर में हुए जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के साथ चर्मोत्कर्ष पर पहुँचा।

उपर्युक्त में से कौन–से कथन **सही** हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) 2 और 3
(C) 1, 2 और 4
(D) 1 और 4

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**13.** (C) गांधीजी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आए तथा एक वर्ष के भारत भ्रमण के पश्चात् वे सक्रिय रूप से राजनीति में शामिल हो गए।सन् 1919 में सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में निर्मित रॉलेट कानून एक्ट के विरोध में गांधीजी द्वारा रॉलेट सत्याग्रह प्रारम्भ किया गया। इस एक्ट के विरोध करने का प्रमुख कारण बिना किसी वजह के किसी पर भी मुकदमा चलाना तथा कारावास में बन्दी बनाना था।इसके विरोध में अमृतसर में सभा हुई जिसकी परिणति जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के रूप में हुई।

**14.** महात्मा गांधी की निम्नलिखित में से किस एक कृति में आधुनिक मशीनोन्मुखी सभ्यता की आलोचना मिलती है?

(A) द स्टोरी ऑफ माइ एक्सपेरीमेन्ट्स विद ट्रुथ
(B) हिन्द स्वराज
(C) कॉन्स्ट्रक्टिव प्रोग्राम
(D) अनासक्ति योग ('गीता' पर भाष्य)

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**14.** (B) महात्मा गांधी द्वारा अपने पूरे जीवन काल में स्वतन्त्रता संग्राम से सम्बन्धित कई पुस्तकों, पत्रिकाओं व अखबारों का सम्पादन किया गया जिन्होंने भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में आधुनिक मशीनोन्मुखी सभ्यता की आलोचना की है।जिसका प्रमुख कारण मशीनीकरण से मजदूरों का बेरोजगार होना है।उन्होंने लिखा, ''लाभ के लिए मजदूर की स्थिति को नीचे गिरने दिया जा रहा है, यहाँ मशीन को मनुष्य से ज्यादा महत्त्व दिया जा रहा है।''

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन होम रूल आंदोलन के संबंध में सही **नहीं** है?

(A) यह आंदोलन, 1917 में बहुत अधिक आगे जाने के उपरांत, और आगे जाने की बजाय, 1918 में धीरे–धीरे ह्रासोन्मुख हुआ
(B) इस आन्दोलन की नेता एनी बेसेंट ने गरमदलीयों के प्रवेश का विरोध नहीं किया
(C) राष्ट्रवादी नेताओं के बीच सतत् मतभेद की वजह से यह आन्दोलन कमजोर से कमजोर होता चला गया
(D) यह आन्दोलन महात्मा गांधी द्वारा फिर से पुनर्जीवित किया गया

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**15.** (D) होमरूल आन्दोलन का प्रारम्भ एनी बेसेण्ट द्वारा सन् 1916 में किया गया। भारत के कुछ हिस्सों में यह काफी प्रसिद्ध भी हुआ लेकिन यह आन्दोलन महात्मा गांधी द्वारा कभी भी पुनर्जीवित नहीं किया गया।

## स्वराज के लिए संघर्ष (1925-1939) (साइमन कमीशन, लाहौर अधिवेशन, गाँधी इरविन समझौता आदि)

**1.** खुदाई खिदमतगार (ईश्वर के सेवक) का गठन किसने किया था?

(A) महात्मा गाँधी
(B) खान अब्दुल गफ्फार खान
(C) एम. ए. जिन्ना
(D) एम. एम. मालवीय

**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (B) • खुदाई खिदमतगार (ईश्वर के सेवक) का गठन खान अब्दुल गफ्फार खान ने किया था। उनको बादशाह खान या सीमान्त गांधी के नाम से भी जाना जाता है। वह भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक पश्तून स्वतंत्रता कार्यकर्ता थे।वह एक राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे जो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे।

**2.** 1927 का महाड़ सत्याग्रह किसके द्वारा आयोजित किया गया था?

(A) बी. आर. अम्बेडकर

(B) महात्मा गाँधी

(C) एस. सी. बोस

(D) लोकमान्य तिलक

**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**2.** (A) ● महाड़ का सत्याग्रह या चवदार तालाब सत्याग्रह या महाड़ का मुक्तिसंग्राम भीमराव अम्बेडकर की अगुवाई में 20 मार्च, 1927 को महाराष्ट्र राज्य के रायगढ़ जिले के महाड़ स्थान पर दलितों को सार्वजनिक चवदार तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाने के लिए किया गया एक प्रभावी सत्याग्रह था।

● इस दिन को भारत में सामाजिक सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सत्याग्रह में हजारों की संख्या में दलित लोग एवं सवर्ण लोग भी सम्मिलित हुए थे, सभी लोग महाड़ के चवदार तालाब पहुँचे और अम्बेडकर ने सबसे पहले अपने दोनों हाथों से उस तालाब से पानी पिया, फिर हजारों सत्याग्रहियों ने उनका अनुकरण किया। यह अम्बेडकर का पहला सत्याग्रह था।

**3.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने "पूर्ण स्वराज" की माँग कब और कहाँ रखी?

(A) बम्बई, 1885 (B) लाहौर, 1929

(C) खेड़ा, 1917 (D) बम्बई, 1942

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**3.** (B) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 19 दिसंबर, 1929 को लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की घोषणा या भारत की स्वतंत्रता की घोषण ाा की थी। इस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की थी।

● जवाहरलाल नेहरू ने 31 दिसंबर, 1929 को लाहौर, पाकिस्तान में रावी नदी के तट पर भारतीय ध्वज फहराया था। यह घोषित किया गया था कि 26 जनवरी, 1930 को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाएगा जब लोगों को पूर्ण स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेना था। कांग्रेस के स्वयंसेवकों, राष्ट्रवादियों और आम लोगों द्वारा देश भर में सार्वजनिक रूप से भारतीय ध्वज फहराया गया।

● भारत के लिए प्रभुत्व की स्थिति के सवाल पर स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं और अंग्रेजों के बीच बातचीत न होने के कारण घोषणा को पारित किया गया था।

**4.** महात्मा गाँधी के अस्पृश्यता–विरोधी अभियान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इस प्रयोजन के लिए अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की स्थापना की गई थी।
2. यह अभियान अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए था, क्योंकि हिंदू शास्त्रों में अस्पृश्यता के लिए कोई समर्थन नहीं था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, और न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**4.** (C) ● गाँधी ने समाज में अस्पृश्यता को दूर करने के लिए अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग की स्थापना 30 सितंबर, 1932 को की, जिसे बाद में हरिजन सेवक संघ (हरिजन समाज के सेवक) के रूप में नाम दिया गया।

● उस समय उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला इसके संस्थापक अध्यक्ष थे और अमृतलाल विट्ठलदास ठक्कर इसके सचिव थे।

● यह अभियान अस्पृश्यता को दूर करने के लिए था क्योंकि हिन्दू शास्त्रों में अस्पृश्यता के लिए कोई समर्थन नहीं था।

● अतः दोनों कथन सही हैं।

**5.** मूल अधिकारों और आर्थिक नीति के सम्बन्ध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन में अंगीकार किए गए संकल्प के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?

1. अंबालाल साराभाई ने इसका विरोध किया था।
2. इसके 20 सूत्रों में नागरिक स्वतंत्रता और वयस्क मताधिकार की माँगें शामिल थीं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**5.** (C) ● 1931 में कांग्रेस कराची अधिवेशन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी। यह सरदार वल्लभभाई पटेल की अध्यक्षता में एकमात्र कांग्रेस सत्र था। इस अधिवेशन में गांधी–इर्विन समझौते का समर्थन किया गया, जिसने कांग्रेस को सरकार के साथ समान स्तर पर बात करने का अवसर प्रदान किया।

● इस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों से सम्बद्ध प्रस्ताव को अपनाया गया, जिसमें धर्म, जाति लिंग आदि के आधार से इतर सभी को कानून के समक्ष समानता के अधिकार का प्रावधान किया गया।

● इसमें सभी के लिए निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की गारंटी दी गई है।

● इस प्रस्ताव में अल्पसंख्यकों और अन्य भाषायी क्षेत्रों की संस्कृति, भाषा तथा लिपि के संरक्षण की भी गारंटी दी गई। साथ ही इसमें सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनावों का प्रस्ताव भी किया गया।

● इसमें अभिव्यक्ति, संगठन बनाने व सम्मेलन आयोजित करने आदि की स्वतंत्रता को भी शामिल किया गया।

● अंबालाल साराभाई ने इसका विरोध किया था तथा इसके 20 सूत्रों में नागरिक स्वतंत्रता एयूआर वयस्क मताधिकार की माँगें शामिल थीं।

**6.** वर्ष 1928 में, कांग्रेसी नेताओं की एक समिति ने भारत के लिये एक संविधान का मसौदा तैयार किया। इस समिति की अध्यक्षता किसने की थी?

(A) महात्मा गांधी (B) टी. बी. सप्रू

(C) मोतीलाल नेहरू (D) जवाहरलाल नेहरू

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**6.** (C) वर्ष 1928 में भारत सचिव लॉर्ड बिरकनहैड की चुनौती को स्वीकार करते हुए मोतीलाल नेहरू ने भारतीय संधिान का मसौदा तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किया। भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने की दिशा में यह भारतीयों का पहला प्रयास था। इस समिति के सादस्यों में अली इमाम,

सुभाषचन्द्र बोस, मंगल सिंह, शोएब कुरैशी तथा तेजबहादुर सप्रू आदि सदस्य मौजूद थे। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट अगस्त, 1928 में सौपीं जिसे नेहरू रिपोर्ट का नाम दिया गया।

**7. कथन I :** अगस्त, 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा पारित किसान घोषणा–पत्र में आमूल परिवर्तनवादी (उग्र) माँगें अन्तर्विष्ट थीं।

**कथन II :** अखिल भारतीय किसान सभा कॉंग्रेस का एक भाग थी और इसने प्रान्तीय कॉंग्रेस समितियों से घनिष्ठ सम्बन्ध बना रखे थे।

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**7.** (A) अप्रैल 1936 में लखनऊ में अखिल भारतीय किसान सभा का निर्माण किया गया। यह सभी प्रान्तीय किसान सभाओं को मिलाकर एक संयुक्त सभा के रूप में गठित की गई थी। स्वामी सहजानन्द तथा एन–जी रंगा को क्रमशः अध्यक्ष तथा महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।

अतः कथन I व कथन II सत्य हैं, और सही स्पष्टीकरण करता है।

**8.** वर्ष 1931 में कॉंग्रेस के कराची संकल्प ने निम्नलिखित में से किस एक विषय का समर्थन किया था?

(A) राज्य, मुख्य उद्योगों और सेवाओं का स्वामित्व या उन पर नियंत्रण नहीं रखेगा

(B) राज्य, प्रमुख उद्योगों और सेवाओं को भारतीय व्यवसाय वर्गों को सौंप देगा

(C) भारतीय व्यवसाय वर्ग को पूँजी का पचास प्रतिशत निवेश करने की अनुमति राज्य द्वारा दी जानी चाहिए

(D) राज्य, प्रमुख उद्योगों और सेवाओं का स्वामित्व या उन पर नियंत्रण रखेगा

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**8.** (D) वर्ष 1931 में कॉंग्रेस के कराची संकल्प में निश्चित किया गया कि राज्य, प्रमुख उद्योगों और सेवाओं का स्वामित्व या उन पर नियन्त्रण रखेगा। कराची संकल्प वर्ष 1931 में कॉंग्रेस के कराची अधिवेशन द्वारा पारित किया गया। इस अधिवेशन में ही प्रथम बार पूर्ण स्वराज' की माँग की गई और पहली बार एक सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों से सम्बन्धित सूची पर बात की गई।

**9.** वेलेजली के शासन के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वेलेज़्ली के शासन के छः वर्षों में, कंपनी के कुल व्यय का 42.5 प्रतिशत हिस्सा सेना के लिए था।
2. वेलेज़्ली के प्रशासनिक उपाय कंपनी के मामलों तक सीमित थे और इनका भारतीय शासक परिवारों के व्यावसायिक और सैन्य मामलों से कोई लेना–देना नहीं था।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**9.** (A) भारत में ब्रिटिश शासन के विस्तार के लिए लॉर्ड वेलेजली ने सहायक सन्धि परम्परा प्रारम्भ की। सहायक सन्धि के तहत् ब्रिटिश सेनाओं द्वारा भारतीय रियासतों की रक्षा करने का प्रावधान किया गया, जिसके बदले भारतीय रियासतें सेना का खर्च उठाती थीं। अतः वेलेजली ने अपने शासन के 6 वर्षों के दौरान सेना हेतु कम्पनी के कुल व्यय का 42.5% निर्धारित किया।

**10.** ''फिलॉसफी ऑफ दी बॉम'' पुस्तक के लेखकों में से एक लेखक, निम्नलिखित में से कौन है?

(A) भगत सिंह (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) सूर्यसेन (D) यशपाल

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**10.** (D) भगवती चरण वोहरा ने चन्द्रशेखर आजाद और भगत सिंह और यशपाल से मशवरा करके 'बम का दर्शन' लिखा। इस पुस्तक में नौजवान भारत सभा और हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन का घोषणा–पत्र है।

- हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) एक क्रांतिकारी संगठन था। इसकी स्थापना राम प्रसाद बिस्मिल, सचिंद्रनाथ सान्याल और जोगेश चन्द्र चटर्जी ने की थी। पहले, इसे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के रूप में जाना जाता था, जिसका लिखित संविधान और प्रकाशित घोषणा–पत्र शीर्षक था। 1925 के काकोरी षडयंत्र मामले में इस घोषणप-पत्र को सबूत के तौर पर पेश किया गया था।
- नौजवान भारत सभा एक वामपंथी कम्युनिस्ट संघ था जिसने मजदूर और किसान युवाओं को एक साथ इकट्ठा करके ब्रिटिश राज के खिलाफ क्रान्ति लाने की माँग की थी। यह मार्च, 1926 में भगत सिंह द्वारा स्थापित किया गया था और हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का एक अधिक सार्वजनिक चेहरा था।

**11.** 4 फरवरी, 1928 को किसने बारदोली सत्याग्रह आरम्भ किया?

(A) महात्मा गांधी (B) बल्लभभाई पटेल

(C) राजेन्द्र प्रसाद (D) कल्याणजी मेहता

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**11.** (B) गुजरात राज्य में स्थित बारदोली सत्याग्रह राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण सत्याग्रह में से एक है। सन् 1928 में किया गया यह सत्याग्रह बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में किया गया।

**12.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान, निम्नलिखित में से किस रियासत ने कांग्रेस का समर्थन नहीं किया?

(A) भावनगर (B) मैसूर

(C) जूनागढ़ (D) काठियावाड़

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**12.** (B) मैसूर ने सविनय अवज्ञा के दौरान कांग्रेस का समर्थन नहीं किया, क्योंकि इस आंदोलन में कांग्रेस ने औपचारिक रूप से रियासतों के खिलाफ भी संघर्ष शुरू करने का आह्वान किया, इसी कारण से मैसूर ने अंग्रेजों का समर्थन किया।

**13.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन I :** चार्टरवाद लोकतांत्रिक अधिकारों हेतु एक राजनीतिक सुधार अभियान था, जो 1838 और 1848 ई. के बीच ब्रिटेन में फैल गया।

**कथन II :** श्रमिक संघ आन्दोलन का, 1830 के दशक तक, ह्रास हो गया, क्योंकि यह श्रमिक वर्ग (वर्किंग क्लास) की आकांक्षाओं को पूरा करने में असफल रहा।

**कूट :**

(A) दोनों कथन अलग–अलग सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

(B) दोनों कथन अलग–अलग सत्य हैं किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।

(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**13.** (A) ब्रिटेन में सामाजिक-आर्थिक सुधारों के परिणामस्वरूप चार्टरवाद लोकतांत्रिक अधिकार चर्चा में आए जो सन् 1838 से 1848 के बीच ब्रिटेन में फैले। श्रमिक संघ आन्दोलन का 1830 के दशक तक ह्रास हो गया क्योंकि यह श्रमिक वर्ग की अकांक्षाओं को पूरा करने में असफल रहा।

**14.** भारत के प्रधानमंत्री की निम्नलिखित शक्तियों में से कौन–सी एक, भारत के संविधान में ही संहिताबद्ध है?

(A) अन्य मंत्रियों की नियुक्ति के विषय में राष्ट्रपति को सलाह देने की शक्ति
(B) मंत्रियों के बीच कार्य बाँटने की शक्ति
(C) मंत्रिमंडल की बैठक को बुलाने की शक्ति
(D) किसी मंत्री को एक विभाग से किसी दूसरे में स्थानांतरित करने की शक्ति

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**14.** (A) संविधान का अनुच्छेद– 75 प्रावधान करता है कि प्रधानमन्त्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मन्त्रियों की नियुक्ति प्रधानमन्त्री की सलाह पर करेगा। मन्त्रियों के बीच कार्य बाँटना, मन्त्रिमण्डल की बैठक बुलाना, किसी मन्त्री को एक विभाग से किसी दूसरे विभाग में स्थानान्तरित करना प्रधानमन्त्री के स्वविवेक पर निर्भर करता है। इन सबके बारे में संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।

**15.** लोक सुरक्षा विधेयक (पब्लिक सेफ्टी बिल), 1928 का विरोध करते समय निम्नलिखित में से किसने कहा था कि यह 'भारतीय राष्ट्रवाद पर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर सीधा प्रहार है' और 'भारत की दासता का पहले नम्बर का बिल' है?

(A) मोतीलाल नेहरू (B) लाला लाजपत राय
(C) टी प्रकाशम (D) दीवान चमन लाल

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**15.** (A) ''भारतीय राष्ट्रवाद पर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर सीधा प्रहार है और भारत की दासता का पहले नम्बर का बिल है।'' यह कथन वर्ष 1928 में लोक सुरक्षा विधेयक (पब्लिक सेफ्टी बिल) का विरोध करते हुए मोतीलाल नेहरू द्वारा कांग्रेस के अधिवेशन में दिया गया था। पब्लिक सेफ्टी बिल एवं ट्रेड डिस्प्यूट बिल का विरोध क्रान्तिकारियों द्वारा किया गया था। जब इस बिल पर 8 अप्रैल, 1929 को केन्द्रीय असेम्बली में चर्चा हो रही थी, तभी भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त द्वारा असेम्बली की रिक्त सीटों पर बम फेंका गया। इसके पश्चात् इन दोनों क्रान्तिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**16.** भारतीय राज्य समिति का 1928 में गठन किसके अधीन हुआ था?

(A) जूनागढ़ का राजा
(B) इयान कॉपलैंड
(C) सर हारकोर्ट बटलर
(D) मोतीलाल नेहरू

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**16.** (C) वर्ष 1928 में ब्रिटिश सरकार ने सर हरकोर्ट बटलर के नेतृत्व में भारतीय राज्य समिति का गठन किया था। इस समिति के अन्य दो सदस्य एस.सी. पॉल और डब्ल्यू.एस. होल्डसवर्थ थे, समिति का प्रमुख लक्ष्य सरकार और भारतीय राज्यों के बीच सम्बन्धों की जाँच कर सुधारों के लिए उपाय सुझाना था। समिति ने वर्ष 1929 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जो साइमन कमीशन की रिपोर्ट के समर्थन में थी।

**17.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दादाभाई नौरोजी ने सर्वप्रथम 'सम्पत्ति अपवहन का सिद्धांत' प्रतिपादित किया।
2. 1896 ई. में कलकत्ता के इसके वार्षिक सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सम्पत्ति अपवहन की आलोचना करने का संकल्प लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से **सही** है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**17.** (C) सर्वप्रथम दादाभाई नौरोजी ने 1867 ई. में अपने ग्रन्थ 'पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया' के माध्यम से सामान्य जनता को यह बताने का प्रयास किया कि किस तरह ब्रिटिश सरकार भारत से धन की निकासी कर रही है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1896 ई. में कलकत्ता में हुए अधिवेशन में इस सिद्धान्त को स्वीकार किया और यह मत व्यक्त किया कि वर्षों से निरन्तर देश से सम्पत्ति की हो रही निकासी देशवासियों की निर्धनता के लिए उत्तरदायी है।

## स्वतंत्रता संग्राम का अंतिम चरण (1940-1947) (अगस्त प्रस्ताव, क्रिप्स मिशन, भारत छोड़ो आन्दोलन, कैबिनेट मिशन प्लान, माउंटबेटन योजना, आदि)

**1.** यह सिद्धांत कि स्वतंत्र भारत के लिये नये संविधान को तैयार करना मुख्यतः (यद्यपि अकेले नहीं) खुद (स्वयं) भारतीयों की जिम्मेदारी होनी चाहिए, पहली बार निम्नलिखित में से किस एक में स्वीकार किया गया था?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935 (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1935)
(B) वाइसराय लिनलिथगो का अगस्त प्रस्ताव (ऑफर)
(C) क्रिप्स प्रस्ताव
(D) कैबिनेट मिशन

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**1.** (B) यह सिद्धान्त कि स्वतन्त्र भारत के लिए नए संविधान को तैयार करना खुद भारतीयों की जिम्मेदारी होनी चाहिए, को पहली बार वायसराय लिनलिथगो के अगस्त प्रस्ताव में स्वीकार किया था।

वायसराय लिनलिथगो ने 8 अगस्त, 1940 को भारतीयों के लिए एक प्रस्ताव पेश किया जिसे अगस्त प्रस्ताव के नाम से जाना जाता है। इस प्रस्ताव के प्रमुख प्रावधान निम्न प्रकार हैं—

(i) भारत को डोमिनियम स्टेट का दर्जा दिया जायेगा।
(ii) भारतीयों को शामिल कर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद युद्ध सलाहकार परिषद् की स्थापना की जाएगी।
(iii) युद्ध उपरान्त संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जिसमें भारतीय ही अपनी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक धारणाओं के अनुरूप संविधान की रूपरेखा तैयार करने के लिए एकमत होगें।
(iv) वायसराय की कार्यकारणी का विस्तार होगा
(v) अल्पसंख्यकों को यह आश्वासन दिया जाएगा कि ऐसी किसी संस्था को सत्ता नहीं सौंपी जाएगी जिसके विरुद्ध अल्पमत हो।

**भारत सरकार अधिनियम,** 1935 इस अधिनियम के अर्न्तगत प्रान्तीय शासन का अधिकार मिल गया।

**क्रिप्स मिशन,** 1942 सर स्टेफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में 22 मार्च, 1942 को क्रिप्स मिशन ने भारत प्रवेश किया। इसमें भारत को डोमिनियन स्टेट का दर्जा देने का प्रस्ताव भी रखा गया।

**कैबिनेट मिशन,** 1946 इसने भारतीय संघ का निर्माण करने का परामर्श किया। इसके पश्चात् संविधान निर्माण कार्य की शुरूआत हुई।

**2.** निम्नलिखित में से किस एक इतिहासकार ने भारत छोड़ो आन्दोलन को एक ''स्वतः प्रवर्तित क्रान्ति'' के रूप में वर्णित किया है?

(A) गोर्डन जॉनसन
(B) डेविड अर्नोल्ड
(C) एफ. जी. हचिन्स
(D) पीटर रॉब

निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) दोनों कथन अलग–अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन अलग–अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है
(D) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**2.** (C) एफ–जी हचिन्स द्वारा भारत छोड़ो आन्दोलन को एक 'स्वतः प्रवर्तित क्रान्ति' के रूप में वर्णित किया गया। 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन अंग्रेजों की नीति और शासन के विरुद्ध भारतीय स्वतन्त्रता संघर्ष के ऐतिहासिक आन्दोलनों में से एक आन्दोलन था। यह आन्दोलन 9 अगस्त, 1942 को गांधीजी के आह्वान पर सम्पूर्ण भारत में प्रारम्भ हुआ था।

**3.** कैबिनेट मिशन प्लान ने भारत के लिए निम्नलिखित में से किस पर विचार किया?
(A) महासंघ
(B) परिसंघ
(C) एकात्मक शासन प्रणाली
(D) राज्यों का संघ

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**3.** (A) वर्ष 1946 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एटली द्वारा भारत में एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय शिष्टमंडल भेजने की घोषणा की जिसे केबिनेट मिशन के नाम से जाना जाता है। यह मिशन 24 मार्च, 1946 को भारत में आया था। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय नेतृत्व को सत्ता सौंपने की योजना पर विचार करना था। इस मिशन ने राष्ट्रमण्डल देशों के सदस्य के रूप में भारत को स्वतन्त्र राष्ट्र का दर्जा प्रदान किया। इस मिशन के गठन के समय क्लीमेण्ट एटली ब्रिटिश प्रधानमन्त्री थे। इसने ही भारत के लिए राज्यों के महासंघ की व्यवस्था पर विचार किया।

**4.** भारत छोड़ो आन्दोलन की एक मुख्य विशेषता निम्नलिखित में से कौन–सी है?
(A) इस आन्दोलन में स्त्रियों ने प्रमुख भूमिका नहीं निभायी
(B) आन्दोलन के दौरान, महाराष्ट्र में नासिक एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय आधार था
(C) यह जमींदार विरोधी हिंसा के रूप में चिह्नित था
(D) भारत के विभिन्न भागों में यह समानान्तर सरकारों के उभार के रूप में चिह्नित था

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**4.** (D) भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान (वर्ष 1942 में) भारत में चार जगहों पर समानान्तर सरकार की स्थापना हुई जिनका क्रम निम्न प्रकार है–
बलिया (उत्तर प्रदेश)
तामलुक (बंगाल)
सतारा (महाराष्ट्र)
तालचर (उड़ीसा)

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से नया/नये लक्षण भारत छोड़ो आन्दोलन (1942) में दृष्टिगोचर हुआ/हुए?
1. कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आन्दोलन
2. कुछ भारतीय रियासतों में बड़े पैमाने पर जन सहभागिता
3. किसान सभा की गतिविधियाँ में वृद्धि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :
(A) 1, 2 और 3 (B) केवल 1
(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 3

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**5.** (C) सही कथन 1 व 2 हैं। भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 समय प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ा व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। इस आन्दोलन के माध्यम से श्रमिक वर्ग तथा भारतीय पूँजीपति वर्ग भी शामिल हुए। भारतीय रियासतों की जनता ने भी भारत छोड़ो आन्दोलन में भरपूर हिस्सा लिया, लेकिन किसान सभा इस आन्दोलन से अछूत रही। हालांकि व्यक्तिगत रूप से किसानों की भागीदारी रही। यह आन्दोलन नेतृत्व विहीन आन्दोलन था तथा इसी आन्दोलन के समय गांधीजी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था।

**6.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन–I :** वर्ष 1946 में, काउन्सिल ऑफ द मुस्लिम लीग ने कैबिनेट मिशन योजना को स्वीकार किया।

**कथन–II :** मुस्लिम लीग ने अन्तरिम सरकार में शामिल होने का विचार किया।

**कूट :**
(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, और कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, और कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन–I सत्य है, किन्तु कथन–II असत्य है
(D) कथन–I असत्य है, किन्तु कथन–II सत्य है

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**6.** (B) कैबिनेट मिशन (1946) भारत की एकता को बनाए रखने और स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए ब्रिटिश सरकार से भारतीय नेतृत्व को शक्तियों के हस्तांतरण पर चर्चा करने के इरादे से भारत आया था।
जिन्ना पाकिस्तान और भारत के बीच समानता की कामना करते थे। केवल दो समूहों के लिए उनकी प्राथमिकता के बावजूद, मुस्लिम लीग की परिषद ने 6 जून, 1946 को मिशन के प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया, वेवेल से गारन्टी प्राप्त करने के बाद कि अगर कांग्रेस ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया तो लीग को अन्तरिम सरकार में रखा जाएगा। अतः दोनों कथन सत्य हैं लेकिन कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।

**7.** 1942 के क्रिप्स प्रस्तावों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. संविधान–निर्मात्री सभा में भारतीय राज्यों की सहभागिता हेतु उपबन्ध किए जाने थे।
2. ब्रिटिश सरकार ने संविधान को स्वीकार करने तथा लागू करने की जिम्मेदारी ली।
3. संविधान को स्वीकार करने के सम्बन्ध में ब्रिटिश भारत के सभी प्रान्तों को एक प्रतिज्ञा–पत्र देना था।
4. चल रहे विश्व युद्ध में ब्रिटिश भारत का कोई भी संसाधन प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2
(C) 1, 2 और 4 (D) 1, 3 और 4

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**7.** (A) ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में बढ़ते तनाव को रोकने के लिए सन् 1942 में सर क्रिप्स की अध्यक्षता में एक दल को भारत भेजा, गया जिसने भारतीय राजनेताओं के समक्ष संविधान सभा के निर्माण की बात रखी। इन्होंने गेमिनियन राज्य का भी प्रस्ताव रखा। इसमें ब्रिटिश भारत को अनिवार्य रूप से शामिल होना था जबकि अन्य देशी रियासतों को शामिल रहने या अलग रहने का अधिकार था, लेकिन कांग्रेस द्वारा क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया।

## गवर्नर जनरल और वायसराय

**1.** गांधीजी के दांडी मार्च के समय, भारत का वाइसराय कौन था?
(A) लॉर्ड इर्विन (B) लॉर्ड लिनलिथगो
(C) लॉर्ड रीडिंग (D) लॉर्ड विलिंगडन

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**1.** (A) गांधीजी के दाण्डी मार्च के समय लॉर्ड इर्विन भारत के वायसराय थे। जिसका कार्यकाल 1926-31 के बीच रहा। गांधीजी ने 12 मार्च, 1930 को नमक सत्याग्रह (दाण्डी मार्च) किया। इन्होंने साबरमती आश्रम से अपने 78 समर्थकों के साथ दाण्डी पद यात्रा शुरू की थी। 24 दिनों के बाद 5 अप्रैल, 1930 को दाण्डी पहुँचे और 6 अप्रैल को नमक बनाकर कानून को तोड़ा। लॉर्ड इर्विन के समय में ही साइमन कमीशन ने भारत में प्रवेश किया था। रॉयल कमीशन (1928) की नियुक्ति की गई थी, **लॉर्ड रीडिंग** (1921-26) यह भारत में प्रवेश करने वाला एकमात्र यहूदी वायसराय था। इसने एकवर्थ कमीशन की सिफारिश पर रेल बजट को आम बजट से पृथक किया था।

**लॉर्ड विलिंगटन** (1936-44) इनके समय की प्रमुख घटनाओं में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना क्रिप्स मिशन का भारत आगमन (1942) आदि प्रमुख हैं।

**2.** निम्नलिखित में से कौन–सी एक अमेरिकी समाचार पत्रिका, गांधीजी के दांडी मार्च के बारे में आरम्भ में बहुत संशयात्मक थी, किन्तु एक सप्ताह के भीतर ही उसने अपनी राय पूरी तरह से बदल ली और एक महात्मा और राजनेता के रूप में गांधीजी का अभिवादन किया?

(A) सैटर्डे इवनिंग पोस्ट
(B) रीडर्स डाइजेस्ट
(C) टाइम
(D) लाइफ

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (C) 'टाइम' नामक अमेरिकी समाचार पत्रिका, गांधीजी के दाण्डी मार्च के बारे में शुरू में बहुत शंशयात्मक थी, किन्तु एक सप्ताह के भीतर ही उसने अपनी राय पूरी तरह बदलकर महात्मा और राजनेता के रूप में गांधीजी की प्रसंशा की। टाइम पत्रिका ने नमक सत्याग्रह को दुनिया बदल देने वाला आन्दोलन के रूप में उजागर किया था। इसने नमक सत्याग्रह को ब्रिटिश वर्चस्व तोड़ने वाला कहा था। टाइम पत्रिका ने अपनी सूची में अमेरिकी स्वतन्त्रता आन्दोलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाले 'वोस्टन टी पार्टी' को प्रथम स्थान पर रखा।

**3.** किस वाइसराय ने यह कहा कि ''अगर गांधी न होता तो यह दुनिया वाकई बहुत खूबसूरत होती ........''?

(A) लॉर्ड इरविन (B) लॉर्ड वेवेल
(C) लॉर्ड माउंटबेटन (D) लॉर्ड वेलिंगटन

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**3.** (D) लार्ड वेलिंगटन द्वारा सन् 1933 में गांधीजी के लिए यह कहा गया कि अगर गांधी न होता तो यह दुनिया बहुत खूबसूरत होती। लॉर्ड वेलिंगटन, वर्ष 1931 से 1936 तक भारत के वायसराय रहे थे। वेलिंगटन को उसकी दमनपूर्ण नीतियों के कारण एक घृणित गवर्नर जनरल माना जाता था। इसके शासनकाल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ हैं– द्वितीय व तृतीय गोलमेज सम्मेलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन का दोबारा आरम्भ, रैम्जे मैक्डोनाल्ड द्वारा साम्प्रदायिक निर्णय (1932)। पूना पैक्ट (1932), भारत शासन अधिनियम, (1935) तथा बर्मा का भारत से पृथक्करण।

**4.** वेलेजली के शासन के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वेलेज़ली के शासन के छः वर्षों में, कंपनी के कुल व्यय का 42.5 प्रतिशत हिस्सा सेना के लिए था।
2. वेलेज़ली के प्रशासनिक उपाय कंपनी के मामलों तक सीमित थे और इनका भारतीय शासक परिवारों के व्यावसायिक और सैन्य मामलों से कोई लेना–देना नहीं था।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**4.** (A) भारत में ब्रिटिश शासन के विस्तार के लिए लॉर्ड वेलेजली ने सहायक सन्धि परम्परा प्रारम्भ की। सहायक सन्धि के तहत् ब्रिटिश सेनाओं द्वारा भारतीय रियासतों की रक्षा करने का प्रावधान किया गया, जिसके बदले भारतीय रियासतें सेना का खर्च उठाती थीं। अतः वेलेजली ने अपने शासन के 6 वर्षों के दौरान सेना हेतु कम्पनी के कुल व्यय का 42.5% निर्धारित किया।

**5.** लॉर्ड कर्जन के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा एक कथन सही है?

(A) कांग्रेस के प्रति उनकी पूर्ण सहानुभूति थी
(B) उन्होंने सहायक संधि प्रारम्भ की
(C) वे भारत के वाइसराय के रूप में लॉर्ड केनिंग के उत्तराधिकारी बने
(D) उन्होंने ढाका, चिटगाँव और राजशाही के भागों को बंगाल के प्रान्त से अलग किया और उन्हें असम में मिला दिया

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**5.** (D) भारतीय ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत वायसराय के रूप में लार्ड कर्जन का कार्यकाल 1899 से 1905 के बीच था। वे सन् 1905 में होने वाले बंगाल विभाजन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रशासनिक सुविधाओं के आधार पर बंगाल को दो भागों में बाँट दिया, जबकि सहायक सन्धि लार्ड वेलेजली (1798-1905) के समय में हुई।

**6.** रैयतवाड़ी व्यवस्था के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **सही** है/हैं?

1. सरकार एक-एक किसान से मालगुजारी की सीधे वसूली करती थी।
2. कृषकों को जमीन का मालिक होने की कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**6.** (A) रैयतवाड़ी व्यवस्था राजस्व एकत्रित करने की व्यवस्था थी। इस व्यवस्था के अन्तर्गत इस प्रणाली में भिन्न-भिन्न प्रकार की भूमि से होने वाली औसत आय का आकलन किया जाता था। किसानों को भू-स्वामित्व प्राप्त था बशर्ते वे सरकार की माँग का भुगतान करें।

**7.** विलियम बैंटिंक ने सामाजिक बुराइयों का दमन/उच्छेदन कर हिन्दू समाज के सुधार का प्रयास किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक उनमें शामिल **नहीं** है?

(A) सती (B) शिशु-हत्या
(C) ठगी (D) दासता

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**7.** (D) वर्ष 1825-35 के बीच विलियिम बैटिंक भारत का गवर्नर-जनरल बना रहा। उसने अपने कार्यकाल के दौरान भारत में व्याप्त सामाजिक बुराइयों में सुधार लाने का प्रयास किया। वर्ष 1829 में राजा राममोहन राय की सहायता से उसने सती प्रथा पर प्रतिबन्ध लगा दिया। वर्ष 1830 में उसने 'ठगी प्रथा' को समाप्त किया और बालिका भ्रूण–हत्या पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया।

वर्ष 1843 के भारतीय दासता अधिनियम V के द्वारा भारत में दास प्रथा का अन्त हुआ, परन्तु भारतीय दण्ड विधान, 1861 के प्रावधानों के बाद ही दास प्रथा का पूर्ण उन्मूलन सम्भव हो सका। यह विधान लॉर्ड कैनिंग के गवर्नर जनरल के कार्यकाल के दौरान पारित हुआ था। भारत के गवर्नर जनरल लार्ड विलियन बैंटिंक (सन् 1825-35) को भारत में सामाजिक व धार्मिक सुधारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने प्रयासों से सन् 1829 में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया। सन् 1830 में ठगी

प्रथा को समाप्त किया लेकिन वास्तविक रूप में दासता निषेध अधिनियम सन् 1843 में दासप्रथा को खत्म किया। लार्ड कैनिन के काल में आया।

**8.** प्लान बालकन क्या था?

(A) अलग-अलग प्रांतों या प्रांतों के परिसंघ को शक्ति अंतरित करने की माउंटबैटन द्वारा निरूपित योजना, जिसमें पंजाब एवं बंगाल विधानसभाओं को अपने प्रांतों के विभाजन के लिये मतदान करने के विकल्प दिये गये

(B) भारतीय नरेशों एवं प्रांतों को स्वायत्तता देने की पेथिक लॉरेंस द्वारा निरूपित योजना

(C) भारतीय प्रांतों को परिसंघ बनाने की स्वायत्तता देने के लिये मुस्लिम लीग और कांग्रेस द्वारा निरूपित योजना

(D) भारतीय नरेशों को या तो स्वतंत्र रहने या भारत अथवा पाकिस्तान में मिल जाने की स्वतंत्रता देने के लिये माउंटबैटन द्वारा निरूपित योजना

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**8.** (A) कैबिनेट मिशन के असफल हो जाने के पश्चात् माउण्टबेटन ने एक वैकल्पिक योजना निर्मित की जिसे 'प्लान बालकन' के नाम से जाना जाता है। यह योजना 10 मई को नेहरू जी को बताई गई लेकिन उनकी तीखी प्रतिक्रिया के कारण अन्ततः इसे त्याग दिया गया।

## विविध

**1.** तत्वबोधिनी पत्रिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?

(A) इसने बांग्ला भाषा में प्राचीन भारत के व्यवस्थित अध्ययन को प्रोत्साहित किया।

(B) इसने संस्कृत स्रोतों के माध्यम से प्राचीन भारत के व्यवस्थित अध्ययन को प्रोत्साहित किया।

(C) इसने फारसी स्रोतों के माध्यम से प्राचीन भारत के व्यवस्थित अध्ययन को प्रोत्साहित किया।

(D) इसने पश्चिमी स्रोतों के माध्यम से प्राचीन भारत के व्यवस्थित अध्ययन को प्रोत्साहित किया।

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**1.** (A)
- बांग्ला भाषा में भारत के प्राचीन साहित्य के अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
- तत्वबोधिनी पत्रिका महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा 16 अगस्त, 1843 को स्थापित की गयी थी। यह तत्वबोधिनी सभा की पत्रिका थी जिसका प्रकाशन 1883 तक होता रहा। यह कलकत्ता से बांग्ला में प्रकाशित होती थी।
- इस पत्रिका ने बांग्ला भाषा में परचून भारत के व्यवस्थित अध्ययन को प्रोत्साहित किया। तत्वबोधिनी पत्रिका का उद्देश्य बांग्ला भाषा में भारत के प्राचीन साहित्य का व्यवस्थित अध्ययन करना था।

**2.** जयपाल सिंह के बारे में, निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही **नहीं** है?

(A) वे संविधान सभा के सदस्य थे

(B) उन्होंने आदिवासी महासभा की स्थापना की

(C) वे पहली भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान थे

(D) उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिये, एक अलग राज्य का अभियान चलाया

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (D) उपरोक्त प्रश्न में जयपाल सिंह मुण्डा के बारे में विकल्प (D) में दिया हुआ कथन असत्य है।

**कथन (A)** जयपाल सिंह मुण्डा संविधान सभा के सदस्य थे,

**कथन (B)** जनवरी, 1938 में उन्होंने आदिवासी महासभा की नींव रखी। जयपाल सिंह का जन्म राँची (झारखण्ड) में हुआ था वह राज्य की मुण्डा जनजाति समुदाय के थे।

**कथन** (C) जयपाल सिंह मुण्डा पहली भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान के रूप में चुने गए। उन्होंने वर्ष 1928 में नीदरलैण्ड्स में हुए ओलम्पिक के लिए भारतीय कप्तान के रूप में नेतृत्व किया तथा भारत ने अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।

**3.** राजमहल क्षेत्र में **दामिन–ई कोह** क्या था?

(A) भूमि का एक विशाल क्षेत्र जिसका सीमांकन किया गया था और जिसे सान्थालों की भावी (भविष्य) भूमि घोषित किया गया था

(B) पहारियाओं की भूमि जो विशेष रूप से धान की खेती के लिए थी

(C) ब्रिटिश इलाका (भूमि) जो उनके सैन्य (फौज) शिविर के लिए चिह्नित था

(D) निर्धारित किये गये किसानों को स्थापित करने के लिए अलग की गयी (तय की गयी) भूमि

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**3.** (A) राजमहल क्षेत्र में दामिन–ई कोह नामक स्थान भूमि का एक विशाल क्षेत्र था, जिसका सीमांकन किया गया था और जिसे संथालों की भावी भूमि के रूप में घोषित किया गया था। संथाल जनजाति मुख्य रूप से बिहार के भागलपुर से राजमहल तक के क्षेत्र में रहते थे इनका जमीनों से अधिक लगाव था।

**4.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन I :** ब्रिटिश ने भारत पर एक आधुनिक नौकरशाही के माध्यम से शासन किया। इस नौकरशाही में भारतीय सिविल सेवा की प्रधानता थी जिसके सदस्य खुली प्रतियोगिता पर आधारित योग्यता (मेरिट) द्वारा भर्ती किये गये थे।

**कथन II :** भारतीय सिविल सेवा, भारतीयों की एकनिष्ठ (अनन्य) सहभागिता पर आधारित थी।

**कूट :**

(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**4.** (C) भारतीय सिविल सेवा भारत में ब्रिटिश शासन की मुख्य नौकरशाही और स्टील फ्रेम है
- 1853 में चार्टर अधिनियम के बाद ही सिविल सेवकों के चयन और भर्ती के लिए खुली प्रतियोगिता पर आधारित प्रणाली शुरू की गई। अतः कथन I सही है।
- 1883 तक भारतीय सिविल सेवा में भारतीयों की कुल संख्या 12 थी। अतः कथन II सही नहीं है।

**5.** याण्डबू की सन्धि कब हस्ताक्षरित की गयी थी?

(A) वर्ष 1826 (B) वर्ष 1825

(C) वर्ष 1824 (D) वर्ष 1823

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**5.** (A) याण्डबू की सन्धि 24 फरवरी, 1826 को अंग्रेजों और बर्मा के मध्य सम्पन्न हुई। इस सन्धि द्वारा प्रथम आंग्ल–बर्मा युद्ध की समाप्ति की घोषणा की गई तथा असम (असोम) में अंग्रेजी शासन को अनुमति प्रदान की गई। यह सन्धि तत्कालीन बर्मा की राजधानी आवा से लगभग 70 किमी दूर याण्डबू गाँव हस्ताक्षरित की गई थी।

**6.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय सिविल सेवा के लिए योग्यता अर्जित करने वाला पहला भारतीय था?

(A) सत्येंद्रनाथ टैगोर

(B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) आर. सी. दत्त

(D) सुभाष चन्द्र बोस

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**6.** (A) सत्येन्द्रनाथ टैगोर भारत के लिए ICS अफसर बनने वाले प्रथम व्यक्ति थे। वे रबीन्द्रनाथ टैगोर के बड़े भाई थे। सत्येन्द्रनाथ टैगोर वर्ष 1862 में इस परीक्षा के लिए इंग्लैण्ड गए और जून, 1863 में यह परीक्षा उत्तीर्ण की। ट्रेनिंग के पश्चात् वे नवम्बर, 1864 में भारत लौट आए। उनकी पहली नियुक्ति बॉम्बे प्रेसीडेन्सी में हुई थी। उन्होंने सिविल सर्विसेज में लगभग 30 साल तक में कार्य किया। इनकी मृत्यु 9 जनवरी, 1923 को हुई थी।

**7.** 1799 में किंग जॉर्ज को 'बादशाह नामा' किसने भेंट किया था?

(A) अबुल फजल

(B) अब्दुल हामिद लाहौरी

(C) अवध के नवाब

(D) विलियम जोन्स

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**7.** (C) सन् 1799 ई. में किंग जॉर्ज को बादशाहनामा अवध के नवाब द्वारा प्रदान की गई। बादशाहनामा की शाही सचित्र पाण्डुलिपि विण्डसर कैसल में रॉयल लाइब्रेरी में संरक्षित है, जबकि अबुल फजल ने अकबरनामा, एवं आइने अकबरी की रचना की थी। अब्दुल हमीद लाहौरी ने बादशाहनामा की रचना की थी, सर विलियम जोंस अंग्रेज प्राच्य पण्डित और विधिशास्त्री तथा प्राचीन भारत सम्बन्धी सांस्कृतिक अनुसन्धानों के प्रारम्भकर्ता थे।

**8.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|---|
| **a.** | बाल गंगाधर तिलक | 1. दि आर्कटिक होम इन द वेदाज |
| **b.** | दादाभाई नौरोजी | 2. हिन्द स्वराज |
| **c.** | महात्मा गांधी | 3. द डिस्कवरी ऑफ इण्डिया |
| **d.** | जवाहरलाल नेहरू | 4. पॉवर्टी एण्ड अन–ब्रिटिश रूल इन इण्डिया |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**8.** (C) सही सुमेलन a-1, b-4, c-2, d-3 है। 'द आर्कटिक होम इन द वेदाज' बाल गंगाधर तिलक द्वारा आर्यनिक लोगों की उत्पत्ति पर आधारित प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है, जिसका प्रकाशन सन् 1903 में किया गया था। 'हिन्द स्वराज' महात्मा गांधी की प्रसिद्ध पुस्तक का नाम है, जो कि मूल रूप से गुजराती भाषा में लिखी गई है। यह एक लघु पुस्तिका है जिसे गाँधीजी ने अपनी इंग्लैण्ड से दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के समय लिखा था। द डिस्कवरी ऑफ इण्डिया के लेखक जवाहरलाल नेहरू थे। इस पुस्तक की रचना अहमद नगर जेल में की गई थी। यह पुस्तक मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गयी थी। पॉवर्टी एण्ड अन ब्रिटिश रूल इन इण्डिया 'दादा भाई नौरोजी द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध पुस्तक है जिसका प्रथम प्रकाशन वर्ष 1901 में हुआ। दादाभाई नौरोजी को 'ग्रैण्ड ओल्ड मैन ऑफ इण्डिया' के नाम से जाना जाता है।

**9.** बिपिन चन्द्र पाल के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(A) वे कांग्रेस के नरम दल के सदस्य थे

(B) वे कांग्रेस के गरम दल के सदस्य थे

(C) वे स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में रक्षामंत्री थे

(D) वे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री थे

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**9.** (B) बिपिन चन्द्र पाल कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेताओं में से एक थे। वर्ष 1906 के बाद भारतीय राजनीति में कांग्रेस के भीतर उग्रवादी दल के उदय के साथ–साथ देश में क्रान्तिकारी उग्रवादी दलों का प्रारम्भ हुआ जिनके चार प्रमुख कांग्रेस नेताओं बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, विपिन चन्द्र पाल एवं अरविन्द घोष ने इस आन्दोलन का नेतृत्व सम्भाला। इनमें से तीन नेता लाल-बाल-पाल के नाम से प्रसिद्ध थे।

**10.** चटगाँव समूह के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(A) गणेश घोष, लोकनाथ बाल और अनन्त सिंह सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने इसकी सदस्यता ग्रहण की थी

(B) इसके नेता सूर्य सेन, समूह में जुड़ने से पहले, ढाका में वकील थे

(C) सूर्यसेन और उनका समूह, चटगाँव में कांग्रेस के कार्य से निकटता से जुड़े थे

(D) इस समूह ने चटगाँव में शस्त्रागारों पर अधिकार करने की एक कार्ययोजना बनायी थी

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**10.** (B) सूर्यसेन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रान्तिकारी युवा नेताओं में से एक थे। चटगाँव शस्त्रागार लूट में उनका विशेष स्थान था। वे पेशे से शिक्षक थे। उन्हें मास्टर दा के नाम से जाना जाता है।

**11.** निम्नलिखित में से कौन–सी एक विशेषता, उपनिवेशीय भारत में रेल की **नहीं** थी?

(A) भारत में रेल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य साम्राज्य के हित की सेवा करना था

(B) 15% के गारण्टित ब्याज पर ब्रिटिश पूँजी निवेश को आमंत्रित किया गया, जो जरूरी होने पर भारतीय राजस्व से देय होगा

(C) निर्माण कार्य ने पारिस्थितिकी को असामान्य कर दिया

(D) रेलवे के निर्माण को इस प्रकार नियोजित किया गया कि यह आंतरिक बाजारों को समुद्री बन्दरगाहों से जोड़े, किन्तु इससे आंतरिक बाजार नगरों के बीच अन्तः सम्बन्धन मुहैया नहीं हुआ

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**11.** (B) औपनिवेशित काल के अन्तर्गत भारत में ब्रिटिश शासन द्वारा रेलवे का जाल बिछाने का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा आर्थिक लाभ को प्राप्त करना था। इसके साथ ही भारत को भी इसका लाभ मिला। विकल्प (B) से इसकी विशेषता नहीं थी।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन, गांधीजी द्वारा 1909 में लिखी गई हिन्द स्वराज के बारे में सत्य है/हैं?

1. हिन्द स्वराज भारतीय राष्ट्र की एक सभ्यतापरक संकल्पना प्रस्तुत करती है।
2. हिन्द स्वराज यह स्पष्ट करती है कि भारतीयों की दुर्दशा में सुधार के लिए संसदीय लोकतंत्र आवश्यक था।
3. हिन्द स्वराज यह तर्क देती है कि औद्योगिक पूँजीवाद, समाज की अनैतिकता के लिए उत्तरदायी था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 3

(B) 1, 2 और 3

(C) 1 और 3

(D) केवल 1

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**12.** (C) 'हिन्द स्वराज' को मूलरूप से गुजराती भाषा में लिखा गया था। यह पुस्तक गांधीजी द्वारा 1909 ई. में लन्दन से दक्षिण अफ्रीका लौटते हुए जहाज में हिन्दुस्तानियों के हिंसावादी पथ को और उसी विचारधारा वाले दक्षिण अफ्रीका के एक वर्ग को दिए गए जवाब के रूप में यह लिखी गई थी।

'हिन्द स्वराज' में गांधीजी द्वारा स्वशासन (स्वराज) की विस्तृत व्याख्या की है।

**13.** निम्नलिखित में से कौन 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' से संबद्ध है/था?
(A) चंडी प्रसाद भट्ट (B) नरेन्द्र दाभोलकर
(C) जी. डी. अग्रवाल (D) कैलाश सत्यार्थी
**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**13.** (B) डॉ. नरेन्द्र अच्युत दाभोलकर का जन्म 1 नवम्बर, 1945 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ। वे सन् 1982 से अन्धविश्वास निर्मूलन आन्दोलन के प्रमुख कार्यकर्ता थे। सन् 1989 में उन्होंने महाराष्ट्र अन्धश्रद्धा निर्मूलन समिति की स्थापना की।

**14.** निम्नलिखित में से कौन सर्वोदय आन्दोलन से संबद्ध नहीं था?
(A) जय प्रकाश नारायण
(B) आचार्य विनोबा भावे
(C) धीरेन्द्र मजूमदार
(D) जी वी अप्पाराव
**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**14.** (D) सर्वोदय आन्दोलन महात्मा गांधी द्वारा प्रेरति था, जिसमें जय प्रकाश नारायण आचार्य बिनोवा भाव एवं धीरेन्द्र मजूमदार सम्मलित थे। जी वी अप्पाराव इस आन्दोलन से सम्बद्ध नहीं थे।
सर्वोदय आन्दोलन का लक्ष्य 'सबका उदय सबका विकास' था जिसकी कल्पना गांधी जी ने की थी।

**15.** ई. वी. रामास्वामी नाइकर किससे सम्बद्ध थे?
1. ब्राह्मणवाद के सुधार से
2. स्वाभिमान आन्दोलन से
3. निम्न जाति आन्दोलन से
4. साम्यवादी आन्दोलन से
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :
(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 3
(C) केवल 1 और 4
(D) केवल 2 और 3
**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**15.** (D) ई.वी. रामास्वामी नायकर स्वाभिमान आन्दोलन और निम्न जाति आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।
ई.वी. राधास्वामी नायकर का जन्म 17 सितम्बर, 1879 को तमिनाडु के ईरोड में हुआ तथा 24 दिसम्बर, 1973 को तमिलनाडु के वेल्लोर में इनका निधन हो गया। ये तमिल राष्ट्रवादी एवं समाज सुधारक में से एक थे। इन्होंने वर्ष 1923 में आत्मसम्मान आन्दोलन या द्रविड़ आन्दोलन की नींव रखी। इन्होंने जस्टिस पार्टी की भी स्थापना की, जो बाद में जाकर 'द्रविड़ कड़गम' के रूप में विकसित हुई। ये आजीवन रुढ़िवादी हिन्दुत्व का विरोध करते रहे और हिन्दी के अनिवार्य शिक्षण का भी इन्होंने घोर विरोध किया।

**16.** '... यह हमें राजनीतिक रूप से कृषिदासता तक ले आया है। इसने हमारी संस्कृति की नींव को अशक्त कर दिया है ..... इसने हमें आत्मिक रूप से हीन कर दिया है।'' यह भारतीयों पर पड़ने वाले, उपनिवेशी सरकार के किस कार्य/नीति के बुरे प्रभाव की, महात्मा गाँधी द्वारा शिकायत थी?
(A) नमक कर
(B) अपर्याप्त मताधिकार
(C) प्रेस एक्ट
(D) रॉलेट एक्ट
**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**16.** (A) महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत नमक के उत्पादन और विक्रय पर राज्य के एकाधिकार को चुनौती के माध्यम से की। गाँधीजी का मानना था कि नमक कानून भारतीय जनता के लिए बिल्कुल भी औचित्यपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कानून ने हमारी संस्कृति की नींव में अन्तर्निहित मूल्यों जैसे–प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सह–अस्तित्व आदि को अशक्त कर दिया है। दूसरी ओर भारतवासी आत्महीनता की भावना से ग्रस्त हो गए हैं।

**17.** 19वीं शताब्दी में भारत में फैक्टरी कानून लागू करना भारतीय सरकार पर किसके दबाव का परिणाम था?
(A) भारतीय मजदूर संघों का
(B) भारतीय समाजवादियों का
(C) लंकाशायर तथा मैन्चेस्टर के विनिर्माताओं का
(D) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का
**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**17.** (C) 19वीं शताब्दी के औपनिवेशिक काल में भारत सरकार पूँजीपतियों की समर्थक थी, फिर भी उसने आधुनिक कारखानों की बुरी स्थिति के प्रभावों को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए। इस सन्दर्भ में सरकार मानवीय भावनाओं से अंशतः ही प्रेरित हुई। वस्तुतः ब्रिटेन में औद्योगिक क्रान्ति के प्रणेता, लंकाशायर एवं मैनचेस्टर के विनिर्माताओं को भय था कि भारत में मजदूरी कम होने के कारण भारतीय उद्योगपति भारतीय बाजार में उन्हें जल्द ही प्रतियोगिता में पीछे छोड़ देंगे, जिसके परिणामस्वरूप ब्रिटेन के उद्योगपति द्वारा फैक्ट्री कानून बनाने के लिए सरकार पर दबाव डाला गया। पहला इण्डियन फैक्ट्री एक्ट–1881 इसी दबाव का परिणाम था।

## विश्व का इतिहास

**1.** 'औद्योगिक क्रांति' पद का प्रयोग सर्वप्रथम किसके द्वारा किया गया था?
(A) जे. ए. ब्लैंकी (B) टी. एस. एश्टन
(C) आर्नाल्ड टॉयनबी (D) आर.एच. टावनी
**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (C)
- 'औद्योगिक क्रांति' पद का प्रयोग सर्वप्रथम आर्नाल्ड टॉयनबी के द्वारा किया गया था। औद्योगिक क्रांति से आशय उन वैज्ञानिक आविष्कारों, तकनीकी अनुसंधानों एवं उनके अनुप्रयोगों से है जिसके फलस्वरूप 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में इंग्लैंड में परंपरागत उद्योगों के स्थान पर नए एवं विशाल उद्योगों की स्थापना की गई जिससे उत्पादन की तीव्र गति एवं बेहतर उत्पाद के फलस्वरूप तत्कालीन औद्योगिक परिवेश में क्रांतिकारी परिवर्तन आए।
- 18वीं शताब्दी के प्रारंभिक काल तक इंग्लैंड में लघु एवं कुटीर उद्योग-धंधों की ही प्रमुखता थी, परन्तु नए-नए यांत्रिक अनुसंधानों के फलस्वरूप संगठित एवं विशाल कारखाना पद्धति का विकास हुआ, जिसमें मशीनों द्वारा व्यापक पैमाने पर उत्पादन संभव हो सका।

**2.** इन्क्रूमा उन पाँच नेताओं में से एक थे, जो गुट-निरपेक्ष आंदोलन (एन.ए.एम.) के केन्द्र में थे। वे अफ्रीका के किस देश के नेता थे?
(A) नाइजीरिया (B) केन्या
(C) युगांडा (D) घाना
**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**2.** (D)
- इन्क्रूमा उन पाँच नेताओं में से एक थे, जो गुट-निरपेक्ष आंदोलन (NAM) के केन्द्र में थे। वे अफ्रीका के घाना देश के नेता थे। बांडुंग सम्मेलन के छह वर्ष बाद सितंबर 1961 में यूगोस्लाविया के बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया और इसमें कुल 25 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गुट निरपेक्ष आन्दोलन के निम्न उद्देश्य थे–

- शीत युद्ध की राजनीति का त्याग करना और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का अनुसरण करना।
- सैन्य गठबंधनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखना।
- साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद का विरोध करना।
- रंगभेद की नीति के विरुद्ध संघर्ष की शुरुआत करना और मानवाधिकारों की रक्षा के लिये यथासंभव प्रयास करना।

**3.** निम्नलिखित में से किसमें 4 जुलाई, 1776 को अमेरिकी स्वतंत्रता का घोषणा–पत्र अंगीकृत किया गया था?
(A) वॉशिंगटन सम्मेलन
(B) सैन फ्रांसिस्को सम्मेलन
(C) द्वितीय कॉन्टिनेन्टल काँग्रेस
(D) प्रथम कॉन्टिनेन्टल काँग्रेस

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**3.** (C) यूनाइटेड स्टेट्स डिक्लेरेशन ऑफ़ इंडिपेंडेंस 4 जुलाई, 1776 को फिलाडेल्फिया, पेनसिल्वेनिया में दूसरी महाद्वीपीय कांग्रेस की बैठक द्वारा अपनाई गई घोषणा है। इस घोषणा में बताया गया है कि ग्रेट ब्रिटेन के साम्राज्य के साथ युद्ध में तेरह कॉलोनियों ने खुद को तेरह स्वतंत्र संप्रभु राज्यों के रूप में क्यों माना, अब ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं है।

- घोषणा के साथ, इन नए राज्यों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के गठन की दिशा में एक सामूहिक पहला कदम उठाया। घोषणा प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान अधिकार बनाने के लिए की गई थी और यदि यह केवल एक निश्चित वर्ग के लोगों के लिए थी, तो वे इसे अंग्रेजों के अधिकार के रूप में छोड़ देते।

**4.** 1917 की क्रांति में बोल्शेविकों ने जिस सरकार को हटा दिया था, उसका शासनाध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था?
(A) अलेक्जेंडर केरेन्स्की
(B) प्रिंस ल्वोव
(C) ग्रैंड ड्यूक सरगई
(D) ज़ार निकोलस द्वितीय

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**4.** (A) रूस में बोल्शेविक क्रांति 7 नवंबर, 1917 को हुइ। अलेक्जेंडर केरेन्स्की की अंतरिम सरकार को व्लादिमीर इलिच लेनिन के नेतृत्व वाले विद्रोहियों ने उखाड़ फेंका। लेनिन बोल्शेविक पार्टी के संस्थापक और मार्क्सवादी क्रांतिकारी थे। बोल्शेविकों के नेतृत्व वाले जुलाई डेज प्रदर्शनों के हिंसक होने के बाद लेनिन निर्वासन में चले गए। लेनिन एक रूसी क्रांतिकारी, राजनीतिज्ञ और सिद्धांतकार थे। उन्होंने 1917 से 1924 तक सोवियत रूस की सरकार के पहले और संस्थापक प्रमुख के रूप में और 1922 से 1924 तक सोवियत संघ के रूप में कार्य किया।

**5.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में, इंग्लैंड में यात्री ट्रेन (रेलगाड़ी) आरंभ की गयी थी?
(A) 1823 (B) 1825
(C) 1848 (D) 1861

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**5.** (B) वर्ष 1825 में इंग्लैण्ड में ट्रेन रेलगाड़ी प्रारम्भ की गई थी। अतः विश्व की सबसे पहली ट्रेन वर्ष 1825 में लीवरपुल से मैनचेस्टर तक चलाई गई थी। भारत में पहली ट्रेन वर्ष 1853 में मुम्बई से थाणे के बीच (34 किमी) चलाई गई।

वर्ष 1881 में पूर्वोत्तर में पहली बार टॉय ट्रेन चलाई गई थी। वर्ष 1951 में भारतीय रेल का राष्ट्रीयकरण किया गया था। भारत की पहली विद्युत रेल डेक्कन क्वीन जो वर्ष 1929 में कल्याण और पुणे के बीच चली थी। वर्तमान में भारत रेल नेटवर्क के मामले में एशिया में दूसरे तथा विश्व में चौथे पायदान पर है।

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, पंचशील का सिद्धांत **नहीं** था?
(A) शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व
(B) क्षेत्रीय अखंडता के लिए पारस्परिक सम्मान
(C) नाभिकीय निवारण (परमाणु प्रतिरोध)
(D) आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**6.** (C) पंचशील सिद्धान्त मानव कल्याण एवं विश्व शान्ति के आदर्शों की स्थापना, विभिन्न राजनीतिक, समाजिक, आर्थिक व्यवस्था वाले देशों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में पारस्परिक सहयोग के लिए मूलभूत सिद्धान्त है। इसकी उत्पत्ति भारत–चीन सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 29 अप्रैल, 1954 को की गई थी। इसके पाँच सिद्धान्त अग्र प्रकार हैं—

(i) एक–दूसरे के क्षेत्रों की अखण्डता और सम्प्रभुता का पारस्परिक सम्मान।

(ii) एक–दूसरे पर आक्रमण नहीं करना।

(iii) एक–दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना।

(iv) परस्पर सहयोग एवं लाभ को बढ़ावा देना।

(v) शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व की नीति का पालन करना

**7.** न्यू मॉडल यूनियनों के विषय में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?
1. न्यू मॉडल यूनियनें 1850 के दशक में गठित की गयी थीं
2. न्यू मॉडल यूनियनें 1880 के दशक में गठित की गयी थीं
3. न्यू मॉडल यूनियनें लेबर पार्टी के एक विचार को समाविष्ट करती थीं
4. न्यू मॉडल यूनियनों ने 1920 के दशक में महिलाओं को बहिष्कृत कर दिया था

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 3 और 4 (D) केवल 3

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**7.** (A) न्यू मॉडल यूनियनें यूनाइटेड किंगडम में विकसित व्यापार संगठन थे। इन यूनियनों की स्थापना, 1850 के दशक में की गई थी। ये व्यक्तिगत स्तर पर व्यापार को खत्म करने के उद्देश्य से गठित की गई थीं अतः उपर्युक्त कथनों में से केवल कथन (1) सही है।

**8.** वर्ष 1947 के ट्रूमैन सिद्धांत (द ट्रूमैन डॉक्ट्रिन) को निम्नलिखित में से किस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए घोषित किया गया था?
(A) USSR का परिरोधन
(B) USA में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए
(C) यूरोप को मित्रता का प्रस्ताव करने के लिए
(D) UNO को सशक्त बनाने के लिए

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**8.** (A) ट्रूमैन सिद्धान्त वर्ष 1947 में सोवियत संघ (USSR) के परिरोधन के लिए घोषित किया गया महत्वपूर्ण सिद्धान्त था यह 12 मार्च, 1947 को हेनरी एस ट्रूमैन द्वारा घोषित किया गया था। ध्यातव्य है कि शीतयुद्ध के समय सोवियत संघ के विस्तार को रोकने की अमेरिकी नीति को ट्रूमैन सिद्धान्त (Truman Doctrine) कहा गया।

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. वर्ष 1948 में बर्मा को संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया गया और उसके तत्काल बाद शीतयुद्ध में बर्मा ने USA का समर्थन किया
2. सन् 1948 में बर्मा संयुक्त राष्ट्र से जुड़ गया पर उसने कोरियाई युद्ध में चीन को आक्रामक के रूप में दोषारोपित करने से इंकार कर दिया

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**9.** (C) वर्ष 1948 में ब्रिटिश शासन स्वतन्त्रता के पश्चात् 19 अप्रैल, 1948 को म्यांमार द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता ग्रहण की गई। इसने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और अन्तर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धान्तों की पुष्टि की। शीतयुद्ध के दौरान म्यांमार ने तटस्थता की नीति अपनाई तथा किसी भी गुट साम्यवादी (सोवियत संघ) अथवा पूँजीवादी (अमेरिका) में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया। किन्तु इसने कोरियाई युद्ध में चीन को आक्रामक रूप में दोषारोपित करने से मना कर दिया।

अतः केवल कथन (2) सही है।

**10.** निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1917 में रूसी जनता को ''द अप्रैल थीसिस'' प्रस्तुत किया?

(A) स्टालिन (B) ट्रॉट्स्की
(C) बुकारिन (D) लेनिन

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**10.** (D) व्लादिमीर लेनिन द्वारा वर्ष 1917 में रूसी जनता को 'द अप्रैल थीसिस' प्रस्तुत किया गया। यह लेनिन द्वारा प्रदत्त 10 निर्देशों की एक शृंखला के रूप में जाना जाता है।

**11.** रूसी क्रांति के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बोलशेविकों का यह विश्वास था कि ज़ार के रूस जैसे दमनात्मक समाज में पार्टी को अनुशासित होना चाहिए और अपने सदस्यों की संख्या को नियंत्रित करना चाहिए।
2. मेनशेविक यह मानते थे कि पार्टी को सभी के लिए खुला रखा जाना चाहिए (जैसे जर्मनी में)।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**11.** (C) बोलशेविक पार्टी, मेनशेविक पार्टी से अधिक उग्र प्रकृति की थी और बुजुआर्वर्ग के विरुद्ध सीधी क्रान्ति में विश्वास रखती थी यह अनुशासन में अत्यधिक विश्वास रखती थी व रूस के जार की दमनात्मक शासन प्रणाली को स्वीकार करती थी, जबकि मेनशेविक पार्टी की सदस्यता सभी के लिए खोल दी गई थी।

इसके अलावा बोल्शेविक क्रान्ति हेतु सर्वहारा का सहयोग चाहते थे, जबकि मेनशेविक दल पूँजीपतियों का सहयोग चाहते थे।

अतः कथन (1) व (2) दोनों सही हैं।

**12.** सितम्बर, 1774 में फिलाडेल्फिया में आयोजित प्रथम महाद्वीपीय कांग्रेस द्वारा लिए गए निर्णयों में निम्नलिखित में से कौन-सा/से निर्णय शामिल था/थे?

1. इसने ब्रिटिश सत्ता के अधीन एक औपनिवेशिक संघ की योजना को अस्वीकृत कर दिया।
2. इसने शिकायतों से सम्बन्धित एक वक्तव्य तैयार किया।
3. इसने उपनिवेशों और इंग्लैंड के बीच व्यापार को रोकने की एक स्कीम पर सहमति प्रदान की।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2 (D) 1, 2 और 3

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**12.** (D) सितम्बर, 1774 में फिलाडेल्फिया में आयोजित प्रथम कांग्रेस में शिकायतों का एक प्रपत्र को तैयार किया गया। इस प्रपत्र में यद्यपि ब्रिटिश सत्ता को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद ब्रिटिश सत्ता के अधीन एक औपनिवेशिक संघ की योजना को अस्वीकृत कर दिया गया तथा इसने ब्रिटेन से आने वाले सामान के व्यापार पर भी रोक लगाने की बात की।

**13.** निम्नलिखित में से कौन–सा देश नेपोलियन के विरुद्ध तीसरे गठबंधन (संघ) का एक हिस्सा **नहीं** था?

(A) रूस (B) प्रशा (प्रशिया)
(C) स्वीडन (D) फ्रांस

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**13.** (D) नेपोलियन के विरुद्ध फ्रांस ने किसी प्रकार का कोई गठबंधन नहीं किया था, क्योंकि वह स्वयं फ्रांस का सम्राट था। उसके विरुद्ध गठबन्धन में रूस, प्रशा और स्वीडन थे। नेपोलियन बोनापार्ट का जन्म 15 अगस्त, 1769 को और मृत्यु 5 मई, 1821 को हुई थी। उनकी लम्बाई कम होने के कारण उन्हें लिटिल कॉरपोरल के नाम से भी जाना जाता है।

आधुनिक फ्रांस के निर्माता नेपोलियन ही थे। नेपोलियन के पतन का कारण उसका रूस पर आक्रमण करना, इंग्लैण्ड के वाणिज्य एवं व्यापार का बहिष्कार करने के लिए महाद्वीपीय व्यवस्था का सूत्रपात आदि करना था।

**14.** निम्नलिखित में से किसने, 1760 तथा 1820 के बीच ब्रिटिश औद्योगिक विकास में हुये परिवर्तनों को वर्णित करने के लिये, अंग्रेजी में 'इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन' (औद्योगिक क्रांति) शब्द का प्रयोग पहली बार किया था?

(A) कार्ल मार्क्स (B) जॉर्जस मिशेलेट
(C) अर्नोल्ड टोयनबी (D) फ्रेडरिक एन्जल्स

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**14.** (C) अर्नोल्ड टोयनबी इंग्लैण्ड के आर्थिक इतिहासकार और प्रसिद्ध सहृदय समाजसेवी थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा वहीं 1878 ई. में बैलियेल कॉलेज में शिक्षक पद पर नियुक्त हुए। इनके द्वारा ही इण्डस्ट्रियल रिवॉल्यूशन (औद्योगिक क्रान्ति) शब्द का प्रयोग प्रथम बार किया था।

**15.** ऑलीम्पे डे गॉजेस (1748-1793) के बारे में, निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?

(A) उसने यह घोषणा की कि हालांकि नागरिकों के समान अधिकार होने चाहिए, फिर भी वे राज्य द्वारा समरूप (वैसा ही) सम्मान के हकदार नहीं हैं
(B) वह जेकोबीन सरकार की समर्थक थीं
(C) उसे रोजद्रोह के लिये, राष्ट्रीय सभा द्वारा जेल भेजा गया था
(D) उसने यह घोषणा की कि राष्ट्र, महिलाओं और पुरुषों का संघ है

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**15.** (D) ऑलीम्पे डे गॉजेस का जन्म 7 मई, 1748 ई. को फ्रांस में हुआ था। वह एक फ्रांसीसी नाटककार और राजनीतिक कार्यकर्ता थीं। इन्होंने ही सर्वप्रथम घोषणा की थी, राष्ट्र महिलाओं और पुरुषों का संघ है।

**16.** रिनेसान्स मानवतावादी संस्कृति के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा एक सही **नहीं** है?

(A) इसने मानव जीवन पर धर्म के नियंत्रण को कम कर दिया था
(B) इसका मानना था कि मानव स्वभाव बहुमुखी था
(C) यह अच्छे आचरण से सम्बन्धित था
(D) इसने भौतिक संपत्ति, सत्ता और गौरव (प्रशंसा) की आलोचना की

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**16.** (D) रिनेसान्स मानवतावादी संस्कृति शास्त्रीय पुरातनता के अध्ययन को कहा जाता है। आरम्भ में यह इटली में तथा 14वीं, 15वीं और 16वीं सदी में पश्चिमी यूरोप में प्रसिद्ध हो रही थी। रिनेसान्स मानवतावादी संस्कृति एक अच्छे आचरण से सम्बन्धित अवधारणा है, इसने भौतिक संपत्ति, सत्ता और गौरव की आलोचना नहीं की।

**17.** अमरीका के 13 उपनिवेशों में से 9 लिए गए प्रतिनिधियों से मिलकर बनी स्टैम्प एक्ट कांग्रेस की न्यूयॉर्क सिटी में बैठक कब हुई थी?

(A) 1763 ई. (B) 1764 ई.

(C) 1765 ई. (D) 1766 ई.

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**17.** (C) स्टैम्प एक्ट कांग्रेस या अमेरिकन कॉलोनियों की पहली कांग्रेस बैठक न्यूयॉर्क सिटी में 7 से 25 अक्टूबर, 1765 के बीच सम्पन्न हुई।

**18.** 1760 और 1820 के बीच ब्रिटिश औद्योगिक विकास में हुए परिवर्तनों का वर्णन करने के लिए, निम्नलिखित में से किसने पहली बार अंग्रेजी में, 'इन्डस्ट्रिअल रिवॉल्यूशन' पद का प्रयोग किया था?

(A) फ्रेडरिक एंजेल्स

(B) एरिक हॉब्सबॉम

(C) अरनॉल्ड टॉयनबी

(D) जोर्जेस मिशलेट

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**18.** (C) आरनॉल्ड टॉयनबी ने अपनी लिखित पुस्तक 'लेक्चर्स ऑन दि इण्डस्ट्रियल रिवॉल्यूशन इन इंग्लैण्ड (1844) में 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध व 19वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में पश्चिमी देशों में तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बहुत सुन्दर तरीके से वर्णन किया, औद्योगिक क्रान्ति का नाम दिया गया।

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।

**कथन I :** रोम नगर पन्द्रहवीं शताब्दी में चमत्कारिक रूप से पुनर्जीवित हुआ।

**कथन II :** पन्द्रहवीं शताब्दी से और उसके आगे रोमन समाज में कलाकारों को व्यक्तिशः नाम से जाना जाता था, एक समूह अथवा श्रेणी (गिल्ड) के सदस्य के रूप में नहीं।

**कूट :**

(A) दोनों कथन अलग–अलग सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

(B) दोनों कथन अलग–अलग सत्य हैं किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।

(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**19.** (B) यूरोप में पुनर्जागरण का काल 15वीं शताब्दी में प्रारम्भ हुआ। परिणामस्वरूप रोमन समाज में कला एवं विचारों की अभिव्यक्ति उच्चतम स्तर पर हुई। इस समय सभी की अपनी व्यक्तिगत छवि थी।

**20.** इंगलैण्ड में औद्योगिक क्रांति का लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। उसके बारे में निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही हैं?

1. रेशम, लेस बनाने और बुनाई उद्योगों में महिलाएँ प्रमुख कामगार थीं
2. बच्चों पर औद्योगिक कार्य के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में फैक्टरी प्रबन्धक पूरी तरह से अवगत थे
3. बच्चों को वस्त्र कारखानों में प्रायः काम पर लगाया जाता था
4. चार्ल्स डिकेन्स का उपन्यास 'हाई टाइम्स' औद्योगीकरण के संत्रास की गंभीर आलोचना थी

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) 1 और 3 (B) 1 और 2

(C) 1, 3 और 4 (D) 3 और 4

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**20.** (C) इंग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति में पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण योगदान था। यहाँ हुई औद्योगिक क्रान्ति का लोगों के जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। ब्रिटेन में उत्पादन में असाधारण वृद्धि हुई, कुटीर उद्योग के विनाश तथा आर्थिक असन्तुलन की भी स्थिति पैदा हो गई। इसके अलावा बाल श्रम को बढ़ावा मिला, मलिन बस्तियों का जन्म हुआ।

**21.** यद्यपि फ्रांसीसी और जर्मन लेखकों द्वारा 'इंण्डस्ट्रियल रिवोल्यूशन' शब्द का प्रयोग पहले किया गया था, इसे अंग्रेजी में सर्वप्रथम किसके द्वारा लोकप्रिय बनाया गया?

(A) एडम स्मिथ (B) अर्नोल्ड टॉयन्बी

(C) जेम्स मिल (D) बर्ट्रेंड रसेल

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**21.** (B) यह सही है कि फ्रांसीसी और जर्मन लेखकों द्वारा 'इण्डस्ट्रियल रिवोल्यूशन' शब्द का प्रयोग पहले किया गया था, बावजूद इसके अंग्रेजी में यह काफी प्रसिद्ध हुआ। इसको प्रसिद्ध करने का श्रेय ''अर्नोल्ड टॉयन्बी को जाता है। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक ''लेक्चर्स आन द इण्डस्ट्रियल रिवोल्यूशन इन इंग्लैण्ड है।''

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन ओलिंप द गाउज के बारे में सही है/हैं?

1. क्रांतिकारी फ्रांस में वह राजनीतिक रूप से सक्रिय सब से अधिक महत्वपूर्ण महिलाओं में से एक थी।
2. वह पुरुष और नागरिक (मैन ऐंड सिटिजन) के अधिकारों की घोषणा का प्रारूप तैयार करने वाली समिति के सदस्यों में से एक थी।
3. उन्होंने महिला और नागरिक (वुमन ऐंड सिटिजन) के अधिकारों की घोषणा को लिखा।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) केवल 1 (B) केवल 3

(C) 1 और 2 (D) 1 और 3

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**22.** (D) ओलिम्प द गाउज फ्रांस में राजनीतिक रूप से सक्रिय सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण महिला थी। उन्होंने' पाँच लोगों की समिति' द्वारा तैयार पुरुष एवं नागरिक अधिकारों की घोषणा के विरोध में महिला एवं महिला नागरिक अधिकारों की आवाज उठाई एवं इससे सम्बन्धित घोषणाओं को लिखा।

अतः कथन 1 और 3 सही हैं।

**23.** मिस्र में, पुरातन ममियों में धमनियाँ किसके उचित परिरक्षण के कारण अक्षुण्ण पायी जाती हैं?

(A) खनिजीभूत रुधिर (B) तंतुकोरक तंतु

(C) प्रत्यास्थ तंतु (D) ब्राउन फैट

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**23.** (C) प्रत्यास्थ तन्तु इलास्टिन प्रोटीन से निर्मित होते हैं। ये सभी रसायनों की किया के प्रति प्रतिरोधन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये शरीर की व सभी प्रोटीन की तुलना में जल्दी खराब नहीं होते इसलिए मिस्त्र की ममियों में रुधिर वाहिनियों की दीवारों, फेफड़ों, कशेरुकाओं को जोड़ने वाली स्नायुओं, आदि में इस प्रकार के तन्तुओं का प्रयोग किया जाता है।

**24.** निम्नलिखित में से कौन वियना सम्मेलन (1815) में 'बड़े चार' का सदस्य **नहीं** था?

(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) रूस

(C) ऑस्ट्रिया (D) फ्रांस

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**24.** (D) वियना कांग्रेस यूरोपीय राज्यों के राजदूतों का एक महान सम्मेलनों में से एक था। इसका आयोजन सितम्बर 1814 से जून 1815 में आयोजित हुआ। इसका मुख्य लक्ष्य यूरोप में दीर्घकालीन शान्ति हेतु उस स्थिति पर चर्चा करना था।
इसके 'बड़े चार सदस्यों में प्रशा, ऑस्ट्रिया, रूस और ग्रेट ब्रिटेन शामिल थे। अतः फ्रांस इसका सदस्य नहीं था।

**25.** स्टैम्प ऐक्ट काँग्रेस की, जो तेरह में से नौ उपनिवेशों के प्रतिनिधियों से मिलकर बना था, 1765 ई. में किस स्थान पर बैठक हुई?
(A) फिलाडेल्फिया (B) न्यूयॉर्क शहर
(C) बोस्टन (D) प्रॉविडेंस
**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**25.** (B) स्टैम्प एक्ट कांग्रेस की पहली बैठक 7-25 अक्टूबर, 1765 को न्यूयॉर्क शहर में सम्पन्न हुई। यह कांग्रेस ब्रिटिश कर प्रणाली के विरुद्ध अमेरिकी उपनिवेशों के चुने हुए प्रतिनिधियों का संयुक्त विरोध प्रदर्शन के रूप में प्रमुख बैठक थी।

**26.** निम्नलिखित में से किस अमरीकी उपनिवेश ने फिलाडेल्फिया में आयोजित प्रथम महाद्वीपीय सम्मेलन में भाग **नहीं** लिया था?
(A) रोड आइलैण्ड (B) कनेक्टीकट
(C) जॉर्जिया (D) मेरीलैण्ड
**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**26.** (C) प्रथम महाद्वीपीय कांग्रेस 12 अमेरिकी उपनिवेशों का एक गुट है, जिसका आयोजन 1774 में फिलाडेल्फिया में किया गया।
इस सम्मेलन में जॉर्जिया द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया।

**27.** रूस में बोल्शेविक क्रान्ति किसके राज्यकाल में प्रारम्भ हुई?
(A) ज़ार अलेक्जेंडर I
(B) ज़ार अलेक्जेंडर II
(C) ज़ार अलेक्जेंडर III
(D) ज़ार निकोलस II
**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**27.** (D) बोल्शेविक पार्टी की स्थापना वर्ष 1905 में जार निकोलस द्वितीय के राज्यकाल में लेनिन तथा ब्रेझनेव ने प्रारम्भ की थी, लेकिन कुछ समय बाद सन् 1917 में यह पार्टी 2 गुटों में बँट गई।

**28.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।
**कथन–I :** 1917 की रूसी क्रान्ति ने भारतीय कामगार वर्ग आन्दोलन को प्रेरित किया।
**कथन–II :** असहयोग आन्दोलन (1921-22) में भारतीय कामगार वर्ग का समावेश देखा गया।
**कूट :**
(A) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं लेकिन कथन–II, कथन–I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन–I सत्य है लेकिन कथन–II असत्य है
(D) कथन–I असत्य है लेकिन कथन–II सत्य है
**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**28.** (B) 1920 के दशक में गांधीजी के नेतृत्व के बाद राष्ट्रीय आन्दोलन ने गति पकड़ ली थी जिसका ज्वलन्त उदाहरण असहयोग आन्दोलन है। इस आन्दोलन में भारत वर्ष में विदेशी वस्तुओं, सेवाओं व उपाधियों का बहिष्कार किया गया। एक हद तक इस आन्दोलन की प्रेरणा 1917 में सम्पन्न हुई रूसी क्रान्ति से प्राप्त हुई, जिसका प्रभाव भारतीय कामगार वर्ग पर भी पड़ा। लाला लाजपत राय के नेतृत्व में 1920 में ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का गठन हुआ। लाला लाजपत राय तथा श्रमिक नेताओं के साथ कामगार वर्ग ने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया तथा वर्ष 1920 में ही लाला लाजपत राय कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने।

**29.** रूस के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **सही** है/हैं?
1. रूस संसार में सर्वप्रथम समाजवादी राज्य के रूप में उभर कर आया।
2. रूस में समाजवादी राज्य की स्थापना बोल्शेविकों ने 1917 में की।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2
**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**29.** (C) सर्वप्रथम समाजवादी शब्द का प्रयोग इसके सिद्धान्त का अनुपालन रूस में ही किया गया। सन् 1917 में समाजवादी राज्य की स्थापना रूस में बोल्शेविकों के द्वारा की गई।

**30.** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बनाई गई स्टिलवेल रोड, निम्नलिखित में किस एक देश को नहीं छूती?
(A) म्यांमार (B) थाईलैंड
(C) चीन (D) भारत
**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**30.** (B) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान द्वारा बनाई गई स्टिलवेल रोड थाईलैण्ड से होती हुई नहीं जाती।

# कला एवं संस्कृति

## भारतीय नृत्य

**1.** हाल ही में, प्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज का निधन हो गया। वे निम्नलिखित में से किस कथक घराने के अग्रणी थे?
(A) जयपुर (B) रायगढ़
(C) लखनऊ (D) बनारस
**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (C) ● हाल ही में, प्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज का निधन हो गया। वे लखनऊ कथक घराने के अग्रणी थे। इनको इनके कार्यो के लिए पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, कालिदास सम्मान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि, फिल्मफेयर पुरस्कार, लता मंगेश्कर पुरस्कार, भरत मुनि सम्मान तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

## भारतीय चित्रकला

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नों के उत्तर चुनने हैं।
**कथन I :** जहाँगीर के राज्य–काल के दौरान मुगल चित्रकला अपने चरम पर पहुँची।
**कथन II :** औरंगजेब का राजदरबार मुगल चित्रकला शैली के कुछ सर्वाधिक ख्यात कलाकारों से अलंकृत था।
**कूट :**
(A) दोनों कथन अलग–अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(B) दोनों कथन अलग–अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(C) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है
(D) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है
**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**1.** (C) जहाँगीर के शासनकाल के समय में मुगल चित्रकला अपनी उत्कर्ष कोटि पर थी। जहाँगीर स्वयं एक महान् चित्रकार एवं कला का पारखी शासकों में से एक था। जहाँगीर के समय चित्रकला की मुगल शैली, पारसी प्रभाव कम होता गया तथा यूरोपीय चित्रकला शैली का प्रभाव और गहरा हो गया, जोकि अकबर के काल में प्रारम्भ हुआ था। जहाँगीर प्रकृति प्रेमी था। अतः उसे पशु–पक्षियों, पेड़–पौधों के चित्रण में विशेष आनन्द आता था।

## भारतीय वास्तुकला

**1.** महानवमी डिब्बा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

1. यह महानवमी त्योहार के अवसर पर वितरित की जाने वाली मिठाइयों के बहुत बड़े डिब्बे का नाम था।
2. यह एक बृहत् मंच का नाम था जिसका आधार उभरी नक्काशी से आच्छादित था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा/कौन–से सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**1.** (B) महानवमी डिब्बा विजयनगर राजाओं द्वारा सेना के मार्च–पास्ट, युद्ध के खेल, जलीय खेल, शाही जानवरों के शो, संगीत/धार्मिक प्रदर्शन देखने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक ऊँचा वर्ग मंच है। इसे दशहरा डिब्बा भी कहा जाता है। इसका निर्माण राजा कृष्णदेवराय ने उदयगिरि पर अपनी जीत के उपलक्ष्य में किया था।

- यह वह स्थान था जहाँ विजयनगर के राजा दशहरा का त्योहार मनाते थे।
- यूनेस्को और सरकार ने आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत को संरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाए हैं।

**2.** मंदिर स्थापत्य की नागर शैली के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस शैली के मंदिर सामान्यतया : हिमालय तथा विंध्य क्षेत्रों के बीच पाए जाते हैं।
2. इस शैली का सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण इसका पिरामिडी शिखर है।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2017 Paper-II]**

**2.** (A) उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला मन्दिर स्थापत्य की प्रमुख शैलियों में से एक प्रमुख शैली है। इस शैली का विस्तार हिमालय से लेकर विन्ध्य पर्वतमाला तक फैला हुआ है। इस शैली के मन्दिरों के निर्माण में गर्भगृह तथा उसके समक्ष क्रमशः अन्तराल, मण्डप तथा अर्द्धमण्डप मुख्यतया मिलते हैं।

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, अजंता के गुफा चित्रण के विषय में सही **नहीं** है?

(A) दृश्य पृथक-पृथक ढाँचों में न होकर एक दूसरे में घुले-मिले हैं
(B) दृश्य स्वरूप से धार्मिक एवं पंथनिरपेक्ष दोनों हैं
(C) गान्धार कला का प्रभाव दिखता है
(D) दृश्य ज्यादातर जातक कथा को दर्शाते हैं

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**3.** (C) अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं जिनमें लगभग 30 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में गान्धार कला का प्रभाव देखने को नहीं मिलता। गान्धार कला का प्रभाव मुख्यतः कुषाणों के समय में उत्तर–पश्चिम भारत में देखा गया।

## यूनेस्को की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासतें

**1.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (विश्व विरासत स्थल) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| a. बृहदेश्वर मंदिर | 1. महाराष्ट्र |
| b. एलोरा गुफाएँ | 2. कर्नाटक |
| c. हम्पी | 3. तमिलनाडु |
| d. महाबोधि मंदिर | 4. बिहार |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**1.** (D) बृहदेश्वर मन्दिर चोलों द्वारा तमिलनाडु में बनवाया गया था। एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र में स्थित हैं। हम्पी विजयनगर साम्राज्य की राजधानी था। यह कर्नाटक में अवस्थित है तथा महाबोधि मन्दिर बिहार (गया) में अवस्थित है।

## विविध

**1.** 13वीं शताब्दी का ग्रंथ, लेखापद्धति हमें निम्नलिखित में से किस विषय पर जानकारी देता है?

(A) लेखन-कला (B) निबंध लेखन
(C) विधिक दस्तावेज (D) पुरालेख शैली

**[NDA & NA 2022 (I) 10-4-2022]**

**1.** (C)
- लेखापद्धति गुजरात, भारत में चालुक्य शासन के दौरान 8वीं और 15वीं शताब्दी के बीच लिखे गए संस्कृत दस्तावेजों का एक संग्रह है। बाद में इसकी रचना प्राकृत में भी की गई और इसमें भूमि अनुदान से संबंधित दस्तावेज, शासकों के बीच संधियों और प्रशासन के शासन जैसे विभिन्न दस्तावेजों का मसौदा तैयार करने के नियम शामिल थे।
- हालांकि लेखापद्धति के लेखक अज्ञात हैं, मूल संस्कृत दस्तावेजों को पहली बार 1925 में चिमनलाल डी. दलाल और गजानन के. श्रीगोंडेकर द्वारा एकत्र और संपादित किया गया था।
- इन विद्वानों ने चार संस्कृत पाण्डुलिपियों का उपयोग करते हुए इस खंड को संकलित किया, जिसमें प्रति पृष्ठ नौ से तेरह पंक्तियों के साथ लगभग 100 पत्ते शामिल हैं, और 15वीं शताब्दी के आस-पास के हैं। इसके अलावा, श्रीगोंडेकर कहते हैं, मूल दस्तावेजों में काम उसी अवधि के दौरान 'मिश्रित संस्कृत' में लिखा गया था।

**2.** प्रमुख भारतीय भाषाओं के बोलने वाले, कितने भाषा परिवारों से संबंधित हैं?

(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) छः

**[NDA & NA 2020 Paper-I & II]**

**2.** (C) प्रमुख भारतीय भाषाओं के बोलने वाले चार भाषा परिवारों से सम्बन्धित हैं, जो निम्नानुसार है—

**इण्डोआर्यन भाषा परिवार—** इस प्रकार की भाषा परिवार में संस्कृत से सम्बन्धित भाषाएँ आती हैं। यह भारतीय भाषाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण भाषा परिवार है। देश की प्रमुख भाषाएँ हिन्दी, बंगाली मराठी, संस्कृत आदि इसके अन्तर्गत आती है।

**द्रविड भाषा परिवार–** यह देश का दूसरा सबसे बड़ा भाषा परिवार है, जिसमें दक्षिण भारत में बोली जाने वाली तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम आदि सभी भाषाएँ शामिल हैं।

**ऑस्ट्रिक भाषा परिवार–** इसका विकास भूमध्यसागरीय क्षेत्र से आए हुए लोगों से हुआ। यह मध्य और पूर्वी भारत की पहाड़ी व वनीय इलाकों में बोली जाने वाली भाषा है। संथाली, मुन्दरी, गोण्डी, उराँव आदि इसी श्रेणी की भाषाएँ हैं।

**चीनी–तिब्बती भाषा परिवार–** इस परिवार में देश के उत्तर–पूर्व में बोली जाने वाली भाषाएँ समाहित हैं। इसमें प्रमुखतः तिब्बती, बाल्टी, लद्दाखी शेरपा, दफला, नागा, कचिन आदि भाषाएँ हैं।

**3.** 'इन मेमोरियम' कलाकृति निम्नलिखित में से किस यूरोपीय चित्रकार की एक रचना है?

(A) थॉमस जोंस बार्कर

(B) जोसेफ नोएल पैटन

(C) थॉमस डेनियल

(D) चार्ल्स डोआयली (D'Oyly)

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**3.** (B) 'इन मेमोरियम' कलाकृति यूरोपीय चित्रकार जोसेफ नोएल पैटन की एक प्रसिद्ध रचनाओं में से एक है। यह कलाकृति 1857 ई. के विद्रोह के दौरान ब्रिटिश लेडीज इन इण्डिया की ईसाई वीरता को प्रदान की गई थी।

**4.** कन्दुकुरी वीरेशलिंगम के विचार एवं दर्शन की कौन–सी एक विशेषता, निम्नलिखित में है?

(A) उनका विश्वास था कि विज्ञान और नैतिकता सत्य से असम्बद्ध थे

(B) वह सर्वव्यापी शिक्षा में विश्वास करते थे

(C) उनका विश्वास था कि विद्यार्थियों के मन में सदाचरण बैठाने में भाषा की कोई भूमिका नहीं है

(D) उन्होंने किसी सांस्कृतिक आधार पर एक राष्ट्रीय चेतना बनाने का प्रयास नहीं किया

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**4.** (B) कन्दुकुरी वीरेशलिंगम प्राच्य समाज सुधारकों में बहुत प्रचलित हैं, जिन्होंने स्त्री शिक्षा को बढ़ाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। इन्होंने दावलेश्वरम में 1874 ई. में एक विद्यालय की भी स्थापना की। वे सर्वव्यापी शिक्षा में विश्वास करते थे।

**5.** हिन्द–इस्लामी वास्तु के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 20वीं शताब्दी के आरम्भ में इसमें भारतीय वास्तु–शैली का यूरोपीय वास्तु–शैली के साथ संयोजन हुआ।
2. मुम्बई का गेटवे ऑफ इण्डिया इस शैली का सर्वाधिक प्रसिद्ध उदाहरण है।
3. बॉम्बे (मुम्बई) और मद्रास (चेन्नई) के औपनिवेशिक शहरों में इस शैली के अनेक प्रसिद्ध उदाहरण हैं।
4. इसने अपना आरोपण प्राचीन यूनान से लिया है।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन **सही** है/हैं?

(A) 1, 2 और 3 (B) 2 और 3

(C) 1 और 2 (D) केवल 4

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**5.** (A) 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ से हिन्दू व मुस्लिम वास्तुकला का मिश्रण प्रारम्भ हो गया। मुम्बई का गेटवे ऑफ इण्डिया, ताज होटल इस शैली के सर्वाधिक प्रसिद्ध उदाहरण हैं। इस शैली के अनेक उदाहरण मुम्बई और चेन्नई के औपनिवेशिक शहरों में स्थित हैं, जो अभी तक आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

❑❑

# Chapter 1

# समुच्चय, सम्बन्ध एवं फलन

**1.** यदि A = {{1, 2, 3}} है, तो A के घात समुच्चय (पॉवर सेट) में कितने अवयव होंगे?
(A) 1 (B) 2
(C) 4 (D) 8
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**1.** (B) A = {{1, 2, 3}}
समुच्चय A केवल एक अवयव है, अर्थात् A *i.e.,* {1, 2, 3}
समुच्चय A में घात समुच्चयों की संख्या
$A = 2^1$
$= 2$

**2.** समुच्चय A = {1, 2, 3, 4} के सभी उपसमुच्चयों पर विचार कीजिए। उनमें से कितने समुच्चय {4} के अधिसमुच्चय हैं?
(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**2.** (C) A = {1, 2, 3, 4}
A उपसमुच्चय में {4} = 16 के
सुपर सेट में अवयव {4} {4}, {1, 4}, {2, 4}, {3, 4}, {1, 2, 4}, {1, 3, 4} {2, 3, 4}, {1, 2, 3, 4}
अतः {4} = 8 के सुपरसेट में अवयवों की संख्या = 8

**3.** दो अरिक्त समुच्चयों A और B के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. $x \notin (A \cup B) \Rightarrow x \notin A$ अथवा $x \notin B$
2. $x \notin (A \cap B) \Rightarrow x \notin A$ और $x \notin B$
उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**3.** (D) **कथन 1 :** यदि $x \notin (A \notin B)$, तब
$x \in (A \cup B)'$
$\Rightarrow x \in A' \cap B'$ [डिमोर्गन नियम]
$\Rightarrow x \in A'$ तथा $x \in B'$
$\Rightarrow x \notin A$ तथा $x \notin B$
**कथन 2 :**
यदि $x \notin (A \cap B)$, तब
$x \in (A \cap B)'$
$x \in A' \cup B'$ [डिमोर्गन नियम]
$x \in A'$ या $x \in B'$
$x \in A$ या $x \notin B$
अतः दोनों कथन सही हैं।

**4.** दो अरिक्त समुच्चयों A और B के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. $A \cup B = A \cap B$ यदि और केवल यदि A = B
2. $A \Delta B = \phi$ यदि और केवल यदि A = B
उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**4.** (C) यदि A = B तो A और B के सभी अवयव समान हैं।
$\Rightarrow A \cup B = A \cap B$
प्रतिलोम,
$A \cup B = A \cap B$
माना $x \in A$
$\Rightarrow x \in A \cup B$
$\Rightarrow x \in A \cap B$ [... $A \cup B = A \cap B$]
$\Rightarrow x \in A$ और $x \in B$
$\Rightarrow A \subseteq B$
माना $y \in B$
$\Rightarrow y \in A \cup B$
$\Rightarrow y \in A \cap B$ [... $A \cup B = A \cap B$]
$\Rightarrow y \in A$ तथा $y \in B$
$\Rightarrow B \subseteq A$
यदि $A \subseteq B$ तथा $B \subseteq A$, तब A = B
$\therefore A \cup B = A \cap B$, यदि A = B
$A \Delta B = (A \cup B) - (A \cap B)$
यदि $A \Delta B = \phi$, तो $(A \cup B) - (A \cap B) = \phi$
$\Rightarrow A \cup B = A \cap B$
$\Rightarrow A = B$
प्रतिलोम
यदि A = B, तो $A \cup B = A \cap B$
$\Rightarrow (A \cup B) - (A \cap B) = \phi$
$\Rightarrow A \Delta B = \phi$
$\because (A \Delta B) = \phi$, यदि A = B
अतः दोनों कथन सही हैं।

**5.** यदि $x^2 - 5xy + 4y^2 = 0$ है तो $xRy$ द्वारा परिभाषित धनपूर्ण संख्या के समुच्चय IN में संबंध R के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) R स्वतुल्य है (B) R सममित है
(C) R संक्रामक है
उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2 (D) 1, 2 और 3
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**5.** (A) दिया है : xRy यदि $x^2 - 5xy + 4y^2 = 0$
$\Rightarrow$ xRy यदि $(x - 4y)(x - y) = 0$
$\Rightarrow$ xRy यदि $x = 4y$ या $x = y$
उपर्युक्त सम्बन्ध से,
R = {(1, 1), (2, 2) (3, 3), (4, 1), (4, 4), .......(8, 2) (8, 8), ..... (16, 4) (16, 16) .....}
(1, 1), (2, 2), (3, 3), ..... ∈ R, संबंध स्वतुल्य है।
जैसे (4, 1) ∈ R, परन्तु (1, 4) ∉ R, संबंध सममित नहीं है।
जैसे (16, 4), (4, 1) ∈ R, लेकिन (16, 1) ∉ R, संबंध संक्रामक नहीं है।

**6.** किसी समुच्चय A पर किसी भी संबंध R के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. यदि R स्वतुल्य है, तो $R^{-1}$ भी स्वतुल्य है
2. यदि R सममित है, तो $R^{-1}$ भी सममित है
3. यदि R संक्रामक है, तो $R^{-1}$ भी संक्रामक है
उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**6.** (D) समुच्चय A = {*a, b, c*} में सम्बन्ध R इस प्रकार है कि
R = {(*a, a*), (*a, b*), (*a, c*), (*b, b*), (*b, a*), (*b, c*), (*c, a*), (*c, b*), (*c, c*)}
R स्वतुल्य सममित और संक्रामक है।
$R^{-1}$ = {(*a, a*), (*b, a*), (*c, a*), (*b, b*), (*a, b*), (*c, b*), (*a, c*), (*b, c*), (*c, c*)}

$R^{-1}$ भी स्वतुल्य सममित और संक्रामक है।
अतः उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

**7.** फलन $f(x) = \sqrt{1-(x-1)^2}$ का प्रांत क्या है?
(A) (0, 1) (B) [–1, 1]
(C) (0, 2) (D) [0, 2]
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**7.** (D) $f(x) = \sqrt{1-(x-1)^2}$
$= \sqrt{1-x^2+2x-1}$
$= \sqrt{x(2-x)}$
$x(2-x) \geq 0$
$x \in [0, 2]$

**8.** यदि $4f(x) - f\left(\frac{1}{x}\right) = \left(2x+\frac{1}{x}\right)\left(2x-\frac{1}{x}\right)$ है, तो $f(2)$ किसके बराबर है?
(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 4
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**8.** (D) $4f(x) - f\left(\frac{1}{x}\right) = \left(2x+\frac{1}{x}\right)\left(2x-\frac{1}{x}\right)$
$4f(x) - f\left(\frac{1}{x}\right) = 4x^2 - \frac{1}{x^2}$
जब $x = 2$
$4f(2) - f\left(\frac{1}{2}\right) = 4 \times 4 - \frac{1}{4}$
$4f(2) - f\left(\frac{1}{2}\right) = \frac{63}{4}$ ...(i)
जब $x = 1/2$
$4f\left(\frac{1}{2}\right) - f(2) = 4 \times \frac{1}{4} - 4$
$4f\left(\frac{1}{2}\right) - f(2) = -3$ ...(ii)
समीकरण (i) में 4 का गुणा करने समीकरण (ii) के साथ जोड़ने पर—
$15f(2) = 63 - 3$
$15f(2) = 60$
$f(2) = 4$

**9.** यदि $f(x) = 4x + 3$ है, तो $f^0f^0f(-1)$ किसके बराबर है?
(A) –1 (B) 0
(C) 1 (D) 2
**[NDA & NA 2022 (I) 10-04-2022]**

**9.** (A) $f(x) = 4x + 3$
$f[f(x)] = 4.(4x + 3) + 3$
$= 16x + 15$
$f[f(f(x))] = 4(16x + 15) + 3$
$= 64x + 63$
$f[f(f(-1))] = 64(-1) + 63$
$= -1$

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. A = {1, 3, 5} और B = {2, 4, 7} तुल्य समुच्चय हैं।
2. A = {1, 5, 9} और B = {1, 5, 5, 9, 9} सम समुच्चय हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**10.** (C) 1. A = {1, 3, 5}
तथा B = {2, 4, 7}
समुच्चय A तथा B दोनों के अवयवों की संख्या समान है तथा अवयव भिन्न हैं। इसलिए समुच्चय A तथा समुच्चय B तुल्य समुच्चय हैं।
2. जब दो समुच्चयों में समान अवयव तथा अवयवों की संख्या समान होती है, तब उन समुच्चयों को सम समुच्चय कहते हैं।
यहाँ A = {1, 5, 9}, B = {1, 5, 5, 9, 9} या {1, 5, 9}
अतः दोनों समुच्चय A तथा B सम समुच्चय हैं।

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. रिक्त समुच्चय, प्रत्येक समुच्चय का उपसमुच्चय है।
2. प्रत्येक समुच्चय अपना ही उपसमुच्चय है।
3. यदि किसी समुच्चय में 10 अवयव हैं, तो इसके घात समुच्चय (पावर सेट) में 1024 अवयव होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–से सही हैं?
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**11.** (D) 1. रिक्त समुच्चय प्रत्येक समुच्चय का उपसमुच्चय होता है, क्योंकि रिक्त समुच्चय में प्रत्येक अवयव; किसी भी समुच्चय से सम्बन्धित होता है, क्योंकि रिक्त समुच्चय में कोई भी अवयव नहीं होता है।
2. प्रत्येक समुच्चय अपना ही उपसमुच्चय होता है, क्योंकि दिए गए समुच्चय में उप समुच्चय के सभी अवयव उपस्थित हैं।
उदाहरण के लिए **:**
A = {$a$, $b$, $c$} तथा B = {$b$, $a$, $c$}
so $A \subseteq B$
3. यदि A में $n$-अवयव हैं तब यह लिखा जा सकता है कि $|P(A)| = 2^n$
$\because (3)^{10} = 1024$
$\therefore$ सभी कथन सही हैं।

**12.** मान लीजिए R एक सम्बन्ध है जो $x$R$y$ के रूप में तब परिभाषित है यदि और केवल यदि $2x + 3y = 20$ है, जहाँ $x, y \in N$ हैं। R में $(x, y)$ रूप के कितने अवयव हैं?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 6
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**12.** (B) $2x + 3y = 20$
$3y = 20 - 2x$
$y = \frac{20-2x}{3}$
$x \in N, y \in N$
$x = 1$ रखने पर $y = \frac{20-2}{3}$ $y = 6$
(1, 6)
$x = 4$ रखने पर $y = \frac{20-8}{3}$
$y = \frac{12}{3} = 4$
(4, 4)
$x = 7$ रखने पर $y = \frac{20-14}{3}$ $y = \frac{6}{3}$
$= 2$ (7, 2)

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. एक फलन $f : Z \to Z$, जो $f(x) = x + 1$ द्वारा परिभाषित है, एकैकी होने के साथ–साथ आच्छादक भी है।
2. एक फलन $f : N \to N$ जो $f(x) = x + 1$ द्वारा परिभाषित है, एकैकी है किन्तु आच्छादक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**13.** (C) 1. $f(x) = x + 1$
$f(y) = y + 1$
यदि $f(x) = f(y)$
$x + 1 = y + 1$
$x = y$
(एकैकी फलन के लिए आवश्यक शर्त)
2. $y = x + 1$ $[y = f(x)$
$x = y - 1$ $x = f^{-1}(y)]$
$f^{-1}(y) = y - 1$
$f^{-1}(x) = x - 1$ $\forall x \in Z$
$\therefore$ फलन आच्छादी है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**14.** फलन $f(x) = 3^x$ का प्रांत क्या है?
(A) $(-\infty, \infty)$ (B) $(\infty, 0)$
(C) $[0, \infty)$ (D) $(-\infty,\infty) - \{0\}$
**[NDA & NA 2021 Paper-I]**

**14.** (A)




फलन $f(x) = 3^x$ का डोमेन $(-\infty, \infty)$

**15.** समुच्चयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

1. समुच्चयों के सर्वनिष्ठ पर सम्मिलन बंटनात्मक है।
2. दो समुच्चयों के सम्मिलन का पूरक उनके पूरकों का सर्वनिष्ठ है।
3. यदि दो समुच्चयों का अंतर रिक्त समुच्चय के बराबर है, तो दोनों समुच्चय अवश्य बराबर होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–से सही हैं?

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**15.** (A) **कथन 1** : समुच्चय A, B तथा C के लिए वितरण गुण

$A \cup (B \cap C) = (A \cup B) \cap (A \cap C)$

अतः समुच्चयों के सर्वनिष्ठ पर सम्मिलन बंटनात्मक है।

**कथन 2 :** डी-मॉर्गन नियम कहता है कि $(A \cup B)' = A' \cap B'$

इसलिए डी-मॉर्गन नियम के अनुसार दो समुच्चयों के सम्मिलन का पूरक उनके पूरकों का सर्वनिष्ठ है।

**कथन 3 :** यदि $A - B = \phi$, तब हम नहीं कह सकते $A = B$

उदाहरण के लिए, यदि $A = \{1, 2\}$ तथा $B = \{1, 2, 3\}$ तब $A - B = \phi$

अतः केवल कथन 1 तथा 2 सही है।

**16.** तीन समुच्चय X, Y और Z पर विचार कीजिए, जिनमें क्रमशः 6, 5 और 4 अवयव हैं। ये सभी 15 अवयव भिन्न हैं। मान लीजिए $S = (X - Y) \cup Z$ हैं। S के कितने उचित उपसमुच्चय हैं?

(A) 255 (B) 256

(C) 1023 (D) 1024

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**16.** (C) $n(X) = 6, n(Y) = 5, n(Z) = 4$

चूँकि, सभी 15 अवयव भिन्न–भिन्न हैं।

X, Y तथा Z असंयुक्त समुच्चय हैं।

$n(X - Y) = 6$

$n[(X - Y) \cup Z] = 6 + 4 = 10$

S के उचित उपसमुच्चयों की संख्या

$= 2^{10} - 1 = 1024 – 1 = 1023$

$= 2^{10} - 1 = 1024 - 1 = 1023$

**17.** संबंधों और फलनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी संबंध, फलन हैं, लेकिन सभी फलन, संबंध नहीं हैं।
2. A का B से कोई भी संबंध कार्तीय गुणन $A \times B$ का उपसमुच्चय है।
3. A में कोई भी संबंध कार्तीय गुणन $A \times A$ का उपसमुच्चय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–से सही हैं?

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**17.** (B) समुच्चय X से समुच्चय Y में सम्बन्ध एक फलन कहलाता है।

यदि X का प्रत्येक अवयव Y के केवल एक अवयव से सम्बन्ध रखता हो।

इसलिए सभी फलन सम्बन्ध होते हैं, किन्तु सभी सम्बन्ध फलन नहीं होते हैं।

यदि $R : A \to B$, किन्तु $R \subseteq A \times B$

तथा यदि $A : A \to A$, किन्तु $R \subseteq A \times A$

अतः केवल कथन 2 तथा 3 सही हैं।

**18.** मान लीजिए समुच्चय A में पहले 250 धनपूर्णांक ऐसे हैं, जो 3 के गुणज हैं, और समुच्चय B में पहले 200 सम धनपूर्णांक हैं। $A \cup B$ में कितने अवयव हैं?

(A) 324 (B) 364

(C) 384 (D) 400

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**18.** (C) $A = \{3, 6, 9, 12, ...., 750\}$

$n(A) = 250$

$B = \{2, 4, 6, 8, .... 400\}$

$n(B) = 200$

$A \cap B = \{6, 12, ... 396\}$

$n(A \cap B) = 66$

$n(A \cup B) = n(A) + n(B) - n(A \cap B)$

$= 250 + 200 - 66$

$= 384$

**19.** संपूर्ण वास्तविक रेखा पर परिभाषित फलन $f(x) = 1 - \sin x$ का परास क्या है?

(A) (0, 2) (B) [0, 2]

(C) (– 1, 1) (D) [– 1, 1]

**[NDA & NA 2021 Paper-II]**

**19.** (B) $f(x) = 1 - \sin x$

$\sin x$ का परास $= [-1, 1]$

$-1 \leq \sin x \leq 1$

$-1 \leq \sin x \leq 1$

$1 - 1 \leq 1 - \sin x \leq 1 + 1$

$0 \leq f(x) \leq 2$

$\therefore f(x)$ का परास $= [0, 2]$

**20.** यदि $1.5 \leq x \leq 4.5$ है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) $(2x - 3)(2x - 9) > 0$

(B) $(2x - 3)(2x - 9) < 0$

(C) $(2x - 3)(2x - 9) \geq 0$

(D) $(2x - 3)(2x - 9) \leq 0$

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**20.** (D) दिया है : $1.5 \leq x \leq 4.5$

$\Rightarrow \frac{3}{2} \leq x \leq \frac{9}{2}$

$\Rightarrow 3 \leq 2x \leq 9$




2x, 3 तथा 9 के बीच ऋणात्मक है

$\therefore (2x - 3)(2x - 9) \leq 0$

**21.** मान लीजिए $S = \{1, 2, 3, .....\}$ है। $S \times S$ पर एक सम्बन्ध R, $xRy$ से परिभाषित है यदि $\log_a x > \log_a y$ जब $a = \frac{1}{2}$ है। तब यह सम्बन्ध है—

(A) केवल स्वतुल्य

(B) केवल सममित

(C) केवल संक्रामक

(D) सममित और संक्रामक दोनों

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**21.** (C) $xRy : \log_a x > \log_a y$

$\Rightarrow x > a^{\log_a y}$

$[\because \log_a x = y \Rightarrow x = a^y]$

$\Rightarrow x > y$

स्वतुल्य सम्बन्ध के लिए

$\to xRx \Rightarrow x < x$

जो सम्भव नहीं है।

$\therefore$ यह स्वतुल्य सम्बन्ध नहीं है।

सममित सम्बन्ध के लिए $\to yRx \Rightarrow$

$y > x$ किन्तु $y \neq x$

$\therefore$ यह सममित सम्बन्ध नहीं है।

संक्रामक सम्बन्ध के लिए

$\to xRy \Rightarrow x > y$ ...(i)

$yRz \Rightarrow y > z$ ...(ii)

समी. (i) तथा (ii) से $x < z \Rightarrow x R z$

$\therefore$ यह केवल संक्रामक सम्बन्ध है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 22 से 24 तक)**

निम्नलिखित वेन आरेख पर विचार कीजिए जहाँ X, Y और Z तीन समुच्चय हैं। मान लीजिए कि Z में अवयवों की संख्या $n(Z)$ से निर्दिष्ट किया जाता है जोकि 90 के बराबर है।




**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**22.** यदि Y और Z में अवयवों की संख्या 4 : 5 के अनुपात में है, तो $b$ का मान क्या है?

(A) 18 (B) 19
(C) 21 (D) 23

**22.** (C) प्रश्नानुसार,

$$\frac{n(Y)}{n(Z)} = \frac{4}{5}$$

$$\Rightarrow \frac{16+18+17+b}{90} = \frac{4}{5}$$

$$\Rightarrow \frac{51+b}{18} = \frac{4}{1}$$

$$\Rightarrow 51 + b = 4 \times 18$$

$$\Rightarrow b = 72 - 51$$

$$\Rightarrow b = 21$$

**23.** $n(X) + n(Y) + n(Z) - n(X \cap Y) - n(Y \cap Z) - n(X \cap Z) + n(X \cap Y \cap Z)$ का मान क्या है?

(A) $a + b + 43$ (B) $a + b + 63$
(C) $a + b + 96$ (D) $a + b + 106$

**23.** (D) $n(x) + n(y) + n(z) - n(x \cap y) - n(y \cap z) - n(z \cap y) + n(x \cap y \cap z)$
$= n(x \cup y \cup z)$
$= a + 16 + 18 + 12 + b + 17 + c$
$= 63 + a + b + c$
दिया है
$n(z) = 90$
$\Rightarrow 12 + 18 + 17 + c = 90$
$\Rightarrow c = 90 - 47$
$\Rightarrow c = 43$
$\therefore n(x \cup y \cup z) = 63 + a + b + 43$
$= 106 + a + b$
अभीष्ट उत्तर $= a + b + 106$

**24.** यदि ऐसे अवयव जो न तो X में हैं, न Y में हैं, और न ही Z में हैं, की संख्या P है, तो X के पूरक में अवयवों की संख्या क्या है?

(A) $p + b + 60$ (B) $p + b + 40$
(C) $p + a + 60$ (D) $p + a + 40$

**24.** (A)




छायांकित भाग उन अवयवों को प्रदर्शित करता है जो न तो X न ही Y तथा न ही Z से सम्बन्धित है तथा यह $p$ के बराबर है।
X का पूरक = X के अवयवों को छोड़कर शेष सभी अवयव
$= b + 17 + c + p$
$= b + 17 + 43 + p$ $[\because c = 43]$
$= b + p + 60$

**25.** {1, 2, 3, 4} के उचित उपसमुच्चयों पर विचार कीजिए। इन उचित उपसमुच्चयों में से कितने समुच्चय {3} के अधिसमुच्चय हैं?

(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**25.** (C)

$$\{3\} \subseteq \begin{cases} \{3\} \\ \{1,3\} \\ \{2,3\} \\ \{4,3\} \\ \{1,2,3\} \\ \{2,3,4\} \\ \{1,3,4\} \\ \{1,2,3,4\} \end{cases}$$

किन्तु {1, 2, 3, 4} एक उचित उपसमुच्चय नहीं है, क्योंकि यह समुच्चय {1, 2, 3, 4} के बराबर है।
$\therefore$ समुच्चय {3} के अधिसमुच्चयों की संख्या = 7

**26.** फलन $f(x) = \cos^{-1}(x - 2)$ का डोमेन (प्रांत) क्या है?

(A) [– 1, 1] (B) [1, 3]
(C) [0, 5] (D) [– 2, 1]

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**26.** (B) $\cos^{-1} x$ परिभाषित होता है जब
$-1 \le x \le 1$
$\cos^{-1}(x - 2)$ का डोमेन
$-1 \le (x - 2) \le 1$ है।
[दोनों पक्षों में 2 जोड़ने पर] $1 \le x \le 3$
$x \in [1, 3]$

**27.** यदि $f(x) = 2x - x^2$ हो, तो $f(x + 2) + f(x - 2)$ का मान, उस स्थिति में जब $x = 0$ हो, क्या होगा ?

(A) – 8 (B) – 4
(C) 8 (D) 4

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**27.** (A) $f(x) = 2x - x^2$
$x = 0$ पर $f(x + 2) + f(x - 2)$ का मान
$f(2) + f(-2)$
$= 2 \times 2 - 2^2 + 2 \times (-2) - (-2)^2$
$= 4 - 4 - 4 - 4$
$= -8$

**28.** $y = \frac{1}{x-1}$ के ग्राफ के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) डोमेन $\{x \in \mathbf{R} \mid x \ne 1\}$ है और परास (रेंज) वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है।
(B) डोमेन $\{x \in \mathbf{R} \mid x \ne 1\}$ है परास $\{y \in \mathbf{R} \mid y \ne 0\}$ है और ग्राफ $y$-अक्ष को (0, – 1) पर प्रतिच्छेद करता है।
(C) डोमेन वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है और परास एकल समुच्चय {0} है।
(D) डोमेन $\{x \in \mathbf{R} \mid x \ne 1\}$ है और परास $y$-अक्ष पर बिन्दुओं का समुच्चय है।

**[NDA & NA 2020 Paper-II]**

**28.** (B) $y = \frac{1}{x}$ का ग्राफ



$y = \frac{1}{x-1}$ का ग्राफ




विकल्प (A) से
डोमेन = $\{x \in R : x \ne 1\}$
रेंज = $R - \{0\}$
$\therefore$ विकल्प (A) सही नहीं है।
$\therefore$ विकल्प (B) से,
विकल्प (B) सही है, क्योंकि ग्राफ $y$-अक्ष को (0, –1) पर प्रतिच्छेद करता है।

**29.** मान लीजिए X = {1, 2, 3, 4} है और R, X पर एक संबंध है। यदि R = {(1, 1), (2, 2), (3, 3), (1, 2), (2, 1), (2, 3), (3, 2)} है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) R स्वतुल्य और सममित है, किन्तु संक्रामक नहीं है
(B) R सममित और संक्रामक है, किन्तु स्वतुल्य नहीं है
(C) R स्वतुल्य और संक्रामक है, किन्तु सममित नहीं है
(D) R न तो स्वतुल्य और न ही संक्रामक है, किन्तु सममित है

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**29.** (D) दिया है $x$ = {1, 2, 3, 4}
तथा R = {(1, 1)(2, 2)(3, 3)(1, 2)(2, 1)(2, 3)(3, 2)}
अत:
(i) R स्वतुल्य सम्बन्ध होता है, यदि सभी $a \in x$ के लिए $a$R$a$. सम्बन्ध लागू हो
यहाँ $(4, 4) \notin R$.
अत: 'R' स्वतुल्य सम्बन्ध नहीं है।

(ii) $\because$ R संक्रामक सम्बन्ध होता है यदि सभी $a, b, c \in x$ के लिए $aRb, bRc \Rightarrow aRc$ सम्बन्ध लागू हो

यहाँ $(1, 2), (2, 3) \in R$ किन्तु $(1, 3) \notin R$.

अर्थात् 'R' संक्रामक सम्बन्ध नहीं है।

(iii) $\because$ R सममित सम्बन्ध होता यदि सभी $a, b, \in x$. के लिए, $aRb \Rightarrow bRa$

यहाँ $(2, 1) \in R \Rightarrow (1, 2) \in R$.

तथा $(2, 3) \in R \Rightarrow (3, 2) \in R$

अतः R सममित सम्बन्ध है।

समी (i), (ii) तथा (iii) से, R न तो स्वतुल्य न ही संक्रामक सम्बन्ध है किन्तु सममित सम्बन्ध है।

**30.** धनपूर्ण संख्याओं के समुच्चय N पर एक संबंध R इस प्रकार से परिभाषित है कि $xRy \Rightarrow x^2 - 4xy + 3y^2 = 0$ है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) R स्वतुल्य और सममित है, किन्तु संक्रामक नहीं है

(B) R स्वतुल्य और संक्रामक है, किन्तु सममित नहीं है

(C) R स्वतुल्य, सममित और संक्रामक है

(D) R स्वतुल्य है, किन्तु यह न तो सममित है और न ही संक्रामक है

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**30.** (D) दिया है कि

$xRy \Rightarrow x^2 - 4xy + 3y^2 = 0$

$\Rightarrow x^2 - xy - 3xy + 3y^2 = 0$

$\Rightarrow x(x - y) - 3y\,(x - y) = 0$

$\Rightarrow (x - y)(x - 3y) = 0$

(1) सममित सम्बन्ध

$xRy \Rightarrow yRx.$

अब हमें एक उदाहरण (2, 3) तथा (3, 2) से इसकी जाँच करते हैं (2, 3) के लिए $\Rightarrow (2 - 3)\,(2 - 9) = 7$

(3, 2) के लिए $\Rightarrow (3 - 2)\,(3 - 6) = -3$

अतः R सममित सम्बन्ध नहीं है।

(ii) स्वतुल्य सम्बन्धः

$xRx, \Rightarrow (x - x)(-3x) = 0$

अतः R स्वतुल्य सम्बन्ध है।

(iii) संक्रामक सम्बन्धः

R संक्रामक सम्बन्ध होता है यदि $xRy, yRz \Rightarrow xRz$

अब हम उदाहरण (1, 2), (2, 3) तथा (1, 3) से इसकी जाँच करते हैं।

(1, 2) के लिए $\Rightarrow (1 - 2)\,(1 - 6) = 5$

(2, 3) के लिए $\Rightarrow (2 - 3)\,(2 - 9) = 7$

(1, 3) के लिए $\Rightarrow (1 - 3)\,(1 - 9) = 16$

अर्थात् R संक्रामक सम्बन्ध नहीं है।

परिणाम (i), (ii) व (iii), से R स्वतुल्य सम्बन्ध है किन्तु सममित तथा संक्रामक सम्बन्ध नहीं है।

**31.** दो अरिक्त समुच्चयों A और B के लिए निम्न. लिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. $(A \cap B) \cup (A \cap \overline{B}) \cup (\overline{A} \cap B) = A \cup B$

2. $A \cup (\overline{A} \cap \overline{B})) = A \cup B$

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**31.** (A) वेन आरेख से,

(1)




अब,

$(A \cap B) \cup (A \cap \overline{B}) \cup (\overline{A} \cap B)$
$= A \cup B.$

अतः कथन (1) सत्य है

(2) दिया है $A \cup (\overline{A} \cap \overline{B})$

$= A \cup B$

L.H.S.= $A \cup (\overline{A} \cap \overline{B})$

$= (A \cup \overline{A}) \cap (A \cup \overline{B})$

$= \cup \cap (A \cup \overline{B})$

$= A \cup \overline{B} \neq A \cup B$

$\therefore$ कथन (2) सत्य नहीं है।

अतः स्पष्टतः केवल कथन (1) सही है।

**32.** मान लीजिए X एक अरिक्त समुच्चय है और मान लीजिए A, B, C समुच्चय X के उपसमुच्चय हैं। निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. $A \subset C \Rightarrow (A \cap B) \subset (C \cap B)$,
$(A \cup B) \subset (C \cup B)$

2. $(A \cap B) \subset (C \cap B)$ सभी B समुच्चयों के लिए $\Rightarrow A \subset C$

3. $(A \cup B) \subset (C \cup B)$ सभी B समुच्चयों के लिए $\Rightarrow A \subset C$

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3

(D) केवल 1, 2 और 3

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**32.** (D) माना $x = \{1, 2, 3, 4\}$

$A = \{1, 2\}, B = \{2, 3, 4\}, C = \{1, 2, 3\}$

$A \subset C$

$A \cap B = \{2\}; C \cap B = \{2, 3\}$

स्पष्टतः $(A \cap B) \subset (C \cap B)$

1. $A \cup B = \{1, 2, 3, 4\}$

$(C \cup B) = \{1, 2, 3, 4\}$

$(A \cup B) \cup (C \cup B)$

$\therefore$ कथन (1) सही है

2. $A \cap B \subset (C \cap B)$

$\Rightarrow$ सभी समुच्चय B के लिए $A \subset C$

$\therefore$ कथन (2) सही है

3. $A \cup B \subset (C \cup B)$

$\Rightarrow$ सभी समुच्चय B के लिए $A \subset C$

$\therefore$ कथन (3) सही है

अतः सभी कथन (1), (2), तथा (3) सही है

**33.** $f(x) = \ln(\sqrt{x^2 + 1} - x)$ द्वारा परिभाषित एक फलन $f$, है :

(A) एक सम फलन

(B) एक विषम फलन

(C) सम और विषम फलन दोनों

(D) न तो सम और न ही विषम फलन

**[NDA & NA 2019 Paper-I]**

**33.** (B) दिया है :

$f(x) = ln\,(\sqrt{x^2 + 1} - x)$

तथा $f(x) = ln\left(\sqrt{(-x)^2 + 1} - (-x)\right)$

($x, -x$ रखने पर)

$= ln\left(\sqrt{x^2 + 1} + x\right)$

$= \ln\left[\left(\sqrt{x^2 + 1} + x\right)\right.$

$$\times \frac{\sqrt{x^2+1}-x}{\sqrt{x^2+1}-x}\Bigg]$$

$$= ln\left(\frac{x^2+1-x^2}{\sqrt{x^2+1}-x}\right)$$

$$= ln\left(\frac{1}{\sqrt{x^2+1}-x}\right)$$

$$= ln\left[\sqrt{x^2+1}-x\right]^{-1}$$

$$= -ln\left(\sqrt{x^2+1}-x\right)$$

$$= -f(x)$$

सम फलन यदि $f(x) = f(-x)$

विषम फलन यदि $f(x) = -f(x)$

अतः $f(x)$ विषम फलन है।

**34.** मान लीजिए कि–

$$A \cup B = \{x|(x-a)(x-b) > 0,$$

जहाँ $a < b$} है। A और B किसके बराबर है?

(A) $A = \{x|x > a\}$ और $B = \{x|x > b\}$

(B) $A = \{x|x < a\}$ और $B = \{x|x > b\}$

(C) $A = \{x|x < a\}$ और $B = \{x|x < b\}$

(D) $A = \{x|x > a\}$ और $B = \{x|x < b\}$

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**34.** (B) दिया है कि,

$$A \cup B = \{x : (x-a), (x-b) > 0; a < b\}$$

+ – +

$-\infty$ $a$ $b$ $+\infty$

विकल्पों को हटाकर–

(A) रेंज $(a, \infty)$ में $x > a$ के दो चिह्न है।

$\therefore$ $x > a$ सम्भव नहीं है।

(B) $x < a$ सन्तुष्ट करता है तथा रेंज $(b, \infty)$ में $x > b$ का केवल एक चिह्न है।

$\therefore$ $x > b$ भी सन्तुष्ट करता है।

$\therefore$ $A = \{x : x < a\}$

तथा $B = \{x : x > b\}$

(C) रेंज $(-\infty, a)$ तथा $(-\infty, b)$ में $x < a$ तथा $x < b$ के दो चिह्न हैं।

$\therefore$ $x < a$ तथा $x < b$ सम्भव नहीं है।

(D) $x > a$ तथा $x < b$ के ऋणात्मक चिह्न हैं।

$\therefore$ $x > a$ तथा $x < b$ के सम्भव नहीं है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 35 एवं 36 के लिए)**

निम्नलिखित सूचना को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मान लीजिए कि $f(x) = x^2$, $g(x) = \tan x$ और $h(x) = \ln x$ है।

**[NDA & NA 2019 Paper-II]**

**35.** $x = \frac{\sqrt{\pi}}{2}$ के लिए $[ho(gof)](x)$ का मान क्या है?

(A) 0 (B) 1

(C) $\frac{\pi}{4}$ (D) $\frac{\pi}{2}$

**35.** (A) दिया है,

$$f(x) = x^2, g(x) = \tan x$$
$$h(x) = \ln(x)$$

$$\therefore [ho(gof)(x) \text{ at } x = \frac{\sqrt{\pi}}{2}$$
$$= [ho(gof)]\left(\frac{\sqrt{\pi}}{2}\right)$$

$$\Rightarrow ho\left[g\left[f\left(\frac{\sqrt{\pi}}{2}\right)\right]\right] = ho\left[g\left(\frac{\pi}{4}\right)\right]$$
$$= h\left(\tan\frac{\pi}{4}\right)$$
$$= \ln 1.$$
$$= 0.$$

**36.** $[fo(fof)](2)$ किसके बराबर है?

(A) 2 (B) 8

(C) 16 (D) 256

**36.** (D) $[fo(fof)](x)$

$$= ((x^2)^2)^2 = x^8$$

$x = 2$ पर

$$x^8 = 2^8 = 256$$

**37.** मान लीजिए A और B, X और $C = (A \cap B') \cup (A' \cap B)$ है, जहाँ A' और B' क्रमशः A और B के, X में पूरक हैं। C किसके बराबर है ?

(A) $(A \cup B') - (A \cap B')$

(B) $(A' \cup B) - (A' \cap B)$

(C) $(A \cup B) - (A \cap B)$

(D) $(A' \cup B') - (A' \cap B')$

**[NDA & NA 2018 Paper-I]**

**37.** (C) दिया है $C = (A \cap B') \cup (A' \cap B)$




यह $(A \cup B) - (A \cap B)$ को भी प्रदर्शित करता है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 38 एवं 39 के लिए)**

300 छात्रों का एक सर्वेक्षण किया गया। यह पाया गया कि 125 छात्रों को क्रिकेट खेलना पसंद है, 145 छात्रों को फुटबॉल खेलना पसंद है और 90 छात्रों को टेनिस खेलना पसंद है। 32 छात्र ऐसे हैं, जो तीन खेलों में से ठीक-ठीक दो खेल खेलना पसंद करते हैं।

**[NDA & NA 2018 Paper-II]**

**38.** कितने छात्र सभी तीन खेल खेलना पसंद करते हैं?

(A) 14 (B) 21

(C) 28 (D) 35

**38.** (A)हम जानते हैं कि,

$$n(A \cup B \cup C) = n(A) + n(B) + n(C) - [n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(C \cap A)] + n(A \cap B \cap C)$$

$$\Rightarrow 300 = 125 + 145 + 90 - [n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(A \cap C)] + n(A \cap B \cap C)$$

$$\Rightarrow n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(A \cap C)$$
$$= 60 + n(A \cap B \cap C) \quad ...(i)$$

पुनः

$$n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(A \cap C) - 3n(A \cap B \cap C) = 32$$

$$\Rightarrow n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(A \cap C)$$
$$= 32 + 3n(A \cap B \cap C) \quad ...(ii)$$

समी (i) तथा (ii) से

$$n(A \cap B \cap C) = 14.$$

$\therefore$ 14 छात्र तीनों खेलों को खेलना पसन्द करते हैं।

**39.** कितने छात्र ठीक-ठीक केवल एक खेल खेलना पसंद करते हैं?

(A) 196 (B) 228

(C) 254 (D) 268

**39.** (C) अभीष्ट विद्यार्थी $= n(A) + n(B) + n(C) - 2[n(A \cap B) + n(B \cap C) + n(A \cap C)] + 3n(A \cap B \cap C)$

$$= 125 + 145 + 90 - 2[32 + 3 \times 14] + 3 \times 14$$
$$= 360 - 106 = 254$$

**40.** मान लीजिए कि दिल्ली में रहने वाले सभी व्यक्तियों का एक समुच्चय S है। हम कहते हैं कि S के $x, y$ एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं यदि उनका जन्म दिल्ली में एक ही दिन हुआ था। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) यह सम्बन्ध एक तुल्य सम्बन्ध है

(B) यह सम्बन्ध स्वतुल्य नहीं है, लेकिन सममित व संक्रामक है

(C) यह सम्बन्ध सममित नहीं है, लेकिन स्वतुल्य व संक्रामक है

(D) यह सम्बन्ध संक्रामक नहीं है, लेकिन स्वतुल्य व सममित है

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**40.** (A) दिया है कि S दिल्ली में रहने वाले सभी व्यक्तियों का समुच्चय है।

R = {(x, y) : x तथा y समान दिन को

दिल्ली में पैदा हुए थे}

**स्वतुल्य सम्बन्ध :** यदि समुच्चय S में प्रत्येक अवयव स्वयं से सम्बन्धित है तब S एक स्वतुल्य संबंध होगा।

स्पष्टतः $(x, x) \in S$, प्रत्येक $x \in S$ के लिए क्योंकि समान व्यक्ति समान स्थान पर तथा समान दिन पैदा होते हैं। अतः S एक स्वतुल्य सम्बन्ध है।

**सममित सम्बन्ध :** माना $(x, y) \in S$ इसका अर्थ $x$ तथा $y$ दिल्ली में समान दिन पैदा हुए थे।

इसलिए $y$ तथा $x$ भी दिल्ली में समान दिन पैदा हुए होंगे।

$\therefore (x, y) \in S$

अतः S एक सममित सम्बन्ध है।

**संक्रामक सम्बन्ध :** माना $(x, y)$ तथा $Z \in S$ इस प्रकार है कि

$(x, y) \in S$ ...(i) तथा $(y, z) \in S$ ...(ii)

समी (i) तथा (ii) से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि $x$ तथा $z$ दिल्ली में समान दिन पैदा हुए थे।

$\therefore (x, z) \in S$

अतः S एक संक्रामक सम्बन्ध है इसलिए दिया गया सम्बन्ध तुल्यता सम्बन्ध है।

**41.** मान लीजिए कि $f : [-6, 6] \to \mathbf{R}$ है, जो कि $f(x) = x^2 - 3$ द्वारा निश्चित है। निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. $(f \circ f \circ f)(-1) = (f \circ f \circ f)(1)$
2. $(f \circ f \circ f)(-1) - 4(f \circ f \circ f)(1) = (f \circ f)(0)$

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**41. (C)** दिया गया फलन

$$f(x) = x^2 - 3.$$
$$\Rightarrow fof(x) = f(f(x)) = f(x^2 - 3)$$
$$= (x^2 - 3)^2 - 3$$
$$= x^4 - 6x^2 + 9 - 3$$
$$= x^4 - 6x^2 + 6.$$
$$f0(f(f(x)) = f(x^4 - 6x^2 + 6)$$
$$= (x^4 - 6x^2 + 6)^2 - 3$$

1. $(fofof)(-1)$

$$= \left[(-1)^4 - 6(-1)^2 + 6\right]^2 - 3$$
$$= (1 - 6 + 6) - 3 = -2$$
$$(fofof)(1) = (1^4 - 6 \times (1)^2 + 6)^2 - 3$$
$$= (1 - 6 + 6) - 3 = -2.$$

इसलिए,

$(fofof)(-1) = (fofof)(1)$

$\therefore$ कथन (1) सही है।

2. $(fofof)(-1) - 4(fofof)(1)$
$$= -2 - 4 \times -2$$
$$= -2 + 8 = 6$$
$$(fof)(0) = 0 - 0 + 6$$
$$= 6$$

$\therefore (fofof)(-1) - 4(fofof)(1) = (fof)(0)$

$\therefore$ कथन (B) सही है।

$\therefore$ दोनों कथन (1) तथा (2) सही हैं।

**42.** मान लीजिए कि $f(a) = \dfrac{a-1}{a+1}$ है।

निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. $f(2a) = f(a) + 1$
2. $f\left(\dfrac{1}{a}\right) = -f(a)$

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2017 Paper-I]**

**42. (B)** दिया है :

$$f(a) = \frac{a-1}{a+1}$$

1. $$\therefore f(2a) = \frac{2a-1}{2a+1}$$
$$f(a) + 1 = \frac{a-1}{a+1} + 1$$
$$= \frac{2a}{a+1}$$

इसलिए, $f(2a) \neq f(a) + 1$

$\therefore$ कथन (1) सत्य नहीं है।

2. $$f\left(\frac{1}{a}\right) = \frac{\frac{1}{a} - 1}{\frac{1}{a} + 1}$$
$$= \frac{1-a}{1+a}$$
$$= -\left(\frac{a-1}{a+1}\right)$$
$$= -f(a)$$

$\therefore$ कथन (2) सत्य है

अतः केवल कथन (2) सत्य है।

**43.** मान लीजिए कि धनात्मक संख्याओं $x$ और $y$ के बीच एक संबंध * इस प्रकार दिया गया है कि $x * y$, यदि और केवल यदि $x \le y^2$ है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) * स्वतुल्य है लेकिन संक्रामक और सममित नहीं
(B) * संक्रामक है लेकिन स्वतुल्य और सममित नहीं
(C) * सममित और स्वतुल्य है लेकिन संक्रामक नहीं
(D) * सममित है लेकिन स्वतुल्य और संक्रामक नहीं

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**43.** (A) दिया है $x$ तथा $y$ धनात्मक संख्याएँ इस प्रकार हैं कि $x \le y^2$

(i) स्वतुल्य सम्बन्धः

$x \le x^2 \;\forall$ धनात्मक संख्या

$\Rightarrow x * x$

$\therefore$ सम्बन्ध स्वतुल्य हैं

(ii) संक्रामक

$x \le y^2, \quad y \le z^2$

माना $x = 5, \quad y = 3, \quad z = 2$

$5 \le (3)^2 \qquad (3) \le (2)^2$

किन्तु $5 \not\le (2)^2$

इसलिए, $x \le y^2 \quad y \le z^2$

किन्तु $x \not\le z^2$

$\therefore$ सम्बन्ध संक्रामक हैं

(iii) सममितः

$1 \le (z)^2$ जबकि $2 \not\le (1)^2$

इसलिए सम्बन्ध सममित नहीं है इस प्रकार $x \le y^2 \forall$ धनात्मक संख्या है

अतः सम्बन्ध स्वतुल्य किन्तु संक्रामक तथा सममित नहीं।

**44.** यदि $x_1, x_2 \in (-1, 1)$ के लिए

$$f(x_1) - f(x_2) = f\left(\frac{x_1 - x_2}{1 - x_1 x_2}\right)$$

है, तो $f(x)$ किसके बराबर है?

(A) $\ln\left(\dfrac{1-x}{1+x}\right)$ (B) $\ln\left(\dfrac{2+x}{1-x}\right)$

(C) $\tan^{-1}\left(\dfrac{1-x}{1+x}\right)$ (D) $\tan^{-1}\left(\dfrac{1+x}{1-x}\right)$

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**44.** (A) $f(x_1) - f(x_2) = f\left(\dfrac{x_1 - x_2}{1 - x_1 x_2}\right)$

(दिया है)

$x_1 x_2 \in (-1, 1)$

माना $f(x) = \log \dfrac{(1-x)}{(1+x)}$

तब $f(x_1) = \log \dfrac{1-x_1}{1+x_1}$,

$f(x_2) = \log \dfrac{1-x_2}{1+x_2}$

$$f(x_1) - f(x_2) = \log \frac{1-x_1}{1+x_1} - \log \frac{1-x_2}{1+x_2}$$

$$f(x_1) - f(x_2) = \log \left(\frac{1-x_1}{1+x_1}\right) \times \left(\frac{1+x_2}{1-x_2}\right)$$

$$f(x_1) - f(x_2) = \log \frac{(1-x_1 x_2) - (x_1 - x_2)}{(1-x_1 x_2) + (x_1 - x_2)}$$

$$f(x_1) - f(x_2) = \log \frac{1 - \left(\dfrac{x_1 - x_2}{1 - x_1 x_2}\right)}{1 + \left(\dfrac{x_1 - x_2}{1 - x_1 x_2}\right)}$$

$$f(x_1) - f(x_2) = f\left(\frac{x_1 - x_2}{1 - x_1 x_2}\right)$$

**निर्देश (प्रश्न 45 एवं 46 के लिए)**

फलन $f(x) = \dfrac{27(x^{2/3} - x)}{4}$ पर विचार कीजिए।

माना $x^{\frac{1}{3}} = t$

$$f(t) = \frac{27}{4}(t^2 - t^3)$$

$$f'(t) = \frac{27}{4}[2t - 3t^2]$$

$f'(t) = 0$ रखने पर

$\therefore \quad t(2 - 3t) = 0$

$$t = 0, \frac{2}{3}$$

$$f(0) = 0$$

$$f\left(\frac{2}{3}\right) = \frac{27}{4} \times \left[\frac{4}{9} - \frac{8}{27}\right]$$

$$= \frac{27}{4} \times \frac{4}{27} = 1$$




**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**45.** फलन $f(x) = 1$ के कितने हल हैं?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

**45.** (B) ग्राफ से, $f(x) = 1$ का दो हल हैं।

**46.** फलन $f(x) = -1$ के कितने हल हैं?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

**46.** (A) ग्राफ से, $f(x) = -1$ का एक हल है।

**47.** मान लीजिए R, धन पूर्णांकों के समुच्चय N पर '$n\text{R}m \Leftrightarrow n, m$ का एक गुणनखंड है' द्वारा परिभाषित एक संबंध है। तब निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) R स्वतुल्य, सममित है किन्तु संक्रामक नहीं

(B) R संक्रामक, सममित है किन्तु स्वतुल्य नहीं

(C) R स्वतुल्य, संक्रामक है किन्तु सममित नहीं

(D) R एक तुल्यता संबंध है

**[NDA & NA 2016 Paper-I]**

**47.** (C) दिया है कि

$n\,\text{R}m \Leftrightarrow n, m$ का गुणनखण्ड है

तथा $m, n$ से विभाज्य है

**1. स्वतुल्य सम्बन्ध के लिए:**

हम जानते हैं कि $n, m$ से विभाज्य है $\forall n \in \text{N}$.

$(n, m) \in \text{R} \; \forall n \in \text{N}$

$\therefore$ R स्वतुल्य सम्बन्ध है।

**2. संक्रामक सम्बन्ध के लिए**

दिया है $n, m \in \text{N}$

माना $n = 2, m = 6$

$m, n$ से विभाज्य है किन्तु $n, m$ से विभाज्य नहीं है इसलिए R सममित सम्बन्ध नहीं है

**3. संक्रामक सम्बन्ध के लिए**

माना $(n, m) \in \text{R}$ तथा $(m, p) \in \text{R}$

तथा $(n, m) \in \text{R}$ तथा $(m, p) \in \text{R}$

$\Rightarrow (n, p) \in \text{R}$

या यदि $m, n$ से विभाज्य है तथा $p, m$ से विभाज्य है इसलिए $p, m$ से विभाज्य है. $(n, p) \in \text{R} \; \forall n, p \in \text{N}$

$\therefore$ R संक्रामक सम्बन्ध है

अतः R स्वतुल्य, संक्रामक सम्बन्ध है किन्तु सममित नहीं।

**48.** मान लीजिए $\dfrac{p}{q}$ प्रकार की सभी भिन्न (डिस्टिंक्ट) संख्याओं का एक समुच्चय S है, जहाँ $p, q \in \{1, 2, 3, 4, 5, 6\}$ हैं। समुच्चय S की प्रमुखता (कार्डिनैलिटी) क्या है?

(A) 21 (B) 23

(C) 32 (D) 36

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**48.** (B) दिया है,

$p, q, \in (1, 2, 3, 4, 5, 6)$

$\dfrac{p}{q}$ रूप के लिए

$p = 1, q = 1, 2, 3, 4, 5, 6$

इसलिए, $\dfrac{p}{q} = 1, \dfrac{1}{2}, \dfrac{1}{3}, \dfrac{1}{4}, \dfrac{1}{5}$ तथा $\dfrac{1}{6}$

अर्थात् $n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 6$

जब $p = 2, q = 1, 3, 5$

इसलिए $\dfrac{p}{q} = 2, \dfrac{2}{3}, \dfrac{2}{5}$

तथा $n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 3$

जब $p = 3, q = 1, 2, 3, 4, 5$

इसलिए $\dfrac{p}{q} = 3, \dfrac{3}{2}, \dfrac{3}{4}, \dfrac{3}{5}$

तथा $n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 4$

इसी प्रकार जब $p = 4, q = 1, 3, 5$

इसलिए, $n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 3$

जब $p = 5, q = 1, 2, 3, 4, 6$

$n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 5$

और $p = 6, q = 1, 5$

तथा $n\left(\dfrac{p}{q}\right) = 2$

$\therefore$ समुच्चय S की प्रमुखता

$= 6 + 3 + 4 + 3 + 5 + 2 = 23$

**49.** यदि $\text{A} = \{x \in \mathbf{R} : x^2 + 6x - 7 < 0\}$ है और $\text{B} = \{x \in \mathbf{R} : x^2 + 9x + 14 > 0\}$ है, तो निम्न. लिखित में से कौन–सा/से सही है/हैं?

1. $\text{A} \cap \text{B} = \{x \in \mathbf{R} : -2 < x < 1\}$
2. $\text{A} \setminus \text{B} = \{x \in \mathbf{R} : -7 < x < -2\}$

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1, न ही 2

**[NDA & NA 2016 Paper-II]**

**49.** (C) दिया है,

$x^2 + 6x - 7 < 0$

तथा $x^2 + 9x + 14 > 0$

$\Rightarrow (x - 1)(x + 7) < 0$ तथा

$\Rightarrow (x + 2)(x + 7) > 0$

$\Rightarrow x \in (-7, 1)$ तथा

$\Rightarrow x \in (-\infty, -7) \cup (-2, \infty)$

$\therefore A \cap B = \{x \in R : -2 < x < 1\}$

$\therefore$ कथन (1) सही है।

$$\frac{A}{B} = A - B$$

$$= \{x \in R : -7 < x < -2\}$$

$\therefore$ कथन (2) सही हैं

इसलिए दोनों कथन सही हैं।

**50.** मान लीजिए कि एक शहर में रहने वाले सभी व्यक्तियों का समुच्चय X है। X के व्यक्ति $x, y$ सम्बन्ध $x < y$ द्वारा सम्बन्धित कहे जाते हैं, यदि $y, x$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है। निम्नलिखित में से कौन–सा एक **सही** है?

(A) यह सम्बन्ध X पर एक तुल्यता सम्बन्ध है

(B) यह सम्बन्ध संक्रामक है, किन्तु न तो स्वतुल्य है और न ही सममित है

(C) यह सम्बन्ध स्वतुल्य है, किन्तु न तो संक्रामक है और न ही सममित है

(D) यह सम्बन्ध सममित है, किन्तु न तो संक्रामक है और न ही स्वतुल्य है

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**50.** (B) दिया है X शहर में रहने वाले व्यक्तियों का समुच्चय है। सम्बन्ध (R) = $\{(x, y) \in R$ तथा $y, x$ कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है$\}$

**स्वतुल्य सम्बन्ध:** सभी $x \in X$ के लिए $(x, x) \in R$

अब, $x$ स्वयं से 5 वर्ष बड़ा नहीं हो सकता इसलिए दिया गया सम्बन्ध स्वतुल्य है।

**सममित सम्बन्ध:** यदि $(x, y) \in R$

$(y, x) \in R \Rightarrow y, x$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है

$\Rightarrow (x, y) \in R \Rightarrow x, y$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है

यह उपर्युक्त कथन का विरोधभास है।

इसलिए दिया गया सम्बन्ध सममित है।

**संक्रामक सम्बन्ध** : यदि $(x, y) \in R$ तथा $(y, z) \in R \Rightarrow (x, z) \in R$

$(x, y) \in R \Rightarrow y, x$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है

$(y, z) \in R \Rightarrow z, y$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है।

तब $(x, z) \in R \Rightarrow z, x$ से कम–से–कम 5 वर्ष बड़ा है।

चूँकि, $z, x$ से कम–से–कम 10 वर्ष बड़ा है।

अतः दिया गया सम्बन्ध संक्रामक है।

**51.** 60 विद्यार्थी की एक कक्षा में 45 विद्यार्थी संगीत पसन्द करते हैं, 50 विद्यार्थी नृत्य पसन्द करते हैं और 5 विद्यार्थी दोनों में से कुछ भी पसन्द नहीं करते हैं। कक्षा में उन विद्यार्थियों की, जो संगीत और नृत्य दोनों पसन्द करते हैं, संख्या क्या है?

(A) 35 (B) 40

(C) 50 (D) 55

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**51.** (B)




विद्यार्थी जो संगीत पसन्द करते हैं = 45

$\therefore \quad x + y = 45 \quad$ ...(i)

विद्यार्थी जो नृत्य पसन्द करते हैं = 50

$\therefore \quad y + z = 50 \quad$ ...(ii)

विद्यार्थी जो न तो संगीत न तो नृत्य पसन्द करते हैं = 5

विद्यार्थी जो संगीत तथा नृत्य दोनों पसन्द करते हैं = $y$

दिया है कि कक्षा में कुल विद्यार्थी = 60

इसलिए, $x + y + z + 5 = 60$

[समी. (i) से]

$45 + z + 5 = 60$

$z + 50 = 60$

$z = 10$

समी (ii) से

$y + z = 50$

$y + 10 = 50$

$y = 40$

अतः 40 विद्यार्थी नृत्य तथा संगीत दोनों को पसन्द करते हैं।

**52.** मान लीजिए कि पूर्णांकों का समुच्चय Z है और $aRb$, जहाँ $a, b \in Z$, यदि और केवल यदि $(a - b)$, 5 से विभाज्य है।

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सम्बन्ध R, Z को पाँच तुल्य वर्गों में विभाजित करता है।
2. कोई दो तुल्य वर्ग या तो बराबर हैं या असंयुक्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**52.** (C) **स्वतुल्य सम्बन्ध:**

$(a, a) \in R$

$(a - a) = 0$, 5 से विभाज्य है।

$\therefore$ दिया गया सम्बन्ध स्वतुल्य है।

**सममित सम्बन्ध:**

$(a, b) \in R \Rightarrow (b, a) \in R$

माना $a = 5, b = 10$

$(a, -b) = (5 - 10) = -5$, 5 से विभाज्य है।

अब, $(b - a) = (10 - 5) = 5$, 5 से विभाज्य है।

**संक्रामक सम्बन्ध:**

$(a, b) \in R$ तथा $(b, a) \in R$

तब $(a, c) \in R$

माना $a = 5, b = 10, c = 15$

$(a, b) \in R \Rightarrow (a - b) = (5 - 10) = -5$, 5 से विभाज्य है।

$(b, c) \in R \Rightarrow (b - c) = (10 - 15) = -5$ 5 से विभाज्य है

तब,

$(a, c) \in R \Rightarrow (a - c) = (5 - 15)$

$= -10$, 5 से विभाज्य है

$\therefore$ दिया गया सम्बन्ध संक्रामक है।

अतः सम्बन्ध तुल्यता सम्बन्ध है।

अब जब $(a - b)$ को 5 से विभाजित करते है तब हम $Z$ को 5 तुल्य वर्गों में विभाजित कर सकते हैं तथा वे असयुक्त होते हैं। इसका अर्थ यह है कि किन्हीं दो वर्गों के बीच कोई भी अवयव उभयनिष्ठ नहीं है।

**53.** मान लीजिए A = {1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10} है। तो A के ठीक दो अवयव रखने वाले उपसमुच्चयों की संख्या क्या है?

(A) 20 (B) 40

(C) 45 (D) 90

**[NDA & NA 2015 Paper-I]**

**53.** (C) A = {1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10}

अवयवों की कुल संख्या = 10

उपसमुच्चयों की अभीष्ट संख्या

$${}^{10}C_2 = \frac{10!}{2! \times (10-2)!}$$

$$\left[\because {}^nC_r = \frac{n!}{r!(n-r)!}\right]$$

$$= \frac{10 \times 9 \times 8!}{2 \times 1 \times 8!}$$

$= 45$

**54.** मान लीजिए कि X दिल्ली में रहने वाले सभी व्यक्तियों का समुच्चय है। X में $a$ और $b$ व्यक्ति परस्पर संबंधित कहे जाते हैं, यदि उनकी आयु में अधिकतम 5 वर्षों का अंतर है। यह सम्बन्ध :

(A) एक तुल्यता सम्बन्ध है

(B) स्वतुल्य और संक्रामक है पर सममित नहीं है

(C) सममित और संक्रामक है पर स्वतुल्य नहीं है

(D) स्वतुल्य और सममित है पर संक्रामक नहीं है

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**54.** (D) दिया है

X दिल्ली में रहने वाले सभी व्यक्तियों का समुच्चय है

माना, $X = \{a, b, ....\}$

**स्वतुल्य सम्बन्ध के लिए**

सभी $a$ के लिए $(a, a) \in X$, इस प्रकार है कि उनकी आयु का अन्तर अधिकतम 5 वर्ष है

$|a - a| = 0 \leq 5$

अतः सम्बन्ध स्वतुल्य है

**सममित सम्बन्ध के लिए–**

$|a - b| \leq 5$

[जहाँ $(a, b) \in X$]

तब,

$|a - b| \leq 5, \Rightarrow |b - a| \leq 5$

अतः सम्बन्ध सममित है

**संक्रामक सम्बन्ध के लिए–**

माना $|a - b| \leq 5$ तथा $|b - c| \leq 5$

[जहाँ $(a, b)$ तथा $(b, c) \in X$]

किन्तु

$|a - b + b - c| \leq 5 + 5$

$|a - c| \leq 10$

अतः सम्बन्ध संक्रामक नहीं है।

अतः सम्बन्ध स्वतुल्य तथा सममित, किन्तु संक्रामक नहीं है।

**55.** यदि $A = \{x \in R : x^2 + 6x - 7 < 0\}$ और $B = \{x \in R : x^2 + 9x + 14 > 0\}$ हों, तो निम्नलिखित में से कौन–सा/से सही है/हैं?

1. $(A \cap B) = (-2, 1)$
2. $(A \backslash B) = (-7, -2)$

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों ही

(D) न तो 1, और न ही 2

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**55.** (C) दिया है

$A = \{x \in R : x^2 + 6x - 7 < 0\}$

$\Rightarrow x^2 + 6x - 7 < 0$

$\Rightarrow x^2 + 7x - x - 7 < 0$

$\Rightarrow x(x + 7) - 1(x + 7) < 0$

$\Rightarrow (x - 1)(x + 7) < 0$

$\therefore x \in (-7, 1)$

दिया है

$B = \{x \in R : x^2 + 9x + 14 > 0\}$

$\Rightarrow x^2 + 9x + 14 > 0$

$\Rightarrow x^2 + 7x + 2x + 14 > 0$

$\Rightarrow x(x + 7) + 2(x + 7) > 0$

$\Rightarrow (x + 2)(x + 7) > 0$

$\therefore x \in (-\infty, -7) \cup (-2, \infty)$

$A \cap B = (-2, 1)$

$A \backslash B = (A - B) = (-7, -2)$

$\therefore$ दोनों कथन (1) तथा (2) सही हैं।

**56.** यदि $g(x) = \frac{1}{f(x)}$ और $f(x) = x, x \neq 0$, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) $f(f(f(g(g(f(x)))))) = g(g(f(g(f(x)))))$

(B) $f(f(g(g(g(f(x)))))) = g(g(f(g(f(x)))))$

(C) $f(g(f(g(g(f(x)))))) = g(g(f(g(f(x)))))$

(D) $f(f(f(g(g(f(x)))))) = f(f(f(g(f(x)))))$

**[NDA & NA 2015 Paper-II]**

**56.** (B) दिया है :

$$g(f(x)) = \frac{1}{f(x)} = \frac{1}{x} \quad \left[\begin{array}{c}\because \text{दिया है} \\ f(x) = x\end{array}\right]$$

$$g[g(f(x))] = \frac{1}{\left(\frac{1}{x}\right)} = x$$

विकल्प (A) से,

$$f(g(g(f(x)))) = x$$

$$f(f(g(g(f(x))))) = x$$

$$\text{L.H.S.} = f(f(f(g(g(f(x)))))) = x$$

तथा $$f(g(f(x))) = \frac{1}{x}$$

$$g(f(g(f(x)))) = \frac{1}{\left(\frac{1}{x}\right)} = x$$

$$\text{R.H.S.} = g(g(f(g(f(x))))) = \frac{1}{x}$$

L.H.S. ≠ R.H.S.

विकल्प (B) से,

$$g(f(x)) = \frac{1}{x}$$

$$g(g(f(x))) = x$$

$$g(g(g(f(x)))) = \frac{1}{x}$$

$$f(g(g(g(f(x))))) = \frac{1}{x}$$

$$\text{L.H.S.}\ f(f(g(g(g(f(x)))))) = \frac{1}{x}$$

तथा $$f(g(f(x))) = \frac{1}{x}$$

$$g(f(g(f(x)))) = \frac{1}{\left(\frac{1}{x}\right)} = x$$

$$\text{R.H.S.}\ g(g(f(g(f(x))))) = \frac{1}{x}$$

L.H.S. = R.H.S.

इसी प्रकार विकल्प (C) तथा (D) का विस्तार करने पर

L.H.S. ≠ R.H.S.

अतः विकल्प (B) सही है।

**57.** मान लीजिए कि भारत के सभी नागरिकों का समुच्चय X है। X में अवयव $x, y$ संबंधित कहे जाते हैं यदि उनकी आयु का अंतर 5 वर्ष है। निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) यह संबंध, X पर एक तुल्य संबंध है

(B) यह संबंध सममित है किन्तु न तो स्वतुल्य है और न ही संक्रामक है

(C) यह संबंध स्वतुल्य है किन्तु न तो सममित है और न ही संक्रामक है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**57.** (B) दिया है X = {भारत के सभी नागरिक}

तथा $R = \{(x, 4) : x, y \in x, |x - y| = 5\}$

(i) स्वतुल्य सम्बन्ध के लिए

$|x - x| = 5 \neq 5$

$\therefore \quad (x, x) \notin R$

$\therefore$ R स्वतुल्य सम्बन्ध नहीं है।

(ii) सममित सम्बन्ध के लिए

माना $xRy \Rightarrow |x - y| = 5$

$\Rightarrow \quad |y - x| = 5$

$\Rightarrow y\,Rx$

$\therefore$ R सममित सम्बन्ध है।

(iii) संक्रामक सम्बन्ध के लिए

माना $xRy, yRz$ जहाँ $x, y, z \in X$

इसलिए $|x - y| = 5$

तथा $|y - z| = 5$

तब $(x - y + y - z) = 10$

$|x - z| \neq 5$

$\therefore \quad (x, z) \notin R$

$\therefore$ R संक्रामक सम्बन्ध नहीं है

अतः दिया गया सम्बन्ध सममित है। किन्तु न तो स्वतुल्य है और न ही संक्रामक है।

**58.** A से B में निम्नलिखित संबंधों पर विचार कीजिए, जहाँ $A = (u, v, w, x, y, z\}$ और

$B = \{p, q, r, s\}$

1. $\{(u, p), (v, p), (w, p), (x, q), (y, q), (z, q)\}$
2. $\{(u, p), (v, p), (w, r), (z, s)\}$
3. $\{(u, s), (v, r), (w, q), (u, p), (v, q), (z, q)\}$
4. $\{(u, q), (v, p), (w, s), (x, r), (y, q), (z, s)\}$

उपर्युक्त में से कौन–से संबंध फलन **नहीं** हैं?

(A) 1 और 2 (B) 1 और 4

(C) 2 और 3 (D) 3 और 4

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**58.** (C) दिया है : $A = \{u, v, w, x, y, z\}$

तथा $B = \{p, q, r, s\}$

किसी सम्बन्ध के फलन होने के लिए समुच्चय A में प्रत्येक अवयव का समुच्चय B में एक प्रतिबिम्ब है किन्तु समुच्चय A का किसी भी अवयव का एक से ज्यादा प्रतिबिम्ब नहीं हो सकता, सम्बन्ध (1) में, समुच्चय A के सभी अवयवों का; समुच्चय B में प्रतिबिम्ब है .

$\therefore$ सम्बन्ध (1) एक फलन है।

सम्बन्ध (2), में समुच्चय A के अवयव $x$ तथा $y$ का, समुच्चय B में कोई भी प्रतिबिम्ब नहीं है।

$\therefore$ सम्बन्ध (2) एक फलन नहीं है।

$\therefore$ सम्बन्ध (3) में, समुच्चय A का अवयव $v$ के दो प्रतिबिम्ब $s$ तथा $p$ हैं। तथा अवयव $v$ दो प्रतिबिम्ब $r$ तथा $q$ भी हैं।

$\therefore$ सम्बन्ध (3) एक फलन नहीं है।

सम्बन्ध (4) में, समुच्चय A के सभी अवयवों के समुच्च B में प्रतिबिम्ब हैं।

$\therefore$ सम्बन्ध (4) एक फलन है।

इसलिए सम्बन्ध (2) तथा (3) फलन नहीं हैं।

**59.** मान लीजिए S, सभी पूर्णांकों के समुच्चय को द्योतित करता है। S पर संबंध R '$a\text{R}b$', यदि $ab \geq 0$, जहाँ $a, b \in S'$, के रूप में परिभाषित है, तो R कैसा है?

(A) स्वतुल्य किन्तु न तो सममित और न ही संक्रामक संबंध

(B) स्वतुल्य, सममित संबंध किन्तु संक्रामक नहीं

(C) तुल्य संबंध

(D) सममित किन्तु न तो स्वतुल्य और न ही संक्रामक संबंध

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**59.** (C) दिया है S = सभी पूर्णाकों का समुच्चय

माना $R = \{(a, b), a, b \in S$ तथा $ab \geq 0\}$

**स्वतुल्य सम्बन्ध के लिए**

$a\text{R}a \Rightarrow a \, . \, a = a^2 \geq 0$

$\therefore$ R स्वतुल्य सम्बन्ध है।

**सममित सम्बन्ध के लिए**

$a\text{R}b \Rightarrow ab \geq 0 \; \forall \; a, b \in S$

$\Rightarrow ba \geq 0$

$\Rightarrow b\,\text{R}a$

$\therefore$ R सममित सम्बन्ध है

**संक्रामक सम्बन्ध के लिए:**

$a\text{R}b, b\text{R}c \; \forall \; a, b, c \in S$

$ab \geq 0$ तथा $bc \geq 0$

$\therefore ac \geq 0 = a\text{R}c$

$\therefore$ R संक्रामक सम्बन्ध है।

इसलिए, R एक तुल्य सम्बन्ध है।

**60.** मान लीजिए N, सभी ऋणेतर पूर्ण संख्याओं के समुच्चय को द्योतित करता है और Z, सभी पूर्णांकों के समुच्चय को द्योतित करता है। $f(x) = |x|$ से दिया गया फलन $f : Z \rightarrow N$ कैसा है?

(A) एकैक किन्तु आच्छादक नहीं

(B) आच्छादक किन्तु एकैक नहीं

(C) एकैक और आच्छादक दोनों

(D) न तो एकैक और न ही आच्छादक

**[NDA & NA 2014 Paper-I]**

**60.** (B) माना $f : x \rightarrow y$

किसी फलन के एकैकी होने के लिए डोमेन में प्रत्येक अवयव, अपने सह डोमेन के अधिकतम अवयव का प्रतिबिम्ब होता है। सरल शब्दों में, $y$ का कोई भी मान $x$ के 2 या अधिक भिन्न मानों के लिए समान नहीं होना चाहिए

$f(x) = |x|$, के लिए

हम जानते हैं कि

$f(a) = f(-a)$, for $a \in z$

$\therefore$ फलन एकैकी नहीं है।

फलन $f : x \rightarrow y$ आच्छादक कहलाता है यदि $f$ के अन्तर्गत $y$ का प्रत्येक अवयव $x$ के किसी न किसी अवयव का प्रतिबिम्ब होता है, अर्थात् प्रत्येक $y \in Y$ के लिए, $x$ में एक ऐसे अवयव $x$ का आस्तित्व है कि $f(x) = y$, $\int(x) = |x|$, के सह डोमेन में प्रत्येक अवयव की डोमेन $x$ में प्रतिबिम्ब है।




$\therefore f(x)$ आच्छादक है।

**61.** पूर्णांकों के समुच्चय Z पर, सम्बन्ध S, $x\text{S}y$ के रूप में परिभाषित है, यदि पूर्णांक $x$, पूर्णांक $y$ को विभाजित करता है। तब

(A) S एक तुल्य सम्बन्ध है।

(B) S केवल स्वतुल्य और सममित है।

(C) S केवल स्वतुल्य और संक्रामक है।

(D) S केवल सममित और संक्रामक है।

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**61.** (C) यदि पूर्णांक $x$, पूर्णांक $y$ को विभाजित करता है, परिणाम भी एक पूर्णांक होगा जो समुच्चय Z से संबन्धित है

माना $x \in Z$

अब, $x$, $x$ को विभाजित करता है

$\therefore \quad x\,\text{S}\,x$

$\therefore$ S स्वतुल्य सम्बन्ध है

माना, $x, y \in z$ तथा $x, y$ को विभाजित करता है।

तब, $\dfrac{y}{x} \in Z$

किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि $y$, $x$ को विभाजित करे

$\therefore$ S सममित सम्बन्ध नहीं है।

माना $x, y, z \in Z$ इस प्रकार हैं $x\text{S}y$ तथा $y\text{S}z$

अर्थात् $x$, $y$ को विभाजित करता है तथा $y$, $z$ को विभाजित करता है।

$\Rightarrow x$, $z$ को विभाजित करता है।

अर्थात् $x\,\text{S}\,z$

$\therefore$ S संक्रामक सम्बन्ध है।

अतः दिया गया सम्बन्ध स्वतुल्य तथा संक्रामक सम्बन्ध दोनों है।

**62.** फलन $f : N \rightarrow N$ को, जहाँ N धन पूर्णांकों का समुच्चय है, $f(x) = 2x + 3$ से परिभाषित किया गया है, तो वह

(A) एकैकी और आच्छादी है।

(B) एकैकी है, किन्तु आच्छादी नहीं है

(C) एकैकी नहीं, किन्तु आच्छादी है

(D) न तो एकैकी है और न ही आच्छादी है

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**62.** (B) दिया है : $f(x) = 2x + 3$

अब, सभी $x$ के लिए

$f'(x) = 2 > 0$

इसलिए $f(x)$ हमेशा वर्धमान फलन है इसलिए फलन एकैकी है।

माना $f(x) = y \Rightarrow y = 2x + 3$

$$x = \frac{y-3}{2}$$

माना $\quad y = 4$ तब $x = \frac{1}{2}$

$\therefore \quad y \in N$ किन्तु $x \notin N$

इसलिए $f(x)$ आच्छादी फलन नहीं है।

$\therefore f(x)$ एकैकी है, किन्तु आच्छादी नहीं है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 63 से 65 तक)**

फलन $f(x) = \frac{x-1}{x+1}$ पर विचार कीजिए।

**[NDA & NA 2014 Paper-II]**

**63.** $\frac{f(x)+1}{f(x)-1} + x$ किसके बराबर है?

(A) 0 (B) 1

(C) $2x$ (D) $4x$

**63.** (A) दिया है

$$f(x) = \frac{x-1}{x+1}$$

$$\therefore \frac{f(x)+1}{f(x)-1} + x = \frac{\frac{x-1}{x+1}+1}{\frac{x-1}{x+1}-1} + x$$

$$= \frac{\frac{x-1+x+1}{x+1}}{\frac{x-1-(x+1)}{x+1}} + x$$

$$= \frac{2x}{-2} + x$$

$$= -x + x = 0$$

**64.** $f(2x)$ किसके बराबर है?

(A) $\frac{f(x)+1}{f(x)+3}$ (B) $\frac{f(x)+1}{3f(x)+1}$

(C) $\frac{3f(x)+1}{f(x)+3}$ (D) $\frac{f(x)+3}{3f(x)+1}$

**64.** (C) दिया है

$$f(x) = \frac{x-1}{x+1}$$

$\Rightarrow \quad (x-1) = (x+1) f(x)$

$\Rightarrow \quad (x-1) = xf(x) + f(x)$

$\Rightarrow x - x f(x) = 1 + f(x)$

$\Rightarrow x[1 - f(x)] = 1 + f(x)$

$$\Rightarrow \quad x = \frac{1+f(x)}{1-f(x)} \quad ...(i)$$

$f(x)$ में $x$ के स्थान पर $2x$ रखने पर

$$f(2x) = \frac{2x-1}{2x+1}$$

$$= \frac{2\left(\frac{1+f(x)}{1-f(x)}\right)-1}{2\left(\frac{1+f(x)}{1-f(x)}\right)+1}$$

[समी (i) से]

$$= \frac{\frac{2+2f(x)-(1-f(x))}{1-f(x)}}{\frac{2+2f(x)+1-f(x)}{1-f(x)}}$$

$$= \frac{2+2f(x)-1+f(x)}{2+2f(x)+1-f(x)}$$

$$= \frac{3f(x)+1}{f(x)+3}$$

**65.** $f(f(x))$ किसके बराबर है?

(A) $x$

(B) $-x$

(C) $-\frac{1}{x}$

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** (C) $\quad f(x) = \frac{x-1}{x+1}$

$$\therefore \quad f(f(x)) = \frac{f(x)-1}{f(x)+1}$$

$$= \frac{\frac{x-1}{x+1}-1}{\frac{x-1}{x+1}+1}$$

$$= \frac{\frac{x-1-(x+1)}{x+1}}{\frac{x-1+2+1}{x+1}}$$

$$= \frac{x-1-x-1}{x-1+x+1}$$

$$= \frac{-2}{2x} = \frac{-1}{x}$$

**निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 71 तक के लिए)**

$75 \times 10^6$, 45% की जनसंख्या वाले किसी राज्य में, 45% लोग हिन्दी जानते हैं, 22% लोग अँग्रेजी जानते हैं, 18% लोग संस्कृत जानते हैं, 12% लोग हिन्दी और अँग्रेजी जानते हैं, 8% लोग अँग्रेजी और संस्कृत जानते हैं, 10% लोग हिन्दी और संस्कृत जानते हैं तथा 5% लोग तीनों भाषाओं को जानते हैं।




$a \rightarrow$ केवल अंग्रेजी जानने वाले लोग

$g \rightarrow$ केवल संस्कृत जानने वाले लोग

$e \rightarrow$ केवल हिन्दी जानने वाले लोग

$\because$ 5% लोग तीन भाषाओं को जानते हैं

$\therefore \quad c = 5\%$

$\therefore$ 12% लोग हिन्दी तथा अंग्रेजी जानते हैं

$\therefore \quad b + c = 12\%$

$\Rightarrow \quad b + 5\% = 12\%$

$\Rightarrow \quad b = (12 - 5)\%$

$\Rightarrow \quad b = 7\%$

$\because$ 8% लोग अंग्रेजी तथा संस्कृत जानते हैं।

$\therefore \quad d + c = 8\%$

$\Rightarrow \quad d + 5\% = 8\%$

$\Rightarrow \quad d = 8\% - 5\%$

$\Rightarrow \quad d = 3\%$

$\because$ 10% लोग हिन्दी तथा संस्कृत जानते हैं।

$\therefore \quad c + f = 10\%$

$\Rightarrow \quad f + 5\% = 10\%$

$\Rightarrow \quad f = 10\% - 5\%$

$\Rightarrow \quad f = 5\%$

अब, 22% लोग अंग्रेजी जानते हैं।

$\therefore \quad a + b + c + d = 22\%$

$\Rightarrow a + 7\% + 5\% + 3\% = 22\%$

$\Rightarrow \quad a = 22\% - 15\%$

$\Rightarrow \quad a = 7\%$

18% लोग संस्कृत जानते हैं।

$\therefore \quad d + c + f + g = 18\%$

$\Rightarrow 3\% + 5\% + 5\% + g = 18\%$

$\Rightarrow \quad g = 18\% - 13\%$

$\Rightarrow \quad g = 5\%$

45% लोग हिन्दी जानते हैं।

$\therefore \quad b + c + f + e = 45\%$

$\Rightarrow 7\% + 5\% + 5\% + e = 45\%$

$\Rightarrow e \quad = 45\% - 17\%$

$\Rightarrow \quad e = 28\%$

$\therefore$ लोगों की संख्या जो कम से कम एक भाषा जानते हैं।

$= a + b + c + d + e + f + g$

$= 7\% + 7\% + 5\% + 3\% + 28\% + 5\% + 5\% = 60\%$

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**66.** उपर्युक्त तीनों भाषाओं में से एक भी भाषा न जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $3 \times 10^6$ (B) $4 \times 10^6$
(C) $3 \times 10^7$ (D) $4 \times 10^7$

**66.** (C) लोगों की प्रतिशतता जो कोई भी भाषा नहीं जानते

$= (100 - 60)\% = 40\%$

∴ अभीष्ट लोगों की संख्या

$= 40\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{40}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 300 \times 10^5$

$= 3 \times 10^7$

**67.** केवल हिन्दी जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $21 \times 10^6$ (B) $25 \times 10^6$
(C) $28 \times 10^6$ (D) $3 \times 10^7$

**67.** (A) लोगों की प्रतिशतता जो केवल हिन्दी जानते हैं

$e = 28\%$

∴ लोगों की संख्या

$= 28\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{28}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 2100 \times 10^4$

$= 21 \times 10^6$

**68.** केवल संस्कृत जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $5 \times 10^6$
(B) $45 \times 10^5$
(C) $4 \times 10^6$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** (D) लोगों की संख्या जो केवल संस्कृत जानते हैं $= 5\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{5}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 375 \times 10^4$

**69.** केवल अंग्रेजी जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $5 \times 10^6$
(B) $45 \times 10^5$
(C) $4 \times 10^6$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** (D) लोगों की संख्या जो केवल अंग्रेजी जानते हैं $= 7\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{7}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 525 \times 10^4$

**70.** केवल एक भाषा जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $3 \times 10^6$ (B) $4 \times 10^6$
(C) $3 \times 10^7$ (D) $4 \times 10^7$

**70.** (C) लोगों की संख्या जो केवल एक भाषा जानते हैं

$= (a + e + g)\% \times 75 \times 10^6$

$= (7+28+5)\% \times 75 \times 10^6$

$= 40\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{40}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 300 \times 10^5$

$= 3 \times 10^7$

**71.** केवल दो भाषाओं को जानने वाले लोगों की संख्या क्या है?

(A) $11.25 \times 10^5$ (B) $11.25 \times 10^6$
(C) $12 \times 10^5$ (D) $12.5 \times 10^5$

**71.** (B) लोगों की संख्या जो केवल 2 भाषाएँ जानते हैं

$= (b + d + f) \times 75 \times 10^6$

$= (7 + 3 + 5)\% \times 75 \times 10^6$

$= \frac{15}{100} \times 75 \times 10^6$

$= 1125 \times 10^4$

$= 11.25 \times 10^6$

**72.** यदि $A = \{x, y\}$, $B = \{2, 3\}$, $C = \{3, 4\}$, तो $A \times (B \cup C)$ में अवयवों की संख्या क्या है?

(A) 2 (B) 4
(C) 6 (D) 8

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**72.** (C) दिया है

$A = \{x, y\}$

$B = \{2, 3\}$

$C = \{3, 4\}$

$\therefore B \cup C = \{2, 3\} \cup \{3, 4\}$

$= \{2, 3, 4\}$

$A \times (B \cup C)$ में अवयवों की संख्या

= A में अवयवों की संख्या × $(B \cup C)$ में अवयवों की संख्या

$= 2 \times 3$

$= 6$

**73.** मान लीजिए कि N धनपूर्णांकों का समुच्चय है तथा कोई फलन $f : N \to N$, $f(x) = x + 1$, $x \in N$ के लिए, द्वारा दिया गया है। निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) $f$ एकैकी और आच्छादक है
(B) $f$ एकैकी है किन्तु आच्छादक नहीं
(C) $f$ केवल आच्छादक है
(D) $f$ न तो एकैकी और न ही आच्छादक है

**[NDA & NA 2013 Paper-I]**

**73.** (B) एक फलन $f(x)$ एकैकी फलन कहलाता है यदि

$f(a) = f(b)$ तब $a = b$

अब $f(a) = a + 1$

$f(b) = b + 1$

यदि $f(a) = f(b)$

तब, $a + 1 = b + 1$

$\Rightarrow a = b$

∴ $f(x)$ एकैकी है

$f(x)$ के आच्छादी होने के लिए, $x$ में सभी अवयव आने चाहिए क्योंकि $x \in N$

$\Rightarrow x = \{1, 2, 3, 4, ...\}$

$f(x) \in N$

$\Rightarrow f(x) = \{2, 3, 4, 5, ...\}$




किन्तु $f(x)$ में 1 का $x$ में कोई भी प्रतिबिम्ब नहीं है।

इसलिए $f(x)$ एक आच्छादी फलन नहीं है।

**74.** यदि B का एक उपसमुच्चय A है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही है?

(A) $A^c \subseteq B^c$
(B) $B^c \subseteq A^c$
(C) $A^c = B^c$
(D) $A \subseteq A \cap B$

**[NDA & NA 2013 Paper-II]**

**74.** (B) ∵ A, B का उपसमुच्चय है।

इसलिए A $\frac{8}{10}$ B



$A \subseteq B$ (i)




$A^C$ (ii)




$B^C$ (iii)

अब, दूसरे वेन आरेख में, हम देख सकते हैं रेखाओं से घिरा हुआ भाग $A^c$ है तथा तीसरे वेन आरेख में हम देख सकते हैं रेखाओं से घिरा हुआ भाग है $B^c$ है स्पष्टतः यह देखा जा सकता है कि $B^c$ $A^c$ का उपसमुच्चय है।

$\therefore \quad B^c \subseteq A^c$

$\therefore$ विकल्प (B) सही है।

**75.** मान लीजिये कि $A = \{x : x$ किसी धन पूर्णांक का वर्ग है तथा $x$ 100 से छोटा है$\}$ और B सम धन पूर्णांकों का समुच्चय है। $A \cap B$ की गणनसंख्या क्या है?

(A) 4

(B) 5

(C) 9

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**75.** (A) दिया है

$A = \{x : x$ एक प्राकृत संख्या का वर्ग है तथा $x$ , 100 से कम है$\}$

$\therefore A = \{1, 4, 9, 16, 25, 36, 49, 64, 81\}$

B = सम प्राकृत संख्याओं का समुच्चय

$= \{2, 4, 6, 8, 10, ......\}$

$\therefore A \cap B = \{4, 16, 36, 64\}$

$\therefore A \cap B$ की गणन संख्या = 4

[$\because$ गणनसंख्या का अर्थ समुच्चय में अवयवों की संख्या से है]

**76.** यदि $A = \{0, 1\}$ तथा $B = \{1, 0\}$, तो $A \times B$ किसके बराबर है?

(A) $\{(0, 1), (1, 0)\}$

(B) $\{(0, 0), (1, 1)\}$

(C) $\{(0, 1), (1, 0), (1, 1)\}$

(D) $A \times A$

**[NDA & NA 2012 Paper-I]**

**76.** (D) $A = \{0, 1\}, B = \{1, 0\}$

$\therefore \; A \times B = \{0, 1\} \times \{1, 0\}$

$A \times B = \{(0, 1)\}, (0, 0), (1, 1), (1, 0)\}$ ...(i)

तथा $A \times A = \{0, 1\} \times \{0, 1\}$

$A \times A = \{(0, 0), (0, 1), (1, 0), (1, 1)\}$ ...(ii)

समी. (i) तथा (ii) से

$A \times B = A \times A$

**77.** मान लीजिये $A = \{x \in R \mid x \geq 0\}$. एक फलन $f : A \to A$, $f(x) = x^2$ द्वारा परिभाषित किया गया है। निम्नलिखित में कौन-सा एक सही है ?

(A) इस फलन का प्रतिलोम नहीं है

(B) $f$ स्वयं का प्रतिलोम है

(C) इस फलन का प्रतिलोम है किन्तु $f$ स्वयं का प्रतिलोम नहीं है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[NDA & NA 2012 Paper-II]**

**77.** (C) माना $\quad f(x) = x^2$

तथा $\quad y = f(x)$

तब $\quad y = x^2$

प्रतिलोम फलन ज्ञात करने के लिए, $x$ तथा $y$ का स्थान बदलिए

$x = y^2$

$\Rightarrow \quad y^2 = x$

$\Rightarrow \quad y = \sqrt{x}$

$\Rightarrow \quad f^{-1}(x) = \sqrt{x}$

स्पष्टतः $f^{-1}(x)$ ; $f$ की परिभाषा की डोमेन के अस्तित्व में है।

तथा $f(x)$ स्वयं का प्रतिलोम नहीं है।

इसलिए इस फलन का प्रतिलोम है, किन्तु $f$ स्वयं का प्रतिलोम नहीं है।

❑❑